www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 03 जून 2026 कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 114 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

24 गांवों की प्यास नहीं बुझा पाई 62 करोड़ की नल-जल परियोजना, जिम्मेदार कौन?

■ धीरी नल-जल योजना पर घिरा पीएचई विभाग

रमेश निवल बालू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई धीरी नल-जल समूह योजना इन दिनों अपने उद्देश्य पर खरा उतरने के बजाय सवालों के घेरे में है। जिन 24 गांवों के हजारों ग्रामीणों को इस योजना से नियमित और पर्याप्त पेयजल मिलने की उम्मीद थी, वे आज पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि क्षेत्र में जल संकट को लेकर लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार योजना के लिए प्रमुख जल स्रोत मानी जाने वाली शिवनाथ नदी में अब महज एक सप्ताह का पानी शेष बचा है। इसके बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की ओर से किसी ठोस वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी सामने नहीं आई है। विभागीय अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धीरी नल-जल योजना शुरू से ही विवादों में

धीरी नल-जल समूह योजना शुरू से ही विवादों और तकनीकी सवालों के बीच घिरी रही है। जानकारी के मुताबिक, नाबार्ड के सहयोग से शुरू हुई इस परियोजना की प्रारंभिक लागत करीब 28 करोड़ रुपये तय की गई थी। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान इसकी लागत बढ़ते-बढ़ते लगभग 62 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसके बावजूद योजना ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ देने में नाकाम साबित हो रही है।

निर्माण में तकनीकी खामियां

स्थानीय लोगों और जानकारों का आरोप है कि परियोजना के निर्माण में तकनीकी खामियां रहीं। उनका कहना है कि धीरी क्षेत्र के बजाय ईराघाट में इंटेक वेल बनाए जाने से जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई, जिसका असर आज पूरे क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जब गांवों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, तो योजना की उपयोगिता और गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और पीएचई विभाग से तत्काल हस्तक्षेप, जल संकट के स्थायी समाधान तथा योजना की तकनीकी और वित्तीय जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

धीरी नल जल समूह योजना अंतर्गत गांव में पर्याप्त मात्रा में पानी तो नहीं लेकिन गांव में अलग से और बोर है, जिसमें पंप लगाकर पानी की आपूर्ति ग्रामीणों को किया जा रहा है।
– **चुनेश्वर साहू,** सरपंच, ग्राम पंचायत कोपेड़ीह

पर्याप्त मात्रा भी दोनों टाइम पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण पानी को लेकर परेशान हैं। मैं तो अपने घर के बोर के पानी का इस्तेमाल कर रहा हूं।
– **तामेश्वर रात्रे,** पूर्व सरपंच इंदावानी

मेरे कार्यकाल के समय भी इस मामले को लेकर मैंने कई बार पत्र लिखा था, लेकिन आज तक इसका निवारण नहीं हो पाया। पानी टंकी में चढ़ ही नहीं पता तो पानी सप्लाई कैसे होगा।
– **योगेश्वर निर्मलकर,** पूर्व सरपंच, बैगा टोला

मैं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हूं। अभी मैं इस बारे में आपको कुछ नहीं बता सकती। बाद में फोन कीजियेगा।
– **पलक कोठारी,** कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

आज बेबाक

ममता बानो के मन में जनता के लिए कभी कोई ममता नहीं थी। वे तो निर्ममता का प्रतीक थी। नतीजतन जनता ने लतिया कर सत्ता से बाहर कर दिया तो वे नेतृत्व क्षमता भी खो बैठी। उनकी पाली हुई बिल्लियां ही उनसे म्याऊं करने लगी हैं। अधिकांश सांसद और अस्सी में से साठ विधायक पाला बदलने के लिए पर तोल रहे हैं। वो तो भाजपा ने नो एंट्री का बोर्ड लगा रखा है वरना अब तक तृणमूल कांग्रेस जड़ मूल से खत्म हो गई होती। ममता बानो का.. का.. छी.. छी.. हंबा.. हंबा... बुंबा.. बुंबा... तुंबा.. तुंबा... करती रह जाती।

अहमदाबाद में बम धमाके की धमकी

अहमदाबाद/ए.। अहमदाबाद के एसपी स्टेडियम के पास स्पोर्ट्स क्लब में ब्लास्ट करने की धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में दाऊद और लश्कर-ए-तैयबा के जिक्र के बाद लिखा है कि क्लब में 21 जून को ब्लास्ट होगा। स्पोर्ट्स क्लब के जिस कमरे में लेटर मिला है, उसमें तंजानिया के तीन व्यापारी ठहरे हुए थे। कमरा खाली होने के बाद सफाईकर्मी जब सफाई कर रहे थे, तब अलमारी से चिट्ठी मिली। तीनों अभी भारत में ही हैं। जानकारी मिलने के बाद बॉम्ब स्क्वॉड, एसओजी (स्ह्लत), डॉग स्क्वॉड सहित कई टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। लेकिन दो घंटे तक जांच करने के बाद भी कुछ भी नहीं मिला।

मोबाइल की बैटरी ब्लास्ट, मासूम की मौत

सरगुजा/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले में खेलते समय खराब मोबाइल की बैटरी ब्लास्ट हो गई। हादसे में एक साल का मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे का चेहरा, सीना, पेट और हाथ बुरी तरह झुलस गए थे। डॉक्टर्स ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बचा नहीं सके। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र का है। ब्रह्मपुर गांव के रहने वाले महेंद्र सिंह नेताम का बेटा आदित्य सिंह 31 मई को मां और भाई-बहन के साथ घर पर था। महेंद्र सिंह सुबह से ट्रैक्टर लेकर काम करने निकल गया था।

गरमा-गरम

स्कूलों से गायब शिक्षक वर्षों से नवकिरण अकादमी और ग्रंथालय में जमे, अब मूल स्थान में लौटेंगे

अटैचमेंट खत्म का सरकारी दावा बेनकाब, अब भेजी जा रही सूची

खबर का असर

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग शिक्षकों के संलग्नीकरण (अटैचमेंट) को समाप्त करने के दावे करते रहे हैं, लेकिन सामने आए दस्तावेजों ने इन दावों की सच्चाई उजागर कर दी है। विधानसभा सचिवालय के प्रश्नकाल से जुड़े एक मामले में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्होंने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

खुलासा हुआ है कि संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेशों के बावजूद कई शिक्षक आज भी अपने मूल विद्यालयों में नहीं लौटे हैं और वर्षों से नवकिरण अकादमी, जिला ग्रंथालय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सवाल जो शिक्षा विभाग से जवाब मांग रहे हैं

- जब अटैचमेंट समाप्त हो चुका है तो शिक्षक स्कूलों से बाहर क्यों हैं?
- नवकिरण अकादमी और ग्रंथालय में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी पहले क्यों छिपाई गई?
- विधानसभा को भेजी गई सूची में इन नामों का उल्लेख क्यों नहीं था?
- ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी के बावजूद उन्हें वापस क्यों नहीं भेजा गया?
- क्या राजनीतिक संरक्षण के कारण नियमों को दरकिनार किया गया?
- क्या अब इन सभी शिक्षकों को मूल विद्यालयों में लौटाया जाएगा?



■ विधानसभा में पूछे गए सवाल ने खोली शिक्षा विभाग के गड़बड़ी की पोल

■ पहले छिपाई जानकारी अब भेजने की तैयारी

■ राजनीतिक पहुंच वाले शिक्षक कार्यालयों और संस्थाओं में कर रहे ड्यूटी

अब शासन की कार्रवाई पर नजर

विधानसभा तक मामला पहुंचने के बाद अब निगाहें शासन और लोक शिक्षण संचालनालय पर टिक गई हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या विभाग इन तैनातियों को वैध मानकर बचाव करेगा या फिर वर्षों से स्कूलों से बाहर जमे शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में वापस भेजने की कार्रवाई करेगा। फिलहाल महासमुंद से सामने आया यह दस्तावेज शिक्षा विभाग के उन दावों की परतें खोल रहा है, जिनमें अटैचमेंट व्यवस्था खत्म होने की बात कही जाती रही है। यह मामला न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश में चल रही संलग्नीकरण व्यवस्था पर नई बहस छेड़ने वाला साबित हो सकता है।

नव प्रदेश की खबर के बाद जागा विभाग

मामला तब तूल पकड़ गया जब इस संबंध में नव प्रदेश में समाचार प्रकाशित हुआ और जिला शिक्षा अधिकारी से सवाल पूछे गए। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय में पदस्थ शिक्षकों की सूची तैयार कर लोक शिक्षण संचालनालय को भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। जानकारी के अनुसार लंबे समय से नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय में कार्यरत छह शिक्षकों के नाम सामने आए हैं। इनमें डी. बसंत कुमार साव, शिक्षक मूलतः तुमाडबरी स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए थे, लेकिन बाद में नवकिरण अकादमी पहुंच गए। यश कुमार चक्रधारी, सहायक शिक्षक शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दलदली से जिला ग्रंथालय में पदस्थ। विवेक कुमार चंद्राकर, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला घोड़ारी से संबद्ध। परस कमार, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सिघौरी से संबद्ध। भागवत प्रसाद पटेल, शिक्षक (ग्रंथपाल) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी से संबद्ध। रितेश नायक, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सुखीपाली, पिथौरा से संबद्ध। इन सभी शिक्षकों के संबंध में चर्चा है कि वे वर्षों से राजनीतिक संरक्षण और प्रभाव के कारण नवकिरण अकादमी एवं ग्रंथालय में जमे हुए हैं। यही वजह रही कि जब-जब शासन स्तर पर अटैचमेंट की जानकारी मांगी गई, तब-तब इनकी तैनाती को आधिकारिक आंकड़ों से बाहर रखा गया।

कलेक्टर अनुमोदन का हवाला, मगर आदेशों का क्या?

दस्तावेज में उल्लेख किया गया है कि इन शिक्षकों की तैनाती कलेक्टर जिला महासमुंद द्वारा अनुमोदित है। यहीं से सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि राज्य सरकार और लोक शिक्षण संचालनालय बार-बार संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेश जारी कर चुके हैं, तो फिर कलेक्टर स्तर पर अनुमोदन देकर शिक्षकों को विद्यालयों से बाहर कैसे रखा जा रहा है? क्या जिला स्तर के अनुमोदन विभागीय आदेशों से ऊपर हैं? यदि नहीं तो फिर लंबे समय से यह व्यवस्था कैसे चलती रही?

नेतन्याहू को फोन कर ट्रंप ने लगाई फटकार कहा- पागल हो गए हो क्या

■ लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज, कहा- तुरंत ये सब रोको

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा- तुम पागल हो गए हो क्या? आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है। हर कोई इजराइल से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टीएमसी को तोड़ सकते हैं निकाले गए विधायक, दावा-50 मेंबर साथ

■ 80 में से 50 से विधायक आए, कहा- हम असली तृणमूल कांग्रेस

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं।

रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा, विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा, हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54

पीएम सूर्यघर योजना, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित 'मंथ ऑफ सोलर' अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना राज्य के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यम उपभोक्ता आधार वाले राज्यों की श्रेणी में सर्वाधिक वेंडर रजिस्ट्रेशन के मामले में छत्तीसगढ़ ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए राज्य का चयन पीएम सूर्यघर एक्सीलेंस अवार्ड के लिए किया गया है।

■ 'मंथ ऑफ सोलर' अभियान में बेहतर प्रदर्शन के लिए मिलेगा पीएम सूर्यघर एक्सीलेंस अवार्ड

■ मध्यम उपभोक्ता आधार वाले राज्यों की श्रेणी में सर्वाधिक वेंडर रजिस्ट्रेशन में देश में दूसरा स्थान

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की सक्रियता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता का सकारात्मक परिणाम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए ऊर्जा विभाग, क्रेडा, विद्युत वितरण कंपनियों, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि टीमवर्क, प्रतिबद्धता और बेहतर समन्वय के कारण छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भर, पर्यावरण अनुकूल और हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले ऐसे प्रयास प्रदेश के नागरिकों को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ स्वच्छ एवं सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नदियों के प्रदूषण पर हाईकोर्ट सख्त कहा- कोर्ट कमिश्नर करेंगे जांच

खबर का असर

■ राज्य शासन का दावा- अफसरों ने मौके पर जाकर जांच की है, कोर्ट बोला- ऐसा तो लगता नहीं

शपथ पत्र में यह दावा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सचिव और फैक्ट्रियों की तरफ से शपथ पत्र दिया गया है, जिसमें पर्यावरण मंडल ने दावा किया कि अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की है। जांच में शिवनाथ और खारून नदी में ऑक्सीजन का स्तर सामान्य मिला है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने नदियों और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर सख्ती दिखाई है। डिवीजन बेंच ने शराब बनाने वाली फैक्ट्रियों की जांच कर 30 दिनों में रिपोर्ट देने कहा है।

सुनवाई के दौरान शासन ने दावा किया है कि अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की है, जिसमें शिवनाथ और खारून नदी में ऑक्सीजन का स्तर सामान्य मिला है। दरअसल, समाचार पत्रों की खबर पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सुनवाई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया, जांच कमेटी भी बनाई

■ विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा ओएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

ओएसएम प्रणाली में गड़बड़ी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत आज दोपहर एक बजे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्टूडेंट ने बताया- ओएसएम में 15 खामियां मिली

सार्थक सिद्धांत ने संसद की स्थायी समिति के सामने ओएसएम प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सार्थक सिद्धांत ने कहा, 'मेरे ब्लॉग के अनुसार कम से कम 15 खामियां हैं।' इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से कोएम्प्ट को टेंडर देने को लेकर बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया, 'सार्थक ने समिति के समक्ष अपनी बात रखी है। अब समिति उनके उठाए गए मुद्दों और सीबीएसई के जवाबों पर विचार करेगी।'

ई-बस सेवा : 40 ई-बसों से घटेगा प्रदूषण, आम जनता-छात्रों, मरीजों और पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

अगस्त से कम बजट पर 'ग्रीन सफर', रूट चार्ट फाइनल

■ प्रतीक्षा बस स्टैंड में 1.54 करोड़ से चार्जिंग सब-स्टेशन का काम अंतिम चरण में

कोरबा/नवप्रदेश। औद्योगिक नगरी कोरबा में वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने तथा पर्यावरण अनुकूल यातायात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 40 ई-बस सेवा आगामी अगस्त महीने से शुरू होने जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने इन अत्याधुनिक बसों के संचालन के लिए विस्तृत रूट चार्ट तैयार कर लिया है। यह ई-बस सेवा न केवल आम यात्रियों, बल्कि छात्रों, मरीजों और पर्यटकों के लिए भी एक बड़ी सौगात साबित होगी।

खबर का असर

खास बात यह है कि शहर में पिछले लंबे समय से बंद पड़ी पुरानी सिटी बसों के कारण नागरिकों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अगस्त से सड़कों पर दिखेगी ई-बसे

ई-बसों को आगामी अगस्त महीने से शुरू करने की पूरी तैयारी है। 40 बसों के लिए रूट चार्ट तैयार किया जा चुका है, जिसमें स्कूल, कॉलेज और अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को प्राथमिकता दी गई है। कालरी क्षेत्रों के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र सतरेंगा के लिए भी बसों के संचालन की विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है। – **आशुतोष पांडेय,** आयुक्त नगर निगम

कबाड़ हो चुकीं 48 पुरानी सिटी बसें अब होंगी नीलाम

कोरोना काल से पहले शहर में संचालित हो रही सभी 48 सिटी बसें अब कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं, जो वर्तमान में दर्री के प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी हैं। नई ई-बसों के आने के बाद जगह की कमी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने इन्हें नीलाम करने का फैसला किया है। बसों के मूल्यांकन की जिम्मेदारी परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग (ईएंडएम) और निगम प्रशासन को संयुक्त रूप से सौंपी गई है।

नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, हरी खाद और बीजीए अपनाए किसान

धरती की सेहत सुधारेगी नई तकनीक

■ 1 से 30 जून तक कृषि विभाग चलाएगा खेत बचाओ अभियान'

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम कृषि विभाग ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में हरी खाद के रूप में ढैंचा (सेसबेनिया)/मूंग के उपयोग की अपील की है। हरी खाद, ढैंचा/मूंग अपनाकर किसान प्रति हेक्टेयर दो से तीन बोरी यूरिया की बचत करने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। ढैंचा/मूंग एक दलहनी हरी खाद फसल है, जिसमें वायुमंडल से नाइट्रोजन ग्रहण कर उसे भूमि में स्थिर करने की अद्भुत क्षमता होती है। यही कारण है कि इसे प्राकृतिक नाइट्रोजन बैंक भी कहा जाता है। ढैंचा/मूंग के उपयोग से खेतों में जैविक कार्बन बढ़ता है, मिट्टी की संरचना सुधरती है और फसलों को आवश्यक पोषक तत्व स्वाभाविक रूप से उपलब्ध होते हैं। हरी खाद के रूप में ढैंचा/मूंग का उपयोग करने से प्रति हेक्टेयर लगभग 40 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन मिट्टी को प्राप्त होती है। इतनी मात्रा में नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए किसानों को सामान्यतः 90 से 130 किलोग्राम यूरिया का उपयोग करना पड़ता है।

इस प्रकार ढैंचा/मूंग सीधे तौर पर दो से तीन बोरी यूरिया की बचत कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पारंपरिक खाद के उपयोग से खाद का अधिकांश हिस्सा मिट्टी में ही पड़ा रह जाता है, जिससे जमीन कठोर एवं अम्लीय हो जाता है। इसके विपरीत नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग से तरल होने के कारण सीधे पौधे के पत्तियों पर छिड़काव किया जाता है। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग से जमीन पर दुष्प्रभाव नही होता है, यह सीधे पौधे के पत्तियों द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे मिट्टी में हानिकारक रसायनों का संचय नही होता है एवं भू-जल प्रदूषण से बचा जा सकता है। इस वर्ष जिले में नैनो यूरिया-10000 एवं नैनो डीएपी-30000 बॉटल का वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

इसी प्रकार धान की खेती के लिए नील हरित शैवाल (बीजीए) एक वरदान है, यह हवा से नाइट्रोजन लेकर उसे मिट्टी में स्थिर करता है। प्रति हेक्टेयर 25-30 कि.ग्रा. रासायनिक नाईट्रोजन की बचत करता है एवं मिट्टी में केचुए एवं अन्य लाभकारी सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ती है।

खेत बचाओ अभियान दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कृषि विभाग द्वारा रसायनिक उर्वरकों का कम उपयोग करते हुये नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जीवामृत, घनामृत, पंचगव्य, हरी खाद तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में रासायनिक उर्वरकों के उपयोगिता को कम करते हुये मिट्टी की उपजाऊ क्षमता एवं उत्पादन में वृद्धि किया जा सके।

कृषि विभाग की लगातार छापेमारी जारी अनियमितता पर तीन केंद्रों को नोटिस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार खरीफ 2026 अंतर्गत जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग लगातार छापेमारी की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में सोमवार को जिले के विभिन्न विकासखण्डो के कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा अनियमितता पर 3 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा जोगी कृषि केंद्र, कसडोल एवं महामाया कृषि केंद्र, असनिद का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विकासखंड भाटापारा के उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा न्यू साहू कृषि केंद्र, तरेंगा एवं विनय इंटरप्राइजेज भाटापारा का औचक निरिक्षण कर बीज नमूना संग्रहण कर परिक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। विकासखंड बलौदा बाजार के उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान के द्वारा यश कृषि केंद्र, खम्हरिया का निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया, उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं मूल्य सूचि का प्रदर्शन नहीं किया था, जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखण्ड बलौदाबाजार ग्राम धारसिव के अशोक कृषि केंद्र का औचक निरिक्षण किया गया निरिक्षण के दौरान कृषि केंद्र में बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं पाया गया, जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्राम लवनबंद के लाला साहू कृषि केंद्र का औचक निरिक्षण किया गया निरिक्षण के दौरान कृषि केंद्र में अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

1 जुलाई से लागू होगी 'वीबी-जी-रामजी योजना', ग्रामीण श्रमिकों को मिलेगी 125 दिनों के रोजगार की गारंटी

■ केन्द्र सरकार की नई पहल से ग्रामीण विकास और आजीविका संवर्धन को मिलेगी नई गति

बेमेतरा/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार ने ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन तथा स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ÷विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम÷ (वीबी-जी-रामजी योजना) को 01 जुलाई 2026 से लागू करने की घोषणा की है। यह योजना वर्तमान में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर लागू की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नई योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति 01 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगी। वहीं, मनरेगा के तहत स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को 15 जून 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है, ताकि नई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

125 दिनों के रोजगार की गारंटी

वीबी-जी-रामजी योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी प्रदान की जाएगी। यह वर्तमान व्यवस्था की तुलना में अधिक रोजगार उपलब्ध कराएगी, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।योजना का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में दीर्घकालिक और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण करना भी है। इसके अंतर्गत जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन, ग्रामीण सड़क एवं आधारभूत संरचना निर्माण, कृषि उत्पादकता वृद्धि तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन पर विशेष फोकस: नई योजना में बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य और प्राकृतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कई नए प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है। इनमें– बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी व्यवस्था, पशुपालन एवं डेयरी विकास, मत्स्य पालन और जल आधारित आजीविका गतिविधियां, जलवायु अनुकूल कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण कार्य, आपदा प्रबंधन एवं जोखिम न्यूनीकरण से जुड़े कार्य को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

शराब बेचने व पिलाने वाले 45 लोगों पर आबकारी एक्ट में की गई कार्यवाही

■ अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशीली पदार्थों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है।

इसी क्रम में विगत सात दिवस में जिले के विभिन्न थाना/चौकी में आबकारी एक्ट के मामले में 45 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिसमें अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने, आम जगह पर शराब सेवन करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 45 आरोपियों राम विजय यदु उम्र 30 वर्ष, निवासी झिरिया, थाना चंदनू, राकेश डेहरे उम्र 36 वर्ष, निवासी फरी थाना व जिला बेमेतरा, जगदीश गोयल उम्र 56 वर्ष निवासी मुरकुटा, थाना नवागढ, खेलावन गोड उम्र 58 वर्ष, निवासी कोदवा,थाना साजा, प्रेम सागर ध्रुव ध्रुव उम्र 52 वर्ष, निवासी केसतरा थाना साजा हाल तरपोंगी थाना नांदघाट, धनाजी जांगडे उम्र 48 वर्ष, निवासी मुरकुटा, थाना नवागढ,जगदीश गोयल उम्र 55 वर्ष, निवासी मुरकुटा, थाना नवागढ, राधेलाल डहरिया उम्र 45 वर्ष, निवासी मुरकुटा थाना नवागढ, रमेश निषाद उम्र 36 वर्ष, निवासी हाटरांका थाना खम्हरिया, ललित सिन्हा उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 09 खम्हरिया, थाना खम्हरिया, गोविन्द पिता ढलउ निषाद उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 15 खम्हरिया, रामलोचन साहू उम्र 34 वर्ष, निवासी खम्हरिया, लल्ला सिसोदिया उम्र 22 वर्ष, निवासी घटियाखुर्द, थाना बेरला, हेमचंद डहरिया उम्र 32 वर्ष, निवासी बांसा थाना बेरला, मोहित निषाद उम्र 34 वर्ष,निवासी बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा, प्रशांत कोशले उम्र 23 वर्ष, निवासी बाजार पार बेमेतरा, अरूण कोशले उम्र 32 वर्ष, निवासी बाजार पार बेमेतरा, राजेन्द्र गिर उम्र 59 वर्ष, निवासी अटल आवास बेमेतरा, आलोक वर्मा उम्र 22 वर्ष सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

उत्साहपूर्वक मनाया विधायक धनीराम धीवर का जन्मदिवस

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवं छाया विधायक धनीराम धीवर के जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्रभर में शुभकामनाओं का दौर चला। समर्थकों, सामाजिक संगठनों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर केक काटकर एवं मिठाइयाँ वितरित कर खुशियां मनाई गईं। समर्थकों ने धनीराम धीवर के जनसेवा, सामाजिक कार्यों तथा क्षेत्र के विकास के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे सदैव जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को गति मिली है, जिससे आमजन को लाभ प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मंडल अध्यक्ष लवन अनुपम बाजपेई लाहोद रामलाल कुर्रे जिला महामंत्री विजय यादव प्रशांत यादव गोविंदघृत लहरे अमित कुमार वर्मा नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू अनुराधा कर्स ने भी उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि धनीराम धीवर का मार्गदर्शन और आशीर्वाद क्षेत्र के युवाओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हुआ है तथा जनहित के कार्यों को नई दिशा मिली है।

मजदूरी करने वाली रानी यादव बनीं गांव की सफल महिला व्यवसायी

■ समूह से मिली आर्थिक सहायता और मेहनत ने दिलाई नई पहचान

■ व्यवसाय से बढ़ी आय, अब दूसरी महिलाओं को कर रही प्रेरित

कवर्धा/नवप्रदेश। महिलाएं यदि ठान लें तो अपनी मेहनत से जीवन की दिशा बदल सकती हैं। कभी परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी करने वाली रानी यादव आज अपने गांव में आत्मनिर्भर महिला के रूप में पहचान बना चुकी हैं। स्व-सहायता समूह से मिली मदद और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया, जिससे उनकी आय में कई गुना बढ़ोतरी हुई। अब वे दूसरी महिलाओं को भी रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर की रहने वाली श्रीमती रानी यादव जय मां शारदा स्व-सहायता समूह की सचिव हैं। समूह से जुड़ने से पहले रानी यादव का जीवन काफी कठिनाइयों भरा था। परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें मजदूरी और खेती पर निर्भर रहना पड़ता था। खेती और मजदूरी से सालाना आय लगभग 35 हजार रुपये ही थी, जिससे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान रानी यादव जय मां शारदा स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह की बैठकों और प्रशिक्षण के दौरान उन्हें स्वरोजगार और बचत के बारे में जानकारी मिली। समूह के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता भी प्राप्त हुई। रानी यादव को चक्रीय निधि से 5 हजार रुपये, सीआईएफ से 60 हजार रुपये और बैंक ऋण से 1 लाख रुपये की सहायता मिली।

मिली हुई राशि से रानी यादव ने मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने छोटे स्तर पर काम शुरू किया, लेकिन मेहनत और लगन से धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ने लगा। आज रानी यादव की आय पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। खेती से लगभग 30 हजार रुपये, मुर्गी पालन व्यवसाय से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये और मजदूरी से लगभग 20 हजार रुपये की आय हो रही है। इस तरह अब उनके परिवार की कुल वार्षिक आय लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये तक पहुंच गई है। रानी यादव बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वे आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे गांव की दूसरी महिलाओं को भी समूह से जुड़कर अपना रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

7.92 लाख की आरसीसी नाली निर्माण का महापौर रामू रोहरा ने किया भूमिपूजन

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विवेकानंद वार्ड स्थित संतलहरी नगर विवेकानंद कॉलोनी में 7.92 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम सभापति (स्पीकर) कौशिल्या देवांगन एवं लोक निर्माण विभाग सभापति विजय मोटवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को तेजी से पूर्ण कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। साथ ही निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि विवेकानंद वार्ड में लंबे समय से प्रभावी जल निकासी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। आरसीसी नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा नागरिकों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

लोक निर्माण विभाग सभापति विजय मोटवानी ने कहा कि निगम द्वारा सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। नई नाली के निर्माण से बरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा लोगों को होने वाली परेशानियों में कमी आएगी। उन्होंने नागरिकों से निर्माण कार्य में सहयोग करने और गुणवत्ता बनाए रखने में सहभागिता निभाने की अपील की।

वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों की ओर से महापौर, जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड में लगातार विकास कार्य स्वीकृत होने से नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

उन्होंने जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए नगर निगम परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पार्षद अनिता अग्रवाल, आशा लोधी, संतोष सोनकर, मेघराज ठाकुर, संजय देवांगन, गजेन्द्र कंवर, राजीव चंद्राकर, रोहिताश मिश्रा, डॉ. रमेश खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।

तालाब गहरीकरण: तालाबों को केनाल के माध्यम से जोड़ने का काम होगा शुरू

किसान संघ के मांग पर मिली स्वीकृति

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के किसान सभा के वर्षों पुरानी मांग पर अंडबंधा तालाब के गहरी करण के साथ विभिन्न तालाबों को केनाल के माध्यम से जोड़ने की स्वीकृति नगर पंचायत भटगांव को प्राप्त हुई है उल्लेखनीय है कि किसान संघ भटगांव द्वारा लगातार मांग की जाती थी कि मुख्य सिंचाई हेतु निर्मित प्रबंध तालाब का गहरीकरण करना व किसानों के व्यापक हित को देखते हुए और अंडबंधा से बड़ा तालाब, झलवा तालाब, दर्री, दांतारा, बुधुबन गस्तिहा , लामी को जोड़ने हेतु केनाल बनाया जाए जिससे किसानों को सही समय पर कृषि कार्य हेतु सिंचाई जल की आपूर्ति की जा सके इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने बताया कि किसान संघ के अथक प्रयास और मांग पर अंडबधा तालाब के गहरी करण हेतु शासन से प्रशासकीय एवं वृत्त स्वीकृती हो चुकी है एवं निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है साथ ही किसानों के कृषि कार्य पर सही समय पर सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा तालाबों से तालाबों को जोड़ने केनाल निर्माण हेतु अपने निधि से पर्याप्त राशि उपलब्ध करने की बात की है ।

भगवंतिन पटेल ने कोरकोटी नाला पूल निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

भटगांव/नवप्रदेश। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत कोरकोटी के ग्रामवासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज ग्रामीणों की वर्षों पुरानी और बहुत प्रशिक्षित मांग को पूरा करते हुए। कोरकोटी नाला पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह पुल ग्रामवासियों की खुशहाली और प्रगति का नया मार्ग साबित होगा। इसके निर्माण से ग्रामीणों का खेती किसानी के लिए आवागमन सुगम होगा। बरसात के दिनों में होने वाली भारी दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी, इस गरिमामय अवसर पर जिला पंचायत सभापति भागवन्तिन कुंजराम पटेल, सरपंच यशोदा संपत चौहान, पंचायत सचिव संतोषी हिरवानी, उमेंद्र राम वर्मा, शिवकुमार नायक, हेमंत पटेल, हरिशंकर पटेल, लोकनाथ पटेल ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से व्यापार ठप होने का खतरा

कैट ने कलेक्टर के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा सभी दुकानदारों व व्यापारियों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किए जाने के फैसले के खिलाफ कैट धमतरी इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने सोमवार को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर इस कानून को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

कैट के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि व्यापारी वर्ग पहले से ही जीएसटी की जटिलताओं, ऑनलाइन ट्रेडिंग और ई-कॉमर्स कंपनियों की प्रतिस्पर्धा के कारण भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। दुकानों का किराया, स्टाफ का वेतन और परिवार का खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। अब शासन के नए आदेश के तहत ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से छोटे व मझोले व्यापारियों की कमर टूट जाएगी। वही गौतम वाधवानी ने बताया की लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया, में नगर निगम में तीन श्रेणियों में रखा गया प्रत्येक दुकान की प्रति वर्ग फीट के हिसाब से 4,5,6 रुपए शुल्क लगाया जाना तय है वही नगर पालिका के अधीन दुकानों में 3,4,5 रुपए प्रति वर्ग फीट तय किया गया है नगर पंचायत में 2,3,4 रुपए प्रति वर्ग फीट शुल्क लिया जाएगा जिससे वायपारियो की आर्थिक रूप से कमजोर हो जाएँगे पहले से ही ऑनलाइन खरीदी बिक्री से व्यापारियों की कमर टूट चुकी है पुनः इस तरह का शुल्क लगाना डबल आर्थिक बोझ व्यापारियों पर पड़ रहा है जिससे निरीक्षण के डर से कई दुकानदार व्यापार बंद करने को मजबूर हो जाएंगे। इससे न सिर्फ व्यापारी परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा होगा बल्कि जिले में बेरोजगारी भी बढ़ेगी।

रामचंद वाधवानी ने कहा कि सरकार एक तरफ व्यापार को बढ़ावा देने की बात करती है, दूसरी तरफऐसे कानून लाकर हमें बर्बाद कर रही है। अगर यह नियम लागू हुआ तो छोटे दुकानदारों के बच्चों की पढ़ाई छूट जाएगी। ज्ञापन की कॉपी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ-साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी प्रेषित की गई है। इस अवसर पर कैट के कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र वाधवानी, उपाध्यक्ष सुरेश महावर, कल्याण मुलवानी , प्रमोद गुप्ता, रवि मुंजवानी, दिलीप बजाज,शंकर माखीजा,यश राजपूत, यश दुबे, अशोक नोतवानी भरत आहुजा शांति जासूजा रिकेश भोजवानी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

विकास, विश्वास और सुशासन का सेतु बना कोण्डापल्ली का बेली ब्रिज

■ मुख्यमंत्री साय ने किया निरीक्षण, कहा - दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

बीजापुर/नवप्रदेश। जहां कभी दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां विकास की राह में चुनौती बनती थीं, वहां आज आधुनिक अधोसंरचना नए अवसरों के द्वार खोल रही है। प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम कोण्डापल्ली पहुंचकर बीजापुर-पूवर्ती मार्ग पर निर्मित बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने पुल की निर्माण तकनीक, उपयोगिता और क्षेत्र के विकास में उसकी भूमिका की जानकारी लेते हुए इसे बदलते बस्तर की नई तस्वीर का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाएं केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि वे दूरस्थ क्षेत्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाले मजबूत माध्यम हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो।

बदलते बस्तर की नई पहचानः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में अधोसंरचना विकास के माध्यम से नई संभावनाओं का निर्माण हो रहा है। कोण्डापल्ली का यह बेली ब्रिज केवल एक पुल नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और सुशासन का सशक्त प्रतीक है। यह उस नए बस्तर की पहचान है, जहां विकास अब दूरस्थ गांवों और दुर्गम अंचलों तक मजबूती से पहुंच रहा है तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

कम समय, कम लागत और अधिक मजबूती की तकनीक

भारतीय सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित यह बेली ब्रिज बीजापुर-पूवर्ती सड़क परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बेली ब्रिज पारंपरिक पुलों की तुलना में अधिक किफायती, मजबूत और टिकाऊ होते हैं। इनका निर्माण सामान्य पुलों की अपेक्षा लगभग पांच गुना कम लागत में किया जा सकता है तथा इन्हें मात्र एक माह के भीतर तैयार किया जा सकता है। दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए यह तकनीक अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है।

बीजापुर में 21 बेली ब्रिज बने विकास के वाहक

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले में अब तक 21 बेली ब्रिजों का निर्माण किया जा चुका है। इन पुलों के निर्माण से दूरस्थ गांवों तक आवागमन सुगम हुआ है तथा लोगों को आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच में बड़ी राहत मिली है। इन संरचनाओं ने क्षेत्र में विकास और जनसेवाओं के विस्तार को नई गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के श्रमिक और युवा ही विकास यात्रा के वास्तविक निर्माणकर्ता हैं। उन्होंने श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके अनुभव भी साझा किए।

1502.86 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था को किया गया मजबूत

एक साल में बढ़े 1.61 लाख नए उपभोक्ता 17 हजार कृषि पंपों को मिला नया कनेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-26 के दौरान बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार और विस्तार दर्ज किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत 1502.86 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य कर बिजली व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इन प्रयासों का सीधा लाभ प्रदेश के लाखों घरेलू, कृषि और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को मिल रहा है, जिससे बिजली सेवाओं की पहुंच का दायरा बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बीते एक वर्ष में 17,184 कृषि पंपों का ऊर्जीकरण किया है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर और नियमित बिजली उपलब्ध हो रही है। इससे खेती की लागत कम होने के साथ उत्पादन बढ़ाने में भी सहायता मिल रही है। वहीं उपभोक्ता सेवाओं को तेज और सरल बनाते हुए 1.61 लाख से अधिक नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए, जिससे नए घरों, दुकानों और छोटे उद्योगों को समय पर बिजली उपलब्ध हो सकी। शहरी क्षेत्रों में भी बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सैकड़ों कार्य किए गए, जिनमें लाइन अपग्रेडेशन, ट्रांसफॉर्मर स्थापना और नेटवर्क सुधार शामिल हैं। इससे शहरों में वोल्टेज संबंधी समस्याओं तथा बार-बार होने वाले फॉल्ट में कमी आई है, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक भरोसेमंद बिजली आपूर्ति मिल रही है। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य में 33 केवी, 11 केवी एवं एलटी लाइनों का बड़े पैमाने पर विस्तार किया गया है तथा अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं, जिससे बिजली आपूर्ति की क्षमता और स्थिरता दोनों में सुधार हुआ है।

ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए 92 गांवों और 146 बस्तियों तक बिजली सुविधा का विस्तार किया गया। वहीं जनजातीय क्षेत्रों में 19,641 घरों तक बिजली पहुंचाई गई। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के 492 घरों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया, जो दुर्गम क्षेत्रों में कार्य निष्पादन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना के तहत 785.56 करोड़ रुपए की लागत से व्यापक तकनीकी कार्य किए गए, जिनमें फीडर पृथक्करण, ओवरलोड कम करना, नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना तथा हजारों किलोमीटर एलटी लाइन एवं केबल का उन्नयन और प्रतिस्थापन शामिल है। इन सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं को स्थिर वोल्टेज, कम ट्रिपिंग और कम बिजली कटौती के रूप में मिल रहा है, जिससे घरेलू एवं व्यावसायिक गतिविधियां अधिक सुचारू हुई हैं।

बिलासपुर मंडल में 15 जून को आयोजित होगी पेंशन अदालत

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार बिलासपुर मंडल में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह पेंशन अदालत 15 जून 2026 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित होगी। मंडल प्रशासन ने सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को सूचित किया है कि वे अपनी पेंशन अथवा सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन दो प्रतियों में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 9 जून 2026 (मंगलवार) तक या उससे पहले वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंशन अदालत) के कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन में पीएफ नंबर, सेवानिवृत्ति तिथि, पीपीओ नंबर तथा पूर्ण पता अंकित करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई 1200 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क

■ छठवां पूरक चालान पेश, आरोपियों की संख्या बढ़कर 85 हुई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1200 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त बाजार मूल्य वाली संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कथित शराब सिंडिकेट के प्रमुख अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, विकास अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल तथा तीन एफएल-10 (ए) लाइसेंसधारियों से जुड़ी बताई गई हैं।

ईडी ने सोमवार को विशेष न्यायालय में इस मामले का छठवां पूरक अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) प्रस्तुत किया। इसमें विजय भाटिया, टी. भुवनेश्वर राव, प्रोबीर शर्मा और निखिल चंद्राकर को नए आरोपी के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही मामले में आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

ईडी के अनुसार वर्ष 2019 से 2023 के बीच अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा के नेतृत्व में संचालित शराब सिंडिकेट ने आबकारी व्यवस्था में सुनियोजित तरीके से हस्तक्षेप कर शराब खरीदी दरों में कृत्रिम वृद्धि की। इसके अलावा बिना लेखा-जोखा वाली शराब के उत्पादन और

गोवा का प्रीमियम होटल वेस्टिन भी अटैच

ईडी ने गोवा के अंजुना स्थित प्रीमियम होटल 'वेस्टिन गोवा' को भी कुर्क किया है। यह होटल मेसर्स पेसिफिका होटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है, जिसके निदेशकों में राहुल अग्रवाल और विजय कुमार अग्रवाल शामिल हैं। एजेंसी का दावा है कि लगभग 110 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई यह संपत्ति शराब घोटाले से अर्जित धन से खरीदी गई थी।

एफएल-10 लाइसेंसधारियों के खाते शेयर और म्यूचुअल फंड भी अटैच

ईडी ने मेसर्स ओम सांई बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स नेक्सजन पॉवर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते, शेयर और म्यूचुअल फंड भी अटैच किए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार इन कंपनियों को अपने मुनाफे का 50 से 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडिकेट को देने के लिए बाध्य किया गया था, जिसकी कुल राशि करीब 51 करोड़ रुपये है।

ढेबर सिटी होम्स के प्लॉट और रायपुर की जमीनें भी कुर्क

ईडी ने अनवर ढेबर से जुड़ी बेनामी संपत्तियों पर भी कार्रवाई की है। इनमें रायपुर स्थित 'ढेबर सिटी होम्स' के कई प्लॉट तथा विभिन्न शेल कंपनियों के माध्यम से रखी गई पांच भूमि संपत्तियां शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि ये संपत्तियां शराब घोटाले से अर्जित धन के निवेश से खरीदी गई थीं। इस कार्रवाई के तहत लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ईडी का कहना है कि मामले की जांच जारी है और शराब घोटाले से जुड़े वित्तीय लेन-देन तथा संपत्तियों की पड़ताल की जा रही है।

वारंटियों के खिलाफ पश्चिम जोन पुलिस की कार्रवाई, 43 वारंट तामील

■ दो दिन के विशेष अभियान में 22 स्थायी और 21 गिरफ्तारी वारंटों पर हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पश्चिम जोन पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जोन) श्री संदीप कुमार पटेल के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत दो दिनों में कुल 43 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई।

पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन और संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर अभियान चलाया गया। इसके तहत थाना पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेंद्र नगर, टिकरापारा और मुजगहन थाना क्षेत्रों में वारंटियों की तलाश और गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 22 स्थायी वारंट तथा 21 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

पुलिस का उद्देश्य लंबित वारंटों का निष्पादन कर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहायता राशि से आसान हुई खेती

■ 'करूहानार के चुन्नूलाल साहू को बीज, खाद एवं कृषि कार्यों में मिल रही मदद'

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मुंगेली जिले के किसानों के लिए सहारा बन रही है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता किसानों को खेती-किसानी में बड़ी राहत प्रदान कर रही है। लोरमी विकासखंड के ग्राम करूहानार निवासी किसान चुन्नूलाल साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सराहना करते हुए कहा कि योजना के तहत प्रतिवर्ष मिलने वाली 06 हजार रुपये की सहायता राशि खेती-किसानी के कार्यों में काफी उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस राशि से बीज, खाद एवं कृषि कार्यों में जरूरी खर्च आसानी से पूरे हो जाते हैं, जिससे आर्थिक बोझ कम हुआ है। किसान श्री साहू ने बताया कि उन्हें अब तक योजना की 22 किश्तों का लाभ प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही यह योजना किसानों के लिए संबल बन गई है। समय पर मिलने वाली राशि से खेती की तैयारी में सुविधा होती है और कृषि कार्यों में आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूलों में होगी संविदा भर्ती

■ पहले चरण में 150 मॉडल स्कूलों का चयन, 100 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला (विवेकानंद मॉडल स्कूल) योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों के निर्धारण, पाठ्यक्रम निर्माण और संचालन संबंधी कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। योजना के तहत रिक्त पदों पर संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। सरकार ने इस योजना की घोषणा बजट सत्र में की थी और इसे आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू करने की तैयारी चल रही है। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड तथा संभागीय मुख्यालय में एक ऐसे स्कूल को उत्कृष्ट मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित होती हों। योजना के तहत चयनित स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक अधोसंरचना विकसित की जाएगी और प्रशिक्षित शिक्षकों एवं स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। राज्य सरकार ने इस नई योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है।

पहले चरण में 150 स्कूल होंगे विकसित

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में प्रदेशभर में 150 स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूलों का चयन किया जाएगा। इसके लिए जिलों से प्रस्तावित स्कूलों की सूची मंगाई जा चुकी है। गठित समिति पदों के निर्धारण के साथ-साथ विद्यालयों के संचालन, कार्यकारिणी गठन और रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने का कार्य भी करेगी।

जिले से 4 स्कूल प्रस्तावित

रायपुर जिले से स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल के लिए चार विद्यालयों का प्रस्ताव भेजा गया है

- धरसींवा विकासखंड - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी
- आरंग विकासखंड - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निसदा
- अभनपुर विकासखंड - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोंड
- तिल्दा विकासखंड - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरोरा

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

सुविचार

सत्य को जानना सभी चाहते हैं लेकिन सत्य को जीना कोई नहीं चाहता क्योंकि इसे जानना तो आसान है मगर जीना कठिन है।

जिमखाना क्लब क्या खाली हो पाएगा

केन्द्र सरकार ने राजधानी नई दिल्ली स्थित जिमखाना क्लब को 5 जून तक खाली करने का नोटिस दिया है। इस नोटिस के खिलाफ जिमखाना क्लब के मेंमबरों और वहां के कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी जिस पर हाईकोर्ट ने उन्हें तत्काल कोई राहत नहीं दी है फिर भी इस बात को लेकर संदेह किया जा रहा है कि सरकार जिमखाना क्लब को खाली कराने में कामियाब हो पाएगी। इसकी वजह यह है कि इस क्लब के मेंमबर बेहद ताकतवर लोग हैं। जिनकी ओर से इस क्लब को बनाए रखने के लिए अब सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया जा सकता है। गौरतलब है कि दिल्ली जिमखाना क्लब अंग्रेज शासनकाल में 1913 में बना था जहां अंग्रेजी हुक्मरान और उनके सैन्य अधिकारी मनोरंजन करने जाया करते थे। दूसरे शब्दों में कहें तो यह अंग्रजों की अय्याशी का अड्डा बना हुआ था। आजादी के बाद दिल्ली जिमखाना क्लब में देश के अभिजात्य वर्ग का कब्जा हो गया। इसकी मेमबरशिप पाना किसी के लिए आसान नहीं है। फिलहाल इसके लगभग पांच हजार मेंमबर हैं जो बड़े राजनेता, नौकरशाह और उद्योगपति हैं। इसकी मेंमबरशिप पाने के लिए 25 से 30 सालों तक इंतेजार करना पड़ता है। इसी से स्पष्ट है कि इस क्लब पर अभिजात्य वर्ग के कुछ लोगों का ही एकक्षत्र राज चल रहा है। जिमखाना क्लब प्रधानमंत्री निवास के पास ही है और वहीं पास में भारतीय सेना का भी कार्यालय है इसलिए सुरक्षा के लिहाज से ही इस जिमखाना क्लब को बंद करने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही थी। तात्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव ने भी जिमखाना को वहां से हटाने की कोशिश की थी लेकिन इस क्लब के प्रभावशाली मेंमबरों के दबाव के कारण वे इसे हटाने में सफल नहीं हो पाए थे। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस क्लब को वहां से हटाने का फैसला किया है तो वही प्रभावशाली लोग इसके विरोध में उतर आये हैं जिन्हें हाईकोर्ट से तो राहत नहीं मिली है लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट में जाएगा तो संभव है कि उन्हें राहत मिल जाये। या फिर वहां भी उन्हें मुंह की खानी पड़े। गौरतलब है कि लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में फैले इस जिमखाना क्लब की जमीन की वर्तमान कीमत लगभग दस हजार करोड़ रूपये है और यह क्लब रक्षा मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री निवास के पास अतिसंवेदनशील क्षेत्र में है इसीलिए सरकार ने सुरक्षा मामलों का हवाला देते हुए इस क्लब को वहां से खाली कराने का निर्णय लिया है। मजे की बात यह है कि जिमखाना क्लब जिसका सदस्यता शुल्क 7 लाख रूपये है उस पर सरकार का 3 करोड़ रूपये का टैक्स बकाया है जबकि इस क्लब का सिर्फ एक हजार रूपये महीना किराया देना पड़ता है। वैसे भी अंग्रेजी शासनकाल में इस क्लब को 99 वर्षों के लिए जमीन लीज पर दी गई थी और लीज की यह अवधि अगले साल खत्म होने जा रही है। लीज की अवधि खत्म होने के बाद सरकार के पास यह विकल्प रहेगा कि वह लीज को आगे न बढ़ाए और लीज खत्म कर दे। किन्तु मोदी सरकार एक साल का इंतेजार नहीं करना चाहती और वह इस लीज की कंडिका चार का हवाला देकर इसे खाली कराने के लिए नोटिस जारी कर चुकी है। लीज की कंडिका चार में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सरकार चाहे तो सुरक्षा कारणों से इस लीज को कभी भी खत्म कर सकती है। इसी के तहत सरकार ने अब यह बेसकीमती भूखंड भारतीय सेना को सौंपने का निर्णय लिया है। उम्मीद की जा रही है कि सरकार इसे खाली कराने में सफल हो जाएगी भले ही अभिजात्य वर्ग के प्रभावी लोग इसका कितनी भी विरोध करें। गौरतलब है कि देश की पहली महिला आईपीएस किरेन बेदी जो इस क्लब की मेंमबर है उन्होंने भी सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। वहीं कांग्रेस नेता राशिद अलवी ने तो इसे लेकर बेहद बचकाना तर्क दिया है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस क्लब के मेंमबर हैं इसलिए सरकार इसे खाली कराना चाहती है। ऐसे लोगों के विरोध के बावजूद सरकार अपने निर्णय पर अडिग है देखना होगा कि वह गुलामी की निशानी और अय्यासी के इस अड्डे को हटाने में सफल हो पाती है या नहीं।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

तुम्हें मुझे समझने में करोड़ों जन्म शायद लग सकते हैं, अगर चाहो तो अभी समझ सकते हो क्योंकि जब तुम जलोगे मेरी तरह दीपक बन करके तभी शायद समझ पाओगे और किसी भी शिष्य को वो जब उस स्तर पर पहुंचता है तभी उसको विरह होता है अपने गुरु के लिए। पहले होता नहीं, उस विरह को सहन नहीं कर पाता। जब वो समझता है, खुद जलता है; तब वो खुद लोगों को प्रकाशित करता उहिए की जिनके नेत्र नम नहीं होते गुरु के मुखारविंद से कुछ श्रवण करते समय, उनके हृदय में गुरु की बातें थमती नहीं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1918 - गांधी जी की अध्यक्षता इन्दौर में 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' आयोजित हुआ और उसी में पारित एक प्रस्ताव के द्वारा हिन्दी राजभाषा मानी गयी। 1947: भारत के अंतिम वायसरॉय लॉर्ड माउंटबेटन ने रेडियो के माध्यम से भारत के विभाजन का ऐतिहासिक ऐलान किया था। इसे 'माउंटबेटन योजना' या 'तीन जून योजना' कहा जाता है। 1984: भारत सरकार और भारतीय सेना ने पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' शुरू किया था। 1965: नासा के अंतरिक्ष यात्री एडवर्ड व्हाइट ने 'जेमिनी 4' अंतरिक्ष मिशन के दौरान पहली बार स्पेसवॉक (अंतरिक्ष में चहलकदमी) किया था। 1994 - भारत सहायता क्लब का नया नाम 'भारत सहायता मंच' किया गया। 2004 - केन फ़ोर्ड नासा के अंतरिक्ष खोज पैनल के नेतृत्वकर्ता बने। 2005 - फ़्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दुहराया।

भारत और ओमान द्वारा एक नए आर्थिक गलियारे को गति

राजेश अग्रवाल

भारत और ओमान के बीच वाणिज्यिक रिश्ते सदियों से चलते आ रहे हैं। दोनों देशों काएक साझा इतिहास प्राचीन नावों के पाल पर सवार होकर आगे बढ़ता रहा है और पीढ़ियों से चले आ रहे सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए कायम रहा है। भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) इस सभ्यतागत बंधन को और मजबूत करता है। एक ऐसे दौर में जब वैश्विक व्यापार भू-राजनैतिक प्रतिद्वंद्विताओं, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बढ़ते संरक्षणवाद से जूझ रहा है, यह समझौता भरोसेमंद साझेदारों के साथ आर्थिक जुड़ाव को गहरा करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। वर्ष 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हुए ऐतिहासिक समझौते के बाद, यह सीईपीए खाड़ी देशों के साथ भारत की बढ़ती आर्थिक भागीदारी को मजबूती से स्थापित करता है। द्विपक्षीय व्यापार में लगातार विस्तार हुआ है और वित्त वर्ष 2025-26 में यह 11.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है।जबकि, सेवाओं का व्यापार 2024 में 863 मिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा। आर्थिक रिश्तों का विविधीकरण हुआ है और इसमें परंपरागत वस्तुओं से परे इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेवाओं का समावेश हुआ है। फिर भी, काफी अनछुई संभावनाएं अभी भी बाकी हैं। वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार, निवेश, पेशेवर आवाजाही और नियामकीय सहयोग को शामिल करके, यह सीईपीए अधिक सुदृढ़, समन्वित और व्यापक आर्थिक साझेदारी का एक व्यापक ढांचा तैयार करता है।

भारतीय निर्यात के विकास का प्रवेश द्वार

इस सीईपीए के तहत ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफलाइनों पर भारतीय निर्यात को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच हासिल है। इस समझौते से पहले, भारत के निर्यात का सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा ही सर्वाधिक तरजीह वाले देश (मोस्ट फेवर्ड नेशन) की व्यवस्था के तहत ओमान में शुल्क-मुक्त प्रवेश करता था, जबकि शेष पर 5 प्रतिशत तक का शुल्क लगता था। इस सीईपीए के तहत, भारत के वर्तमान निर्यात की 99.38 प्रतिशत मात्रा अब शुल्क-मुक्त प्रवेश का लाभ उठाएगी। भारतीय निर्यातकों की दृष्टि से, ये लाभ काफी महत्वपूर्ण हैं। ओमान के 'विजन 2040' के तहत बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक विविधीकरण में उसके द्वारा किए जा रहे निवेश से मांग में वृद्धि होगी। वित्त वर्ष 2024-25 में 875.83 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात के 2030 तक बढ़कर 1.3 से 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच होने का अनुमान है। शून्य शुल्क की सुविधा के जरिए वस्त्र एवं परिधान सेक्टर को क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों पर महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी।इससे तिरुपुर, सूरत, लुधियाना और कोयंबटूर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी और साथ ही रोजगार भी सृजित होगा। मौके व्यापक और विविध हैं। आयात पर निर्भर ओमान का दवा बाजार भारतीय कंपनियों के लिए मजबूत संभावनाएं पेश करता है। नियामकीय मंजूरियों में तेजी, गुणवत्ता प्रमाणपत्रों की मान्यता और प्रमुख उत्पादों के शुल्क-मुक्त पहुंच से अनुपालन संबंधी लागत में कमी आएगी और बाजार में पैठ बढ़ेगी। चावल, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, मसाले और कन्फेक्शनरी सहित कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण आधारित निर्यात को भी लाभ होगा।

खुलते बाजार, हितों का संरक्षण

भारत के हालिया व्यापार समझौतों के अनुरूप, इस सीईपीए में एक संतुलित और सुविचारित दृष्टिकोण का समावेश है। जहां एक ओर भारत प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने एवं वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल होने के लिए बाजारों को खोल रहा है, वहीं दूसरी ओर संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहा है। दुग्ध तथा अनाज जैसे प्रमुख कृषि उत्पादों के साथ-साथ रबर, वस्त्र और जूते जैसे उद्योग सुरक्षित बने हुए हैं। यह दृष्टिकोण बाहरी बाजारों तक पहुंच और घरेलू कमजोरियों से बचाव को एक साथ जोड़ता है। भारत ने ओमान से आयात होने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर लागू होने वाली अपनी 77 प्रतिशत से अधिक टैरिफलाइनों को उदार बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे ओमान के प्रमुख निर्यातों, खासकर मेथनॉल और निर्जल अमोनिया जैसे औद्योगिक इनपुट को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। ओमान को धातुओं और मिश्र धातुओं की एक विस्तृत श्रृंखला में तरजीही बाजार पहुंच हासिल होगी। इससे हमारे दोनों देशों को कम उत्पादन लागत का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। जिन क्षेत्रों में भारत के रक्षात्मक हित हैं, उन क्षेत्रों में टैरिफ दर कोटा (टीआरक्यू) के जरिए ओमान को पहुंच प्रदान की गई है। यह व्यवस्था निर्दिष्ट मात्रा की सीमा के भीतर खजूर, संगमरमर और चुनिंदा पेट्रोकेमिकल जैसे उत्पादों के तरजीही निर्यात की अनुमति देती है। बेहद सावधानीपूर्वक तैयार किया गया जुड़ाव का यह तरीका प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के साथ-साथ संक्रमण काल के दौरान कमजोर क्षेत्रों को सहायता भी प्रदान करता है।

व्यापार, प्रतिभा और विश्वास

यह सीईपीए भारतीय सेवा प्रदाताओं को उन सभी क्षेत्रों में बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं प्रदान करता है, जहां भारत की स्थिति स्पष्ट रूप से मजबूत है।इनमें आईटी, पेशेवर सेवाएं और निर्माण क्षेत्र शामिल हैं। विभिन्न क्षेत्रों में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने वाले प्रावधानों के साथ, भारतीय कंपनियों को ओमान में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के अधिक मौके मिलेंगे। प्रतिभाओं की दृष्टि से भी, यह समझौता एक बड़ी उपलब्धि है।कंपनी के भीतर स्थानांतरित कर्मचारियों (इंट्रा-कॉर्पोरेट ट्रांसफरी) की सीमा को 50 प्रतिशत तक बढ़ाकर, भारतीय कंपनियों को अब विशिष्टता प्राप्त कर्मचारियों को आसानी से तैनात करने तथा बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने की सुविधा मिल गई है। इसके अलावा, किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में पहली बार, ओमान ने स्वतंत्र पेशेवरों के लिए एक समर्पित आवाजाही की व्यवस्था स्थापित की है। अब जबकि वैश्विक स्तर पर जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण कारखानों में श्रमिकों की कमी हो रही है।

एक खूबसूरत फूल हमें अलविदा कहकर चला गया...

जयंत कुमार थोरात

झीलों की नगरी और उर्दू अदब का शहर भोपाल के लिए 28 मई एक गमगीन दिन बनकर आया। इस दिन इस शहर का लाड़ला शायर, जिसके शायरी की खुशबू देश विदेशों तक महकती रही है, के रुखसती का फरमान लेकर आया। किसी को यह एहसास नहीं था कि आज इतनी बड़ी कीमत इस शहर को चुकानी पड़ेगी। जी हां, इस काले दिन में बशीर बद्र नामक एक खूबसूरत शायरी का खूबसूरत फूल हम सबको। अलविदा कहकर चला गया। काल का क्रूर हाथ उसे अपने साथ दुनिया से लेकर रुखसत हुआ। यह खबर जब लोगों तक पहुंची, तो पूरे देश में एक सन्नाटा छा गया। न केवल शायरी को समझने वाले बल्कि आम लोग जिन्होंने कवि, सम्मेलनों और मुशायरों में इन्हें सुना इन्हें देखा, उन्हें भी एक झटका लगा। वह लाडला शायर व अजीम शख्सियत है, बशीर बद्र, जिसे लोगों ने बेइंतहा प्यार दिया। वे चुपचाप इस दुनिया को छोड़कर चले गए और अपने पीछे एक ऐसा न भरने वाला स्थान छोड़ गए जिसकी भरपाई कभी होने की कोई उम्मीद ही नहीं है। श्री बशीर बद्र मूलतः फैजाबाद अयोध्या के रहने वाले थे। उनका पूरा नाम सैयद मुहम्मद था। कालांतर में उन्होंने अपना नाम बशीर रखा तथा उसके साथ उन्वान के रूप में बद्र शब्द जोड़ा। जिसका का अर्थ होता है पूर्णिमा अथवा चौदहवीं का चांद। जो चमक, सौंदर्य रोशनी का प्रतीक आदि । उनकी शायरी में चौदहवीं की चांद की तरह खूबसूरती, चमक ,सादगी, नजाकत आदि सब कुछ देखने को मिलता है, अर्थात उन्होंने अपने बद्र शब्द को पूर्णतः सार्थक किया। कालांतर में वे मेरठ चले गए। जहां उनकी शिक्षा दीक्षा पूरी हुई। वहीं मेरठ कॉलेज में उन्होंने अपने अध्यापन का कार्य प्रारंभ किया।कालेज में वे उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष भी बनाए। 1987 के आस-पास मेरठ में सांप्रदायिक दंगे हुए। जिसमें बशीर बद्र साहब के परिवार को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा । उनके यहां भी आगजनी हुई , जिसमें उनकी बहुत सारी किताबें तथा अप्रकाशित कृतियां जलकर राख हो गईं। इस आकस्मिक और दर्द भरे घटना से उनका मन मेरठ से उचट गया और वे वहां से झीलों की नगरी और अदब के शहर भोपाल को उन्होंने अपना आशियाना बनाया। भोपाल शहर ने भी उन्हें हाथों हाथ लिया और अपने दामन में समेट लिया। भोपाल आने के बाद नए सिरे से उन्होंने अपनी शायरी लेखन का काम शुरू किया। मेरठ के दंगों में उन्हें बहुत गंभीर चोटें दी। उनका पूरा साहित्यिक खजाना जल गया मगर उनके मन में कभी भी किसी के प्रति दुश्मनी का ख्याल नहीं आया तभी तो वो कहते हैं कि दुश्मनी जम कर करो, लेकिन ये गुंजाइश रहे।

जब कभी हम दोस्त हो तो शर्मिंदा न होना पड़े।

ये शेर उनके बड़प्पन को दर्शाता है। इतनी गंभीर वारदात के बाद भी उनके मन में किसी के प्रति कोई दुश्मनी नही पनपी। अगर हम उनकी शायरी की विशेषताओं पर जाएं तो वे एक सहज सादगी भरे सौंदर्य, बोध वास्तविकता से जुड़े हुए, अपने आस-पास की घटनाओं से प्रभावित शायर नजर आते हैं। अगर उर्दू शायरी का जिक्र करें तो पाते हैं कि बड़े व

नामचीन शायरों ने बड़े ही कठिन उर्दू व फारसी के लब्जों का इस्तेमाल अपनी शायरी में किया है , लेकिन यह पहला वक्त था कोई जब जब कोई शायर अर्थात बशीर बद्र जी ने अपनी शायरी में कठिन उर्दू के बजाय ऐसे सहज वह ग्राह्य शब्दों का उपयोग किया जो लोगों को आसानी से समझ सके ,और जो सीधे लोगों के दिल को छूकर उन्हें प्रभावित कर सके। बानगी देखिए खुदा ऐसे एहसास का नाम है

रहे सामने और दिखाई न दे।
और नहीं है, मेरे मुकद्दर में रोशनी ना सही।
ये खिड़की खोलो, जरा सुबह की हवा ही लगे।

बद्र साहब की शायरी अपने आप में बेमिसाल है। जब वे अपनी मखमली आवाज़ से लोगों तक इसे पहुंचाते हैं, तो हर शेर उनका लोगों के दिल में उतर जाता है। उनके शेर कहने की अदा अपने आप में अनोखी है। उनके आसपास के शायर से भी अगर तुलना करना चाहें जैसे राहत इंदौरी, असद भोपाली, जावेद अख्तर इन लोगों ने भी अच्छी शायरी की, लेकिन बशीरभद्र की शायरी अपने आप में बेमिसाल है,। उसकी कहीं कोई तुलना नहीं की जा सकती

बद्र साहब ने अपने गजलों में ,अपने शेरों में मानवीय रिश्ते, सौंदर्य बोध, दोस्ती की गर्माहट तन्हाइयां, आंतरिक टूटन, आस-पास का बिखरा दर्द घुटन और उसके समाधान पर भी बड़ी बारीकी और समझदारी से बात कही है और यह बात लोगों तक आसानी से पहुंचाई है। यही कारण है कि हर मंच पर लोग उन्हें देर तक सुनना चाहते थे। उनकी रचनाओं में प्रेम की खुशबू है, विरह की वेदना भी है, प्रकृतिक घटनाओं का वर्णन है तो खुरदुरे धरातल से लगने वाली चोट का प्रदर्शन भी है और साथ ही साथ मलहम भी है ।बानगी देखिए,

उम्र गुजर जाती है एक घर बनाने में
तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।

इस दो पंक्ति में पूरे जिंदगी का दर्शन है।

आगे रात की भीगी भीगी छतों की तरह
मेरी पलकें थोड़ी नम रह गईं।

कितनी नजाकत से उन्होंने बात को कही है? उनकी शायरी की नजाकत की बानगी और देखिए

बोझिल उदास रात भी दोनों दिलों के बीच
हम मुस्कुरा दिए तो उजाले बरस पड़े।

उनकी सारी न केवल शहर बल्कि गाँव तक पहुंची। उनकी शायरी में गाँव का भी बड़ा अच्छा जिक्र देखने को मिलता है क्योंकि उन्होंने जीवन की शुरुआत गाँव से ही की थी, और गाँव को बड़े करीब से देखा है। कहते हैं

धूप के खेत गुनगुनाने लगे
जब कोई गाँव की जियाली हंसे।
या धूप खेतों पर उतर आई जाफरानी हो गई
सुरमई, अशयार की पोशाक धानी हो गई।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सरकार किसानों को खाद के लिए क्यों बार बार बुला रहे हैं जैसे पहले एक बार में जितना एकड़ के हिसाब से मिलता था उतना एक ही बार में दे दीजिए किसान को किस्त किस्त में खाद लेना परेशानियों का सामना करना है । किसानों को भी समझिए सरकार । सरकार किस्त किस्त में खाद लेने दूर दूर से किसान आएंगे जाएंगे तो उन्हें तकलीफ होगी नियम को बदल दीजिए जिसको जितना खेत के लिए खाद चाहिए दीजिए तभी तो फसल उगा पाएंगे बाकी आपकी मर्जी सरकार जी।
- लक्ष्मी नारायण लहरे

आजकल बहुत कम बोलती हूँ मैं सच बोलकर किसी को रुलाना क्या झूठ बोलना तो हमको भाता नही फिर मुंह खोलकर फायदा क्या माना की चाहत दिलकश चीज है पर इसके लिए गर्क मे जाना क्या चलिए चलते हैं सच के शहर हम झूठों के बीच रहकर छटपटाना क्या ।
- प्रीति श्रीवास्तव

उम्र दौड़ रही है अहसास थम गये है दिल गुमसुम सा है आंसू सूख गए है दुःख की मात्राएं है सुख है हलन्त गिनती की सांसे है इच्छाएं अनन्त सपने सूने सूने सारे रात खड़ी मंझधार जाने कब लायेगी सुबह आशा की पतवार..।
- आभा चन्द्रा

बा घनघोर सियासी बदरी। जुमलाबाजी कारी बदरी।। पगलाइल बा छोड़ी ना ई। हर घर के ई नासी बदरी।। उमड़त-घुमड़त आवत बा जे। बरसी ना आकासी बदरी।। झूठे नू बा आँख देखावत। जोर लगावे बासी बदरी।। चाँद प बाटे आँख गड़वले। बा केतना पाजी ई बदरी।। ठोकत बा ई ताल सुरुज से। बदला कबो उतारी बदरी।। बरसी ना बा हवा हवाई। पानी से बा खाली बदरी।। 'ऐनुल' सगरो ना बरसे ई। बाटे ई दरबारी बदरी।।
- ऐनुल' बरौलवी

मिट्टी का शरीर सीख नहीं पायी किसी के कंधे पर पैर रखकर ज़िंदगी में आगे बढ़ना ..... नहीं कर पायी किसी के एहसासो से फरेब कर दिशाहीन बन निकलना.... नहीं ले पायी किसी से बदला रौंदा गया एहसासों को ग़र मौन लगा जगह को छोड़ना... कि धरातल का अर्थ है..मिट्टी का शरीर और परमात्मा का अर्थ है प्रेम ....और ईश्वर से मिल जाना !!
- नंदिता तनूजा

सागर मंथन से निकले हैं, अनुपम चौदह रत्न। प्रथम हलाहल देखे नारद, दानव देव प्रयत्न । कालकूट विष शिवजी पीते , मदिरा दानव नाम। देवता छ्ल से पियूष पीते , कला मोहिनी काम। नीलकंठ भोले कह लाए, पिए हलाहल जाम । वेश बदलते श्रीपति देखा,श्रीविहीन सुर धाम ।
- राजकिशोर मिश्र 'राज'

बदलना किसे कहते हैं ये वक्त से पूछो जरा । इंसान हंसता है एक दूसरे पर , वक्त हंसता है इंसान की मूर्खता पर । पूरी कायनात वक्त के हाथ में है । सूर्य अटल है पर वो भी वक्त से ही उदय या अस्त होता है । चाँद का निकलना, दिन और रात का होना वक्त ही तय करता है । वक्त को समझना आसान नहीं है । जिस दिन हम वक्त की भविष्यवाणी करने लग जाएंगे उस दिन से मानव के पास अदभुद शक्ति आ जाएगी । फिर क्या होगा ये अकल्पनीय है। **- पूनम झा प्रथमा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज घर में किसी खास मेहमान के आने से रौनक और खुशियों का माहौल बना रहेगा। आप उनकी खातिरदारी में व्यस्त रहेंगे और परिवार के साथ बिताया गया समय रिश्तों में नई मिठास घोल देगा।

वृष: आज अतीत की कोई पुरानी गलती अचानक सामने आ सकती है, जिससे रिश्तों में थोड़ी खटास आने की संभावना है। उधार लेने से बचें, वरना बाद में आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

मिथुन: आज धन और आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रुके हुए काम भी पूरे होने की संभावना है। लंबे समय से अटका सरकारी मामला भी आज सुलझने के संकेत दे रहा है।

कर्क: आज लेन-देन और पैसों से जुड़े मामलों में बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। आपके भीतर आगे बढ़ने और खुद को साबित करने की जबरदस्त इच्छा रहेगी।

सिंह: आज आपकी मीठी वाणी और विनम्र व्यवहार आपको लोगों के बीच खास पहचान दिलाएगा। समझदारी से कही गई बातें आपके रिश्तों को मजबूत बनाएंगी।

कन्या: आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई पुरानी डील आखिरकार फाइनल हो सकती है, जिससे मन को राहत मिलेगी। कहीं घूमने जाने का प्लान बने, तो माता-पिता का आशीर्वाद लेकर ही निकलें।

तुला: आज आपको हर फैसला सोच-समझकर लेने की जरूरत होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है और जरूरी मेडिकल टेस्ट भी कराने पड़ सकते हैं।

वृश्चिक: आज का दिन धैर्य और संयम से काम लेने का संदेश दे रहा है। जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला नुकसान पहुंचा सकता है। आप अपने लिए शॉपिंग कर सकते हैं।

धनु: आज सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। खान-पान में लापरवाही परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए खुद का ध्यान रखें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होगा।

मकर: आज विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार रहेगा। परीक्षा या पढ़ाई से जुड़े परिणाम उम्मीद से बेहतर आ सकते हैं, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

कुंभ: आज कार्यक्षेत्र में किसी की बात आपको दिल पर लग सकती है, जिससे रिश्तों में तनाव बढ़ने की संभावना है। लेन-देन से जुड़े मामलों में पूरी सतर्कता रखें।

मीन: आज का दिन आपको धैर्य और समझदारी बनाए रखने की सीख देगा। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से निराशाजनक खबर मिल सकती है, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा।

QUIZ TIME

1) भारत की पहली समुद्री तट-वाडर्स पक्षी जनगणना किस स्थान पर आयोजित की गई थी?

2) हाल ही में भारतीय स्किमर पक्षी तेलंगाना में किस बांध पर देखे गए, जो राज्य के लिए पहली बार है?

3) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?

4) गुप्त काल के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए कौन प्रसिद्ध है?

5) सीनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मरीन नेशनल पार्क, जामनगर (2) लोअर मनेर बांध (3) आईआईटी बॉम्बे (4) सुश्रुत (5) अमेलिया वाल्वेर्दे

पहेली

शब्द सामर्थ्य -57

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 56 का हल

गिड़गिड़ाती रही मां: खून की कमी से युवती की मौत, सिविल सर्जन बोले- 1-2 यूनिट ब्लड दिया जा सकता था

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक 20 साल की युवती की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवती के शरीर में खून की भारी कमी थी, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने उसे 1 यूनिट ब्लड तक नहीं दिया। समय पर खून न मिलने के कारण उसकी जान चली गई। युवती की मां डॉक्टरों और स्टाफ के सामने ब्लड के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, युवती सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था। उसका ब्लड ग्रुप ओ-पॉजिटिव था और हीमोग्लोबिन घटकर करीब 5 ग्राम रह गया था। डॉक्टरों का यह भी मानना है कि अगर रिश्तेदारों के पास डोनर नहीं था, तो भी अस्पताल के स्टॉक से उसे कम से कम एक या दो यूनिट ब्लड दिया जा सकता था।

दूसरी तरफ सिविल सर्जन ने युवती की मौत ब्लड की कमी से होने के आरोप से इनकार किया है। उनका कहना है कि मौत की असली वजह रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम बना दी गई है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। जानकारी के मुताबिक युवती का नाम दीपिका गाड़ा है, जो मरोदा भिलाई की रहने वाली थी। रिश्तेदारों ने बताया कि दीपिका कई दिनों से बीमार थी। उसके हाथ-पैर, कमर और पूरे शरीर में दर्द की शिकायत थी। तबीयत बिगड़ने पर शनिवार रात करीब 11 बजे उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया।

जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसके शरीर में खून की मात्रा काफी कम है और तुरंत ब्लड चढ़ाने की जरूरत है। परिवार का आरोप है कि अस्पताल की ओर से तीन यूनिट ब्लड की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे तुरंत डोनर नहीं जुटा सके।

उन्होंने अस्पताल स्टाफ और ब्लड बैंक से कम से कम एक यूनिट ब्लड देने की मांग की, ताकि इलाज शुरू हो सके, लेकिन उन्हें खून नहीं दिया गया। सोमवार शाम इलाज के दौरान दीपिका ने दम तोड़ दिया। रिश्तेदारों ने अस्पताल मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बॉडी में था 5 ग्राम ब्लड

दीपिका की मां ने बताया कि डॉक्टरों ने कहा था कि उसकी ब्लड रिपोर्ट में हीमोग्लोबिन का लेवल करीब 5 ग्राम था। उन्होंने कई बार अस्पताल स्टाफ से रिक्वेस्ट किया कि कम से कम 1 यूनिट खून चढ़ा दिया जाए, बाकी की व्यवस्था वे बाद में कर लेंगे, लेकिन उनकी कोई मदद नहीं की गई।

सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित थी युवती

मामले में सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज ने माना कि युवती सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था।

उन्होंने बताया कि दीपिका का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव था और उसका हीमोग्लोबिन स्तर करीब 5 ग्राम था। उन्होंने यह भी माना कि अगर परिवार वालों के पास डोनर उपलब्ध नहीं था, तो भी आपात स्थिति को देखते हुए उसे कम से कम एक-दो यूनिट ब्लड दिया जा सकता था।

शिकायत मेरे पास आती तो ब्लड चढ़वा देता: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन ने कहा कि अगर समय पर खून चढ़ाया जाता तो उसकी जान बचने की संभावना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं दी गई थी। अगर परिजन या अस्पताल स्टाफ यह मामला उनके संज्ञान में लाते, तो कम से कम एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने की कोशिश की जाती। हालांकि सिविल सर्जन ने यह भी स्पष्ट किया कि मौत का कारण केवल खून की कमी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने बताया कि आईसीयू के डॉक्टरों ने उन्हें आशंका जताई है कि युवती को एस्पिरेशन की समस्या भी हो सकती है। यानी खाना या कोई अन्य पदार्थ सांस की नली के रास्ते फेफड़ों में पहुंच गया हो, जिससे सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई हो। युवती की मौत सिकल सेल एनीमिया, एस्पिरेशन या किसी अन्य चिकित्सकीय कारण से भी हो सकती है। मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

न्यूज गैलरी

कार से 14.5 किलो गांजा बरामद

दुर्ग। पुलिस ने कुम्हारी ओवरब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 14.5 किलो गांजा बरामद किया है। तस्करों ने गांजे को कार के चारों दरवाजों के अंदर बनाए गए सीक्रेट चेंबर में छिपाकर रखा था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से क्रेटा कार में गांजा लेकर कुछ लोग महासमुंद और रायपुर होते हुए दुर्ग-भिलाई क्षेत्र पहुंचने वाले हैं। थाना कुम्हारी और एसीसीयू-क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की। जांच के दौरान रायपुर की ओर से आ रही क्रेटा कार (सीजी 04 एचएक्स 6908) को रोककर तलाशी ली गई। जांच में पता चला कि तस्करों ने कार के चारों दरवाजों के अंदर की खाली जगह को विशेष रूप से गुप्त चेंबर के रूप में तैयार किया था। इन चेंबरों में गांजा भरकर ऊपर से फाइबर शीट चिपका दी गई थी, ताकि सामान्य जांच में इसकी भनक न लगे। पुलिस ने दरवाजों को खोलकर जांच की, जिसमें 14.5 किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 7.25 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गांजे की सप्लाई और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पूछताछ में वाहन सवार आरोपियों ने अपनी पहचान तीरथ ठेला (36) निवासी अचलपुर, पोस्ट तुकला, थाना राजा खरियार, जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) और किशन जगत (35) निवासी स्टेशन चौक, कुम्हारी, जिला दुर्ग के रूप में बताई।

भिलाई में करंट से शख्स की मौत

भिलाई। कूलर में करंट आने से 49 साल के संतोष कुमार यादव की मौत हो गई। संतोष घर में कूलर चालू कर उसमें पानी भर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार यादव कैंप-1 स्थित त्रिदशेश्वर मंदिर के पास रहते थे। पानी भरने के दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। रिश्तेदार फैन स्विच बंद कर उन्हें कूलर से अलग किया और शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कूलर में करंट कैसे आया और हादसे की असली वजह क्या थी।

प्रसिद्ध साहित्यकार साव को मिला सम्मान

कुम्हारी। रायपुर छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा अनवरत अप्रतिम लेखन हेतु कुम्हारी के वरिष्ठ साहित्यकार मुरारी लाल साव को शब्द शिखर सम्मान से सम्मानित किया है द्य मुरारी लाल साव छत्तीसगढ़ी साहित्य की अभिवृद्धि हेतु लघुकथाएँ, कविताएं लेख आदि सतत लिखते आ रहे है द्य उनकी रचनाएं विभिन्न समाचार पत्रों सहित प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती है द्य अब तक उनकी 200 से अधिक लघुकथाएँ और करीब 150 कविताओं के साथ 4 पुस्तकों का भी प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने कुछ काव्य संग्रह का संपादन भी किया है। उनकी इस उपलब्धि पर वक्ता मंच रायपुर ने उन्हें आमंत्रित कर दीर्घ साहित्य साधना के लिए सम्मानित किया द्य रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिष्ठित साहित्यकार व कविगण उपस्थित थे।

अहाता के लिए ऑनलाइन निविदा शुरू

दुर्ग। जिले में देशी और विदेशी शराब दुकानों के कुल 25 अहातों (नॉन-क्लस्टर्ड एकल समूह) का आबंटन किया जाना है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ÷पहले आओ पहले पाओ÷ पद्धति के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के ऑनलाइन निविदा के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन किया जाना तय किया गया है। इच्छुक आवेदक 4 जून 2026 प्रातः 10:30 बजे तक अपने ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते हैं, वहीं 4 जून 2026 को ही प्रातः 11 बजे से प्राप्त आवेदनों और निविदाओं के खोलने की कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदक ऑनलाईन आवेदन करने एवं शर्तों से संबंधित जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

प्लेट मिल एवं यूआरएम ने रचा नया इतिहास रिकॉर्ड उत्पादन कर बीएसपी को दी नई ऊँचाई

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के प्लेट मिल एवं यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने हाल के महीनों में अभूतपूर्व उत्पादन एवं प्रेषण उपलब्धियाँ हासिल कर संयंत्र की उत्पादन संस्कृति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। दोनों विभागों ने लगातार रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए उत्पादन दक्षता, गुणवत्ता तथा परिचालन उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, राकेश कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्लेट मिल एवं यूआरएम का दौरा कर दोनों विभागों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों विभाग भविष्य में भी इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित कर बीएसपी की विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।

यूनिवर्सल रेल मिल ने मई 2026 के दौरान अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन दर्ज करते हुए अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस अवधि में मिल ने 11,944 ब्लूम्स (99,983 टन) रोल कर नया सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड बनाया, जो सितंबर 2025 में स्थापित 11,284 ब्लूम्स के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। विभाग ने 93,397 टन फिनिश्ड उत्पादन तथा 90,594 टन प्राइम उत्पादन कर भी नए रिकॉर्ड स्थापित किए।

यूआरएम ने मई 2026 में 260 मीटर लंबाई वाले 5,706 वेल्डेड रेल पैनलों का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इसके साथ ही 130 मीटर रेलों का उत्पादन 9,755 संख्या तक पहुंचकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक स्तर दर्ज किया गया। गुणवत्ता परीक्षण एवं निरीक्षण के क्षेत्र में भी विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5,550 रेल पैनलों का निरीक्षण पूरा किया, जो अगस्त 2025 में स्थापित 5,302 पैनलों के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। इन उपलब्धियों के साथ मई 2026 यूनिवर्सल रेल मिल के इतिहास का सबसे सफल माह सिद्ध हुआ।

प्लेट मिल ने भी मई 2026 में प्लेट मिल ने 1,35,847 टन रोल्ड उत्पादन, 1,25,102 टन फिनिश्ड उत्पादन, 1,14,076 टन कुल डिस्पैच तथा 53,836 टन प्रत्यक्ष प्रेषण दर्ज किया। विभाग ने इस अवधि में एचटी (हीट ट्रीटेड) उत्पादों के क्षेत्र में भी नया इतिहास रचते हुए 47,561 टन एचटी फिनिश्ड उत्पादन तथा 38,870 टन एचटी डिस्पैच का सर्वकालिक मासिक रिकॉर्ड स्थापित किया। प्लेट मिल ने पिछले कुछ महीनों के दौरान भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की निरंतरता बनाए रखते हुए उत्पादन एवं प्रेषण के कई नए रिकॉर्ड स्थापित किए। मार्च 2026 में प्लेट मिल ने 1,46,554 टन रोल्ड उत्पादन, 1,34,042 टन फिनिश्ड उत्पादन तथा 1,36,020 टन कुल डिस्पैच के साथ सर्वकालिक उच्चतम मासिक प्रदर्शन दर्ज किया। इसी माह 16,368 टन सड़क मार्ग से डिस्पैच का नया रिकॉर्ड भी बना।

तंबाकू निषेध पर नुक्कड़ नाटक से गूंजी कल्याणी फाइटर्स की आवाज

भिलाई/नवप्रदेश। नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था 'कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन' द्वारा राजेंद्र प्रसाद चौक खुर्सीपार भिलाई में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान आमजनों को जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। कल्याणी संस्था द्वारा समाज कल्याण विभाग तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से 'कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र' एवं 'आउटरीच और ड्रॉप इन सेंटर' का भी सफल संचालन किया जा रहा है। समापन पर कल्याणी संस्था द्वारा संचालित 'कल्याणी फाइटर्स समूह' के बच्चों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। वहां उपस्थित स्थानीय समुदाय ने नशे के दुष्प्रभावों को स्वीकार करते हुए बच्चों के अभिनय और इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की। कार्यक्रम संस्था निदेशक अजय कल्याणी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय पार्षद मीरा बंजारे, सुखीराम जांगड़े, अनविका, निमय, टी. साक्षी, टी. श्रेयाली, महक, आरुषि, आर्यन, युवराज, संघप्रिया, निशा, यामिनी, अनिल और ओमप्रकाश का योगदान रहा।

छग क्रांति सेना जिला उपाध्यक्ष चंदेल गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। ऑनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के दुर्ग जिला उपाध्यक्ष चेतन चंदेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चेतन चंदेल का नाम पहले पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। कुछ दिन पहले चेतन चंदेल का भिलाई नगर एसपी सत्यप्रकाश तिवारी के साथ बहस का वीडियो वायरल हुआ था। उस घटना के बाद स्मृति नगर चौकी में उसके खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस से दुर्व्यवहार करने का मामला भी दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, 31 मई को छावनी क्षेत्र में कसाई मोहल्ला नहर किनारे कुएं के पास ऑनलाइन जुआ और सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने आतिश गौर और नियाज अहमद को पकड़ा। उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन जब्त किए गए।

परीक्षा में त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए: कलेक्टर

■ प्री-डीएड परीक्षा के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आगामी प्री-डीएड 2026 परीक्षा को लेकर साइंस कॉलेज सभागार में प्री-डीएड परीक्षा में नियुक्त केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्री-डीएड परीक्षा 4 जून को 14 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। छोटी-छोटी गलतियां भी कई बार बड़े विवाद और समस्याओं का कारण बन जाती हैं, इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता एवं सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा संबंधी सभी नियमों और निर्धारित एसओपी का कड़ाई से पालन करना होगा। उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य परीक्षा सामग्री के पैकिंग समय, केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर, सील निर्धारित प्रपत्रों में सभी जानकारियां सही और पूर्ण रूप से दर्ज करना अनिवार्य है। कई बार छोटी लापरवाही भी बड़ी गलती का रूप ले लेती है।

कलेक्टर ने सभी केन्द्राध्यक्षों, नोडल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा संबंधी सभी प्रक्रियाओं को दोबारा जांच लें, यह सुनिश्चित कर लें कोई जानकारी छूट न जाए तथा सभी प्रपत्र सावधानीपूर्वक भरे जाएं, ताकि परीक्षा का आयोजन त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी, प्राचार्य मौजूद थे।

महापौर ने विकास व सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत आज महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, पार्षद रेशमा सोनकर एवं सरस निर्मलकर के साथ वार्ड 57 एवं 58 का लगभग दो घंटे तक सघन निरीक्षण कर क्षेत्र की साफ सफाई, जल निकासी व्यवस्था, नाला-नाली निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत वार्ड क्रमांक 57 में श्रीराम मैरिज पैलेस क्षेत्र से की गई। महापौर ने गलियों एवं मोहल्लों में पहुंचकर नाला एवं नालियों की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल को देखते हुए जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए नालियों की सफाई तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां नाली निर्माण एवं नाला किनारे सफाई कार्य की आवश्यकता पाई गई, वहां तत्काल कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नाला निर्माण से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए महापौर ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा। इसके पश्चात महापौर वार्ड 58 पहुंचीं, जहां उन्होंने नाला एवं नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में नाली निर्माण की आवश्यकता है, वहां प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र निर्माण कार्य कराया जाए। साथ ही वर्षा ऋतु के पूर्व सभी जल निकासी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया।

आयुक्त ने किया वैशाली नगर क्षेत्र का निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर अवैध होर्डिंग, नाला सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं पाइपलाइन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को वर्षा ऋतु से पूर्व सभी प्रमुख नालों की सफाई सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त इंदु आई.टी. के समीप स्थित बड़े नाले पहुंचे, जहां निजी एजेंसियों द्वारा निगम की अनुमति के बिना लगाए गए अवैध होर्डिंग पाए गए। इस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही अवैध होर्डिंग हटवाने के निर्देश दिए। साथ ही इंदु आई.टी. परिसर के भीतर गुजरने वाले छोटे नाले का अवलोकन कर उसकी सफाई शीघ्र कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद आयुक्त ने कोहका स्थित मंगल बाजार क्षेत्र की पानी टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए पानी टंकियों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। कोहका रोड में बिछाई गई नई पाइपलाइन का भी उन्होंने निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता की जानकारी ली। वार्ड 14 शांति नगर महादेव कॉलोनी की सड़क 17 एवं 18 में बिछाई गई पाइपलाइन का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने स्थानीय निवासियों के घरों में जाकर पेयजल आपूर्ति की स्थिति का भी जायजा लिया। वार्ड 15 में नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण करते हुए पाया कि नालों के आसपास भवन निर्माण किए हैं जिससे जल निकासी प्रभावित हो सकती है। इस पर उन्होंने संबंधित पर खिलाफ कार्रवाई करने कहा।

समाज: दीप दान, ताप्ती परिक्रमा एवं महाआरती के साथ समसामयिक विषयों पर मातृ-शक्तियों द्वारा परिचर्चा

आपसी सामंजस्य और समरसता को बढ़ाने शक्ति संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

भिलाई/नवप्रदेश। केंद्रीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन भारत द्वारा पुरुषोत्तम मास में मुलताई में दो दिवसीय आपसी सामंजस्य और समरसता को बढ़ाने के लिए शक्ति संवर्धन के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें दीप दान, ताप्ती परिक्रमा एवं महाआरती के साथ समसामयिक विषयों पर मातृ-शक्तियों द्वारा परिचर्चा की गई। भोपाल, भिलाई, रायपुर, आमला, बैतूल, मुलताई, सारणी, रायमला, बिसनूर, सिरडी, इंदौर, आठनेर से सभी जगह से मिलाकर 150 मातृशक्तिया कार्यक्रम में शामिल हुईं। जिसमें पहले दिन मुलताई

मातृ-शक्तियों द्वारा सभी का स्वागत किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम का संचालन सपना लोखंडे मुलताई पूर्व महिला अध्यक्ष द्वारा मराठी भाषा में किया गया। सभी मातृ-शक्तियों का स्वागत और उद्बोधन व कार्यक्रम की रुपरेखा को विशाखा ठाकरे भोपाल द्वारा रखा गया। परिचय सत्र के बाद सामूहिक महाआरती ताप्ती परिक्रमा एवं दीप-दान किया गया। रात्रि भोजन एवं गीत संगीत का आनंद लिया गया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम का संचालन अरुणा पाटणकर बैतूल एवं मनीषा चढ़ोकार आमला द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन ममता धोटे मुलताई अध्यक्ष द्वारा किया गया।

विशेष रूप से सभी मातृशक्तियों द्वारा मुलताई संगठन के पदाधिकारियों में पूर्व विधायक पंजाबराव बोडखे, बी आर लोखंडे, अध्यक्ष नीरज ठाकरे, अनिल मानकर, गिरिष मगरदे, मीना मानकर, करूणा सोनारे, किरण पंडाग्रे, जमुना घोड़की एवं सभी कार्यकारिणी का आभार एवं धन्यवाद दिया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मान स्वरूप पौधे भेंट करें।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से जीजाबाई महिला मंडल भिलाई की संरक्षिका नीतू फाटे, मंगला भराड़े, नविता ताड़ाग्रे उपाध्यक्ष क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज संगठन इकाई रायपुर, लीना वराठे अध्यक्ष जीजाबाई महिला मंडल भिलाई, सोनाली देशमुख पूर्वाध्यक्ष जीजाबाई महिला मंडल एवं अध्यक्ष गोल्डन फैदर वेलफेयर सोसाइटी, भारती धाड़से पूर्व उपाध्यक्ष एवं सचिव एकता महिला मंडल भिलाई, वंदना पाटणकर पूर्वाध्यक्ष जीजाबाई महिला मंडल भिलाई, सविता धोटे कोषाध्यक्ष जीजाबाई महिला मंडल भिलाई एवं अरुणा फाटे सचिव जीजाबाई महिला मंडल ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर समाज का मान बढ़ाया।

इन विषयों पर संबोधन

रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन परिचय पर (वक्ता:- 1. अरुणा फाटे), समाज में बढ़ते संबंध विच्छेद कारण एवं निवारण संबंध पर (वक्ता:- मधुबाला देशमुख, संगीता घोड़की), विवाह समारोह में बढ़ते आडंबर का समाज पर दुष्प्रभाव पर वक्ता:- मीना मानकर, लीना वराठे), समाज उत्थान में नारी शक्ति का योगदान पर (वक्ता :- सोनाली देशमुख, प्रतिभा अड़लक), युवाओं में बढ़ती नशे की है प्रवृत्ति एवं इसका परिवार एवं समाज पर दुष्प्रभाव पर (वक्ता:- सुमन पंडाग्रे, सरिता कापसे) सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई से साहित्यकारों ने की मुलाकात

कुम्हारी/नवप्रदेश। अस्वस्थता की स्थिति में अपने गृह ग्राम गनियारी में पारिवारिक देखरेख में स्वास्थ्य लाभ ले रही अंतराष्ट्रीय पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई से मुलाकात करने छत्तीसगढ़ी लेखक बसंत कश्यप एवं जनकवि हेमलाल साहू (निर्मोही) पहुंचे साथ ही बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं भी पहुंची थी। लोगों से मुलाकात के दौरान वे भावुक हो गई थी।

मौजूद सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई है वह अविस्मरणीय है।

न्यूज गैलरी

संस्कृत विद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र के लिए प्रथम समीक्षा बैठक सम्पन्न

धमधा/नवप्रदेश। धन्वंतरि मंदिर परिसर के संस्कृत विद्यालय धमधा में नगर एवं क्षेत्र में संचालित सभी संस्कृत विद्यालय के संचालक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक साथ नए सत्र 2026-27 हेतु दिनांक 01/06/2026 दिन सोमवार को श्री साई चिकित्सा शिक्षण सेवा समिति धमधा के तत्वावधान में आवश्यक एजेंडा को लेकर समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें उपस्थित महानुभवों ने अपना विचार व्यक्त किये कहा संस्कृत शिक्षा हमारे पूर्वजों के संस्कार साँस्कृतिक परंपरागत पहनावा खानपान एवं नैतिकता का पाठ पढ़ कर सही मानवता बनाना उद्देश्य है। समिति के पदाधिकारियों मे सबसे ज्यादा उम्र 82 वर्ष के सेवानिवृत्त शिक्षक लवकुश अग्रवाल जो आज भी 25 वर्ष के समान तेज याददाश्त,तेज रफ्तार बना हुआ है जिनके जन्म उत्सव मनाया गया। उपस्थिति सभी ने एक दूसरे को विश्व अभिभावक दिवस की शुभकामनाएं बधाई भी दिए और मिष्ठान वितरण किया गया और संदेश ज्ञापित किए ।

गाली देने से मना करने पर महिला से मारपीट, आरोपी पर मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोकड़ी में एक महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोकड़ी निवासी शकुनबाई बघेल ने शिकायत दर्ज कराई कि 31 मई की रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच गांव का निरंजन बांधे उसके घर के बाहर गली में खड़े होकर गाली-गलौज कर रहा था। महिला द्वारा विरोध करते हुए गाली देने से मना करने पर आरोपी भड़क गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। घटना के बाद पीड़िता ने खल्लारी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी निरंजन बांधे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

बाइक से पांच लाख रुपए का गांजा ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक से गांजा परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग पांच लाख रुपए मूल्य का 9.900 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक में गांजा लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना पर थाना बागबाहरा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद नीले रंग की बाइक क्रमांक सीजी-09-जेएस-3340 में सवार दो युवक आते दिखाई दिए, जिन्हें संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम प्रेम कुमार (32) निवासी वार्ड क्रमांक 14, बोरला, थाना बोरला, जिला कबीरधाम तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम आसीम खान (26) निवासी ग्राम गंडई खुर्द, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम बताया। तलाशी के दौरान उनके पास रखे बोरे से 9.900 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे के साथ बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

शराब दुकान से 55 पौवा देशी शराब लेकर जा रहे वृद्ध को पकड़ा

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब परिवहन कर रहे एक वृद्ध को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक क्रमांक सीजी- 06-के-9233 में भारी मात्रा में शराब लेकर सितली नाला भट्ठी के पास से महासमुंद की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। जांच के दौरान बाइक सवार की पहचान वार्ड क्रमांक 19, बढ़ईपारा निवासी संजय साहू (60) के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 55 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 4,400 रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब के साथ बाइक भी जब्त कर ली है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर मामले की जांच की जा रही है।

संपत्ति बंटवारे को लेकर भाइयों में विवाद, मारपीट का मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली में घर के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी छोटे भाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बाजारपारा वार्ड क्रमांक-11 सरायपाली निवासी बजरंग डोंगरी ने बताया कि उसका छोटा भाई दिलीप डोंगरी लंबे समय से घर के बंटवारे को लेकर विवाद करता रहता है। 31 मई को दोपहर करीब 2:10 बजे दिलीप नशे की हालत में घर पहुंचा और बंटवारे की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट पर सरायपाली पुलिस ने आरोपी दिलीप डोंगरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 296 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

करिया टोला में जलापूर्ति की शिकायत पर अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

■ पानी सप्लाई सामान्य पाई गई, तालाब कार्य बरसात पूर्व पूर्ण करने के निर्देश

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 स्थित करिया टोला मोहल्ले में पानी न आने की मिल रही शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने आज प्रातः 7:00 बजे से 8:30 बजे तक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि करिया टोला में जलापूर्ति प्रातः 7:10 बजे प्रारंभ होकर 8:30 बजे तक सुचारू रूप से जारी रही। क्षेत्र में लगे कई सार्वजनिक नलों पर पानी आ रहा था, परंतु उन पर पानी भरने वाला कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला। इससे स्पष्ट है कि निर्धारित समय पर जलापूर्ति हो रही है।

नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु 5 हैंडपंप, 3 बोर में सबमर्सिबल पंप के साथ 1000 लीटर पानी टंकी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही निजी उपयोग हेतु समूचे क्षेत्र में सार्वजनिक नल कनेक्शन की सुविधा भी दी गई है।

इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदया द्वारा करिया टोला तालाब में चल रहे पचरी एवं पिचिंग कार्य का भी ठेकेदार की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने एवं बरसात के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कुछ नागरिकों ने अध्यक्ष महोदया से मिलकर शिकायत की कि नलों में आने वाला पानी गर्म होता है तथा उन्हें शोधित जल के स्थान पर सीधे ग्राउंडवाटर का पानी चाहिए।

इस संबंध में अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने कहा कि, ÷नागरिकों की शिकायतों का निराकरण हमारी प्राथमिकता है। जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां तक ग्राउंडवाटर की मांग का प्रश्न है, इस विषय पर तकनीकी टीम से रिपोर्ट मंगाकर नियमानुसार उचित निर्णय लिया जाएगा। नागरिकों से अपील है कि पानी के अपव्यय को रोकें, सार्वजनिक नलों को खुला न छोड़ें एवं सुविधा का लाभ लेने हेतु निजी नल कनेक्शन अवश्य लें।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा, पार्षद वार्ड क्रमांक 9 लीलाराम मंडलोई, जल शाखा प्रभारी, संबंधित ठेकेदार एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

जल संसाधन विभाग ने किसानों को सिंचाई सुविधा देने नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने बनाया नहर

एक साल में ही दरक गई करोड़ों की खट्टी माइनर

राजिम/नवप्रदेश। किसानों की हजारों एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा देने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई खट्टी माइनर महज एक वर्ष के भीतर ही भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की कहानी बयां करने लगी है। पाण्डुका माइनर-1 से निकली यह नहर जगह-जगह टूट रही है, दरारों से भर चुकी है और निर्माण के साथ हुई रिपेयरिंग अब साफ दिखाई देने लगी है। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में जल संसाधन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

सबसे गंभीर आरोप विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन की कार्यप्रणाली को लेकर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय संरक्षण के कारण ठेकेदारों ने खुलेआम घटिया निर्माण कर करोड़ों रुपए की राशि डकार ली और अब अधिकारी पूरे मामले पर पर्दा डालने में जुटे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण शुरू होने के साथ ही रिपेयरिंग का खेल भी शुरू हो गया था। अब मरम्मत के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि निर्माण कार्य शुरुआत से ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका था।



एक साल भी नहीं टिक पाई करोड़ों की नहर

रजनकटा, खट्टी, कुरूद, सड़कड़ा और पाण्डुका क्षेत्र के लगभग 500 से अधिक किसानों की हजारों एकड़ कृषि भूमि तक सिंचाई पहुंचाने के उद्देश्य से इस माइनर का निर्माण कराया गया था। लेकिन हालत यह है कि निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही नहर जगह-जगह से टूटने लगी है। कई हिस्सों में बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और सीमेंट की परत उखड़ रही है।

पारदर्शिता पर भी सवाल

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए के इस निर्माण कार्य में पारदर्शिता पूरी तरह गायब है। कार्य स्थल पर निर्माण एजेंसी, लागत, तकनीकी स्वीकृति और कार्य अवधि संबंधी कोई सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। इससे ग्रामीणों में संदेह और गहरा गया है कि कहीं बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार तो नहीं किया जा रहा।

किसानों के सवाल, जिनका जवाब नहीं

करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद नहर एक वर्ष में ही जर्जर कैसे हो गई? निर्माण के साथ ही रिपेयरिंग क्यों करनी पड़ी?घटिया सामग्री उपयोग करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं? तकनीकी स्वीकृति किस आधार पर दी गई? क्या मेंटेनेंस के नाम पर दोबारा सरकारी राशि निकालने की तैयारी है? किसानों को सिंचाई मिलेगी या सिर्फ भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी पड़ेगी? जांच नहीं हुई तो होगा आंदोलन ।

खेत से नीचे बना दी नहर

किसानों का कहना है कि नहर को खेत की सतह से लगभग तीन फीट नीचे बना दिया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि पानी खेतों तक आखिर पहुंचेगा कैसे? किसानों का आरोप है कि बिना जमीनी सर्वे और किसानों की जरूरत समझे केवल कागजों में योजना बनाकर निर्माण करा दिया गया।

ढलाई नहीं, मजाक किया गया: स्थानीय किसानों के अनुसार नहर की ढलाई की मोटाई मात्र एक से डेढ़ इंच रखी गई है। तकनीकी मानकों को ताक में रखकर बेहद घटिया निर्माण सामाग्री का उपयोग किया गया। किसानों का कहना है कि पहली तेज बारिश में ही नहर का अस्तित्व खत्म हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कुलापा, ड्रेनेज और सोकपीट जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं तक नहीं बनाई गईं। इससे पानी निकासी की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है और आसपास के क्षेत्रों में खतरा बढ़ गया है।

एसके बर्मन पर गंभीर आरोप: ग्रामीणों और किसानों ने कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विगत चार वर्षों से वे एक ही स्थान पर जमे हुए हैं और विभाग में मनमानी चरम पर है। नहर के कई हिस्सों में जंगली घास और पौधे उग आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग जानबूझकर सफाई और रखरखाव नहीं करा रहा ताकि भविष्य में मेंटेनेंस के नाम पर फिर लाखों-करोड़ों रुपए का फंड निकालकर बंदरबांट की जा सके। लोगों ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भ्रष्टाचार उजागर होने पर पी.के. आनंद और ए.के. सारस्वत जैसे अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया था, लेकिन वर्तमान में गंभीर शिकायतों और स्पष्ट अनियमितताओं के बावजूद एस.के. बर्मन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुनसुनिया वार्ड क्रमांक-01 निवासी राजेंद्र कुमार पैकरा स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई 2026 की शाम लगभग 5:30 बजे ड्यूटी से लौटने के बाद अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएच 4723 को घर के सामने खड़ी कर दी थी।

अगले दिन सुबह करीब 7:30 बजे जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सीमेंट पोल और पेड़ से टकराई बाइक, किशोर की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। जीवतरा-खट्टी मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सीमेंट पोल और पेड़ से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार ग्राम शेर निवासी संजय साहू (16) 27 मई की शाम यामाहा आर-15 बाइक से अपने मामा के घर ग्राम जीवतरा गया था। करीब आधे घंटे रुकने के बाद वह वापस लौट रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 5:30 से 6 बजे के बीच दुम्हानी पहाड़ के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सीमेंट पोल एवं सागौन के पेड़ से जा टकराई।

हादसे के बाद बाइक खाई में जा गिरी जबकि संजय गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलने पर उसे एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल महासमुंद लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

खाद, सिंचाई और समर्थन मूल्य पर किसानों का शक्ति प्रदर्शन 4 को

■ किसान कांग्रेस की विशाल रैली महासमुंद में

महासमुंद/नवप्रदेश। किसानों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के आह्वान पर जिला किसान कांग्रेस महासमुंद द्वारा 4 जून 2026 (गुरुवार) को महासमुंद में विशाल किसान रैली एवं प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा।

जिला किसान कांग्रेस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार किसान कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन महासमुंद में एकत्रित होंगे। इसके बाद शांतिपूर्ण रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे।

रैली के दौरान किसानों की प्रमुख समस्याओं में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, कृषि ऋण संबंधी कठिनाइयों के समाधान, फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य दिलाने सहित अन्य कृषि संबंधी मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा मुख्य रूप से शामिल होंगे। वहीं प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा नियुक्त महासमुंद जिला कार्यक्रम प्रभारी राजेश पाण्डेय, राजेश मुखर्जी और सौरभ सिंह भी उपस्थित रहेंगे तथा किसानों को संबोधित करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में जिले के विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष तथा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। सभी से निर्धारित समय पर कांग्रेस भवन पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

जिला किसान कांग्रेस महासमुंद के पदाधिकारियों ने जिले के किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान हितैषियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर किसानों की आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि रैली एवं प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

14.6 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

■ ओडिशा से लाकर कबीरधाम और राजनांदगांव में खपाने की थी तैयारी

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने बागबाहरा और कोमाखान थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल 14.600 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 35 हजार रुपए बताई गई है। दोनों मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन समेत कुल 8 लाख 48 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार, एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर दोनों कार्रवाईयों को अंजाम दिया गया।

बागबाहरा में 9.9 किलो गांजा के साथ दो आरोपी दबोचे

थाना बागबाहरा पुलिस ने 1 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 9.900 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-09 जेएस-3340, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपए है, तथा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इस मामले में प्रेम कुमार साहू (32 वर्ष), निवासी बोड़ला, जिला कबीरधाम तथा आसिम खान (26 वर्ष), निवासी गंडई खुर्द, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ थाना बागबाहरा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई है।

17 बॉटल नैनो यूरिया जब्त, समिति सहित चार कृषि केन्द्रों को नोटिस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में संचालित कृषि आदान विक्रय केंद्रों का कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जांच अभियान जारी है तथा अनियमिता पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को उर्वरक निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 17 बॉटल नैनो यूरिया जब्त कर 2 सहकारी समिति एवं 2 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, रोहांसी का निरिक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सहकारी समिति में संधारित ह्युमिक एसिड से संबधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने के कारण उपलब्ध 17 बोतल 500 एमएल ह्युमिक एसिड जब्त कर समिति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, छेरकापुर का निरीक्षण के दौरान सहकारी समिति में भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं पॉस मशीन में प्रदर्शित मात्रा में भिन्नता पाए जाने के कारण समिति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्राम देवसुन्द्रा में संचालित मुन्ना कृषि सेवा केंद्र एवं देव कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। विक्रय केन्द्रों द्वारा उर्वरक विक्रय की नियमित जानकारी प्रस्तुत न करने के कारण दोनों विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्राम दतान के वेद कृषि सेवा केंद्र तथा डबल लॉक पलारी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विकासखंड बलौदाबाजार के निरीक्षक लोकनाथ दिवान ने ग्राम सकरी के साहू ट्रेडर्स का निरीक्षण निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए ।

उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिला स्तर एवं अनुविभाग स्पतर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जो जिले थोक एवं फुटकर विक्रय केन्द्रों का औचक निरिक्षण करेंगे तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। इस वर्ष समितियों में यूरिया, डीएपी एवं पोटाश के अतिरिक्त एनपीके, एसएसपी, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का भी पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया गया है। जिले को यूरिया 42930, डीएपी 16500, पोटाश 3500, एसएसपी 8000 तथा एनपीके 14500 कुल 85430 मे.टन का उर्वरक लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

पुलिसिंग व्यवस्था: प्रशिक्षु अधिकारियों को सेवा, अनुशासन, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का दिया संदेश

पुलिस उप महानिरीक्षक ने ली 10 प्रशिक्षु अधिकारियों की बैठक

बेमेतरा/ नवप्रदेश। जिला पुलिस बल को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा बेमेतरा जिले को 10 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों का जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए लगभग एक वर्ष की अवधि हेतु पदस्थ किया गया है। इन प्रशिक्षु अधिकारियों के आने से जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को नई ऊर्जा और कार्यक्षमता मिलने की उम्मीद है प्रशिक्षुओं ने राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी रायपुर से अपना बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इसके पश्चात उन्हें जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ किया गया है, जहां से कानून-व्यवस्था, अपराध विवेचना सहित पुलिस कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस कार्यालय बेमेतरा में जिले को प्राप्त 10 प्रशिक्षु अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें जिला पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था संधारण एवं पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया तथा कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी रामकृष्ण साहू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम नागरिकों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अपराध विवेचना, मर्ग संच, शिकायत एवं आवेदन की निष्पक्ष और गंभीर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही फरियादियों एवं आवेदकों के साथ शालीन, सम्मानजनक और मानवीय व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों सुरेश चौहान, सतवन सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सूरज प्रकाश, जितयेन्द्र कुमार, निधि गुप्ता, कल्पना महंत, गीतांजली, चंचल पांडेय, ईश्वरी कुमारी डुप्ले को कानून-व्यवस्था ड्यूटी के साथ-साथ थाना स्तर के विभिन्न् कार्यों की बारीक जानकारी दी जाएगी। इसमें प्रधान आरक्षक मोहर्रिर कार्य, गश्त एवं रात्रि पेट्रोलिंग, सीसीटीएनएस संचालन, कोर्ट मोहर्रिर, संत्री ड्यूटी, मुलजिम पेशी, न्यायालयीन कार्यवाही तथा बीट आरक्षक के दायित्व शामिल हैं। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुभवी पुलिस कर्मियों द्वारा दिया जाएगा। जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को जनसंपर्क, अपराध नियंत्रण और पुलिस प्रशासन की वास्तविक कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। इससे भविष्य में वे एक सक्षम, अनुशासित और जनोन्मुखी पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे।

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने बैठक में उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों को ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ आमजन की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए पुलिस सेवा के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को सेवा, अनुशासन, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने की सीख दी। साथ ही, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों एवं भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शौचालय बना लूट का अड्डा, चाकू की नोक पर 25 हजार उड़ाए, दबोचे बदमाश

बालोद। शहर के बुधवारी बाजार स्थित सब्जी मंडी में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का बालोद पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया। शौचालय के भीतर चाकू की नोक पर एक युवक से 25 हजार रुपये लूटने वाले नाबालिग सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 11,370 रुपये और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम रेंगनी निवासी डोमेश्वर पटेल सुबह लगभग 9:30 बजे अपनी टीवीएस पावर एक्सएल मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने के लिए 25 हजार रुपये लेकर बुधवारी बाजार स्थित सब्जी मंडी पहुंचे थे। उनके पीछे-पीछे दो युवक भी शौचालय के अंदर घुस गए और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद एक आरोपी ने उनके पेट में धारदार चाकू अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने मारपीट करते हुए जेब में रखे 25 हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना बालोद में अपराध दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमेश ध्रुवे उर्फ दाऊ (27 वर्ष), निवासी वार्ड 6, शिव मंदिर गली, पाण्डेपारा, बालोद, कमल ठाकुर (26 वर्ष), निवासी वार्ड 5, हीरापुर रोड, पाण्डेपारा, बालोद, एक अपचारी बालक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

दिव्यांगजन अपनी क्षमताओं का उपयोग कर बनें सशक्त व आत्मनिर्भरः डॉ. रमन

■ **दिव्यांजन सहायक उपकरण वितरण समारोह में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह**

■ **दिव्यांगजनों के खुशियों का साक्षी बना वक्त, 326 निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी), भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्यांजन सहायक उपकरण वितरण समारोह में शिरकत की। यह वक्त दिव्यांगजनों के खुशियों का साक्षी बना जब विधानसभा अध्यक्ष ने 252 दिव्यांगजनों को 73 लाख 53 हजार रूपए की लागत के 326 निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया के दूरराज क्षेत्रों से दिव्यांगजन आए हैं। भारत सरकार की एडिप योजना, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी), भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर के सहयोग से 252 दिव्यांगजनों को निःशुल्क

सहायक उपकरण वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च से 13 मार्च 2026 तक शिविर लगाकर दिव्यांजनों का चिन्हांकन किया गया था। कार्यक्रम में 113 मोट्राराइज्ड ट्रायसाईकिल, 69 ट्रायसाईकिल, 49 व्हील चेयर, 28 बैसाखी, 38 वाकिंग स्टिक, 2 स्मार्ट फोन, 5 सुगम्य केन, 12 टीएलएम किट, 2 सिलिकॉन कुशन, 8 सीपी चेयर का दिव्यांगजनों को निःशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव पहला जिला है, जहां 40 प्रतिशत वाले दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदाय किया जा रहा है और सर्वाधिक उपकरण भी राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को प्रदाय किया जा रहा है। राजनांदगांव जिला प्रदेश का पहला जिला है, जहां 80 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले 100 हितग्राहियों को भी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दी जा रही है। पहले यह सुविधा केवल 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वालों को मिलती थी। जिला प्रशासन द्वारा एक जीवंत, सजग एवं संवेदनशील पहल की गई है।

ऐसे दिव्यांगजन जो शेष रह गए हैं, उनके लिए शिविर आयोजित करने कहा। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें पेंशन प्राप्त नहीं होता, उन्हें वीबीरामजी के तहत कार्ड प्रदान किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों से कहा कि अपनी क्षमता का उपयोग रोजगार सृजन के लिए करेंगे। आत्मनिर्भर बनते हुए अपने परिवार की मदद करें। सांसद संतोष पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण नर सेवा ही नारायण सेवा है का स्मरण करते हुए कहा कि दूरदराज से आज यहां दिव्यांगजन आए हैं। उन्होंने एलिम्को एवं अन्य सभी सहयोगी संस्थानों को साधुवाद दिया। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री साय, समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजनों की चिंता करते है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सेवा कार्य के तहत आज 113 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोट्राइज्ड ट्रायसाईकिल दी गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करते हुए उनके लिए सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उनका ब्लू प्रिंट तैयार कर उनकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी रखी जा रही है।

जंगली सुअर का शिकार कर पका रहे थे मांस, चार आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़। खेत मे बिजली करंट तार लगाकर जंगली सुअर का शिकार करने के चार आरोपियों से मांस, तार सहित अन्य सामान की बरामदगी के बाद आरोपियो को न्यायालय मे पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामला छुईखदान वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुड़मुड़ी का बताया गया है। गोपनीय सूचना के बाद गांव पहुँची वनविभाग टीम को वहां खेत मे करंट लगाकर जंगली जानवर का शिकार किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान टीम ने गांव के पेखन वर्मा 38 वर्ष, बृजलाल कंवर 39 वर्ष, सेवनदास 24 वर्ष और मेनकुमार वर्मा 31 वर्ष के घरो मे तलाशी लेकर जंगली सुअर का मांस पकाते पकड़ा। वन अमले द्वारा पूछताछ मे आरोपियो ने जंगली सुअर का आरोपी पेखन वर्मा के खेत मे करंट लगाकर शिकार करना कबूल किया। कारवाई के दौरान वनअमले ने मौके से जंगली सुअर का मांस, शिकार मे प्रयुक्त सामाग्री बासुला, कुल्हाडी, हंसिया औी तीन कढ़ाई जप्त की। आरोपियो के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही करते सभी आरोपियो को न्यायालय मे प्रस्तुत किया जहां से सभी आरोपियो को उपजेल सलोनी भेजा गया।

जमीन के भीतर छिपाकर रखा था गांजा, बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कबीरधाम पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देवारपारा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जमीन के भीतर छिपाकर रखा गया गांजा एवं बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई के बाद नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, कोतवाली थाना एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम ने

कवर्धा शहर के देवारपारा क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया। अभियान की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल स्वयं मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की निगरानी की। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध मकानों, खाली प्लॉटों एवं आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कई स्थानों पर जमीन के भीतर छिपाकर रखे गए मादक पदार्थ और अवैध शराब बरामद की गई।

पुलिस ने देवारपारा निवासी दिवस झारिया (37 वर्ष), पिता घसिया झारिया के घर पर कार्रवाई करते हुए 1.800 किलोग्राम गांजा तथा 69 पौवा अवैध शराब (करीब 12.42 लीटर) जब्त की। पुलिस ने सोनहरिन देवार के घर के सामने स्थित खाली प्लॉट से लावारिस हालत में 1.300 किलोग्राम गांजा एवं 61 पौवा अवैध शराब (करीब 10.980 लीटर) बरामद की। इसी प्रकार नकुल देवार के घर के बगल स्थित स्थान से लावारिस हालत में 1.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे का कारोबार समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरा है।

घर में फंदे पर लटकी मिली नाबालिक युवती की लाश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। क्षेत्र के ग्राम टेड़ेसरा में नाबालिक युवती कि लाश बंद कमरे में मिला जहां अंदर से दरवाजा बंद था। एक तरफ लड़की की माता ने बताया कि चार से पांच माह से काम के लिए इंदौर में निवास कर रहे थे। इधर सोमनी पुलिस ने बताया कि युवती इंदौर से दुर्ग आई हुई थी। तभी युवती काम के सिलसिले में टेड़ेसरा आई थी । सोमनी पुलिस ने बताया कि युवती का नाम फिरदौस मिर्जा पिता मिर्जा असलम उम्र 17 वर्ष दुर्ग की रहने वाली थी। कुछ माह पूर्ण ही लड़की टेड़ेसरा में कार्तिक पराते की मकान में किराए पर अकेले रहती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून को दोपहर 2:00 बजे युवती की फंदे पर

लटकाने की जानकारी मिली तभी सोमनी पुलिस मौके पर पहुंचकर फंदे से नीचे उतारा गया जिसे पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखा गया था । इधर नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि युवती के घर वालों के द्वारा लिखित शिकायत देने पर कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। आगे की प्रक्रिया किया जाएगा।

जिपं सीईओ ने अपनाया कड़ा रुख

■ **कार्यों में लापरवाही बरतने पर हुई कार्यवाही**

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत हीरापुर सचिव अतुल कुमार दिवाकर द्वारा अपने शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन आदेश जारी करते हुए बताया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा द्वारा सचिव अतुल कुमार दिवाकर के विरुद्ध पदीय दायित्वो के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं पद का दुरुपयोग करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। प्रस्ताव के आधार पर जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। प्रस्तुत जवाब समाधान कारक नहीं होने पर एवं पदीय दायित्व के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाई गई। जोकि छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 में निहित प्रावधानों के विपरीत होने के साथ कदाचरण की श्रेणी में होना पाया गया।

इस आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील नियम) 1999 में निहित प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत हीरापुर के सचिव श्री अतुल कुमार दिवाकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कवर्धा निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

नाम-परिवर्तन

मै गुमान यादव (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री कुमार यादव गाँव / शहर ग्राम मोतेसरा पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम अजय यादव (AJAY YADAV) पिता गुमान यादव (GUMAN YADAV) (पुराना नाम) से बदल कर डिगेश्वर यादव (DIGESHWAR YADAV) पिता गुमान यादव (GUMAN YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गुमान यादव
सुपुत्र/सुपुत्री कुमार यादव
गाँव/शहर ग्राम मोतेसरा
पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै गुमान यादव (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री कुमार यादव गाँव / शहर ग्राम मोतेसरा पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम अंश यादव (ANSH YADAV) पिता गुमान यादव (GUMAN YADAV) (पुराना नाम) से बदल कर ढाल सिंह यादव (DIGESHWAR YADAV) पिता गुमान यादव (GUMAN YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गुमान यादव
सुपुत्र/सुपुत्री कुमार यादव
गाँव/शहर ग्राम मोतेसरा
पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै अंजोर सिंह निषाद (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री किशन निषाद गाँव / शहर ग्राम मोतेसरा पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम हेमराज निषाद (HEMRAJ NISHAD) पिता अंजोर सिंह निषाद (ANJOR SINGH NISHAD) (पुराना नाम)) से बदल कर सिध्दार्थ निषाद (SIDDHARTH NISHAD) पिता अंजोर सिंह निषाद (ANJOR SINGH NISHAD) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
अंजोर सिंह निषाद
सुपुत्र/सुपुत्री किशन निषाद
गाँव / शहर ग्राम मोतेसरा
पोष्ट देवरबीजा तहसील साजा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202605100700140 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका किशोर कुमार सिंह पिता जोगेन्दर सिंह निवासी ग्राम सेक्टर-6 भिलाई जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 695/112 रकबा 0.003 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार आशीष कुमार सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2026 को यह उद्‌घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कुमारी वनीषा देशमुख (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री / संतेश्वर देशमुख निवासी ग्राम-अंजोरा (ढाबा) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में अपना नाम कुमारी वनीषा देशमुख पिता संतेश्वर देशमुख (पुराना नाम) से बदलकर वनीषा देशमुख (VANISHA DESHMUKH) पिता संतेश्वर देशमुख (SANTESHWAR DESHMUKH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कुमारी वनीषा देशमुख
सुपुत्र/सुपुत्री संतेश्वर देशमुख
निवासी ग्राम-अंजोरा (ढाबा)
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 202406101000036 /अ-06/वर्ष 2025-26

प्रति,
1. राधेश्याम पाण्डेय आ. केदार नाथ पाण्डेय निवासी मं. न. आरजेड/ 28 महावीर एनक्लेव -1 पालव विपेज स.ओ. साउथ वेस्ट दिल्ली, 2. चारूशीला उर्फ साधना पति राजू पाटिल अन्य 04, 3. पवन देव पिता स्व. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा, 4. सुभाष जायसवाल आ. रामाधार जायसवाल निवासी केम्प 02 भिलाई, 5. सुमित कुमार सिन्हा आ. शारदा प्रसाद सिन्हा, 6. अगनू / सुखराम, 7. सुखदेव टेटकू निवासी - भिलाई तह. व जिला दुर्ग
पक्षकार - राजू कांशी राम पाटिल पिता के. बी. पाटिल निवासी शांति नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग
अनावेदक- छ.ग. शासन विरूद्ध

आपको सूचित किया जाता है इस न्यायालय का रा.प्र. कं. 202406101000036/अ-6/वर्ष 2025-26 आवेदक राजू कांशी राम पाटिल आ. के.बी. पाटिल साकिन शांति नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45, रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 775 रकबा 0.82 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया था, जो बंदोबस्त के दौरान नक्शा में त्रुटि हो गई है, को सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित आवेदन पत्र जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज 25.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग
-: सूचना- सीमांकन :-

संदर्भ तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 342/अ-12/2026 दिनांक 18.05.2026

प्रति,
श्री तन्मय वर्मा पिता सेवकराम वर्मा निवास दुर्ग।

उपरोक्त ज्ञापन के परिपालन में ग्राम फूलगांव के आवेदक/भूमिस्वामी तन्मय वर्मा पिता/पति सेवकराम वर्मा के द्वारा ग्राम फूलगांव प.ह.नं. 20 रा.नि.म. दुर्ग तहसील-दुर्ग जिला दुर्ग स्थित भूमि का सीमांकन हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 47/35 रकबा 3.000 हे.का सीमाकन / स्थल जांच मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नंबर से अभिलेखानुसार आपकी भूमि लगी हुई या आपके द्वारा बेची गई है।

अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (रजिस्टी ले आउट ऋण पुस्तिका इत्यादि) के साथ 01.06.2026 को समय 4.00 बजे उपस्थित रहे। हल्का पटवारी द्वारा चौहदी का मिलान अभिलेखों से कर तारीख तय की गई, हल्का पटवारी रिकार्ड के साथ उपस्थित रहे।

चौहदी कृषक का नाम/खसरा नं.:- 1. अजय पि. कपिल नारायण, 2. सेवक राम पि. हृदयराम वर्मा, 3. अजय चौहान पि. विपत चौहान, 4. मोहनलाल पि. रोशनलाल, 5. राजेन्द्र सुराना पि. मांगीलाल, 6. द्वारिका पल्लव पि. दिलीप कुमार, 7. आलोक राठौर पि. के.के. राठौर, 8. सुनील चंद्राकर पि. शिव चंद्राकर।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला-दुर्ग
-: आम-सूचना :-

जारी दिनांक 22.05.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर पहनं 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध मे आवेदक श्री/श्रीमती मेसर्स शांति बिजनेस एसोसिएट्स भागीदार अशोक नारायण पिता/पति श्री राम उजागिर सिंह निवासी ग्राम अमलेश्वर, के द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं0 45 रकबा 1.98 हे. ग्राम अमलेश्वर प0ह0नं0 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) के भूमि का सीमांकन / बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ नक्शा त्रुटि सुधार / अभिलेख दुरूस्ती / स्थल जांच हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व) / नायब तहसीलदार / तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 22/05/2026 के परिपालन मे आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 08/06/2026 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय मे अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रसतुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जाने।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
अमलेश्वर तह. पाटन

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला-दुर्ग
-: आम-सूचना :-

जारी दिनांक 22.05.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर पहनं 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध मे आवेदक श्री/श्रीमती मेसर्स शांति बिजनेस एसोसिएट्स भागीदार अशोक नारायण पिता/पति श्री राम उजागिर सिंह निवासी ग्राम अमलेश्वर, के द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं0 45 रकबा 1.98 हे. ग्राम अमलेश्वर प0ह0नं0 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) के भूमि का सीमांकन / बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ नक्शा त्रुटि सुधार / अभिलेख दुरूस्ती / स्थल जांच हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व) / नायब तहसीलदार / तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 22/05/2026 के परिपालन मे आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 08/06/2026 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय मे अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रसतुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जाने।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
अमलेश्वर तह. पाटन

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100800053 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम खिलोराखुर्द, प.ह.न. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक इन्द्रकुमार पिता स्व. तामेश्वर निवासी ग्राम खिलोराखुर्द के द्वारा ग्राम खिलोराखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 239/1 (0.0400), 363/3 (0.0600), 322/2(0.2600), 304/1 (0.5500) हे. भूमि के खातेदार आवेदक के पिता तामेश्वर पिता जगदीश का मृत्यु दिनांक 25/01/2026 को हो जाने के कारण फौती दर्ज कराने निवेदन किया गया है, जिसका प्रमाणीकरण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वादभूमि का दान पत्र के आधार पर नामातरण किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12.06.2026 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 78/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अंशुल जैन आ. महेन्द्र जैन, निवासी गंजपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार नजूल स्थित भूमि शीट क. 31 ए, भूखण्ड क. 40/2, रकबा 105.99 वर्गमीटर भूमि सुभाष चंद आ. स्व. कुन्दनमल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा पंजीकृत बैनामा 30.04.2026 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक द्वारा नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.06.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430107200055

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी शबनम बेगम पिता/पति-ध.प. मिर्जा महमुज बेग पता-मोहन नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 826/115 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्यामी/क्रेता मिर्जा यासीन बेग, मिर्जा रोशन बेग, मिर्जा कासिम बेग पिता/पति-पिता मिर्जा महमूद पता-मोहन नगर दुर्ग श्रीमती आमना मिर्जा पिता/पति-पिता मिर्जा महमूद पता-साई नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै कु. तनु साव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नि / पिता स्वयं कु. तनु साव वर्तमान पता- जामुल भिलाई तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम कु. तनु साव (पुराना नाम) से बदल कर तनु गुप्ता (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कु. तनु साव
वर्तमान पता- जामुल
भिलाई तहसील भिलाई-03
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800134

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी विम्मी छिब्बर पिता/पति स्व. सोमेश छिब्बर पता सिविक सेंटर भिलाई, ना.बा. गोजीत छिब्बर पिता/पति स्व. सोमेश छिब्बर पता सिविक सेंटर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 516/15(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोजीत छिब्बर पिता/पति स्व. सोमेश छिब्बर पता 92 मैत्री नगर फेस 06 रिसाली भिलाई, विम्मी छिब्बर पिता/पति स्व. सोमेश छिब्बर पता सिविक सेंटर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक ममता गुलाटी आ./ध.प. ढालुराम वोहरा निवासी रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 307/03 रकबा 0.120 हे. भूमि को रजिस्ट्री दानपत्र के आधार पर दिनांक 28.04.2026 के आधार पर दानकर्ता सीता देवी वोहरा पिता/पति ढालुराम वोहरा से क्रय किया गया है। कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं घनश्याम विश्वकर्मा पिता शीतल राम, उम्र 61 वर्ष (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) निवासी-52, भाटापारा, पिनकापार, पोस्ट सिकोसा, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम घनश्याम विश्वकर्मा पिता शीतल राम (पुराना नाम) से बदलकर घनाराम पिता शीतल (नया नाम रख लिया है)

शपथकर्ता
घनश्याम विश्वकर्मा
पिता शीतल राम,
निवासी-52, भाटापारा,
पिनकापार, पोस्ट सिकोसा, तहसील
गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं दुर्वासा सिन्हा पिता जागृत सिन्हा, उम्र-31 वर्ष, (माता/पिता/पालक का नाम) पता-म.नं.-69, वार्ड नं.-11, आजाद चौक, ग्राम जुनवानी, पोस्ट सिकोसा, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद छत्तीसगढ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/ सुपुत्री का नाम ड्यूमानि सिन्हा पिता दुर्वासा सिन्हा (पुराना नाम) से बदलकर राघव सिन्हा पिता दुर्वासा सिन्हा (नया नाम) रख लिया है)

शपथकर्ती
दुर्वासा सिन्हा पिता जागृत सिन्हा,
पता-म.नं.-69, वार्ड नं.-11,
आजाद चौक, ग्राम जुनवानी,
पोस्ट सिकोसा, तहसील गुण्डरदेही,
जिला बालोद(छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202601504700018 /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अवधेश कुमार पाठक पिता विद्याशरण पाठक जाति ब्राम्हण उपजाति- पाठक निवासी - कुटेलाभाठा जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने पुत्र अभिषेक पाठक के नाम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2026 को यह उद्‌घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना- पत्र :-

क्रं. 238/रा.नि.2026

प्रति,
आवेदक 1. राजेश कुमार साव आ. महेन्द्र साव, 2. रुपेश कुमार साहू, 3. विजय कुमार जैन, 4. सूर्यभान सिंह ठाकुर
विषय :- स्थल जांच के संबंध में सूचना।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45. रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. रकबा 7915/1 रकबा 0.0100 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू - अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 29 दिनांक 25.05.2026 के परिपालन में दिनांक 05.06.2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
कोहका

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202605103800019/43 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सुनील कुमार सुकुमारन पिता स्व. व्ही. सुकुमारन पिल्लई, निवासी कोल्लम केरला के तरफ से अधिकारग्रहिता चिटुरी वेंकटेश्वरा राव पिता स्व. चिटुरी भैरव मूर्ति द्वारा पेश आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/426, क्षेत्रफल 150. 00 वर्गमीटर भूमि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा व्ही. सुकुमारन पिल्लई पिता स्व. वासु पिल्लई के नाम पर आबंटित है। उक्त पट्टे की अवधि मार्च 2038 तक है। भू-धारक की मृत्यु दिनांक 30.07.2023 को हो चुकी है। उनके वारिसान पत्नि थंकमनी अम्मा, पुत्र सुनील कुमार सुकुमारन, एस. संतोष कुमार व टी. गीता है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा वारिसानों के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.06.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै सरला देवी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नी गोविंद सिंह सोलंकी निवासी एम.आई.जी. 1/935, आमदी नगर श्री राम चौक के पास, हुडको भिलाई थाना भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम (पुराना नाम) सरला देवी (SARLA DEVI) पिता गोविंद सिंह सोलंकी (GOVIND SINGH SOLANKI) से बदलकर सरला रैकवार (SARLA RAIKWAR) पति उमेश कुमार रैकवार (UMESH KUMAR RAIKWAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
सरला देवी सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नी
गोविंद सिंह सोलंकी
निवासी एम.आई.जी. 1/935,
आमदी नगर श्री राम चौक के पास,
हुडको भिलाई थाना भिलाई नगर
तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.(छ.ग.)

शासकीय भूमि पर अवैध रेत-मुरूम डंप, राजस्व विभाग ने जब्त कर पंचायत को सौंपा कब्जा

धमधा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दारगांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किए गए 7 हाईवा अवैध रेत एवं 2 हाईवा मुरूम, 1 हाईवा जीरा गिट्टी भंडारण के खिलाफ राजस्व विभाग ने जप्ति की बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में खनिज सामग्री जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दी है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश पर राजस्व अमले ने मौके का निरीक्षण किया, जहां शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से रेत-मुरूम का भंडारण पाया गया। जांच के बाद पंचनामा तैयार कर खनिज सामग्री जब्त की गई तथा मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और अवैध भंडारण के पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ राजस्व एवं खनिज नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल जब्ती तक कार्रवाई सीमित न रहे, बल्कि शासकीय भूमि को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जब्त की गई रेत और मुरूम की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि कोई भी व्यक्ति उसे अवैध रूप से चोरी न ले जा सके।

सुशासन तिहार के दौरान हुई इस कार्रवाई को राजस्व विभाग की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिसने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और खनिज भंडारण करने वालों में हड़कंप मचा दिया है।

इधर ग्रामीणों के बीच एक नई चर्चा यह भी है कि तहसीलदार वर्तमान में हड़ताल पर हैं। ऐसे में जिन अतिक्रमण मामलों में बेदखली के आदेश जारी हो चुके हैं, उन पर आगे की कार्रवाई आखिर किस अधिकारी के माध्यम से की जाएगी, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई में लगातार हो रही देरी से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि प्रशासन द्वारा अवैध रेत-मुरूम भंडारण पर तो कार्रवाई कर दी गई, लेकिन वर्षों से लंबित अतिक्रमण प्रकरणों का क्या होगा। ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि बेदखली आदेशों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अब किसके कंधों पर होगी और कब तक वास्तविक कार्रवाई जमीन पर दिखाई देगी।

अब सभी की निगाहें प्रशासनिक अमले पर टिकी हैं। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि प्रशासनिक तंत्र शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में कितना सफल होता है। देखना यह होगा कि प्रशासन की कार्रवाई के आगे अतिक्रमणकारी झुकते हैं या फिर अपने अधिकारों और शासकीय भूमि की रक्षा की मांग को लेकर ग्रामीणों की आवाज और मुखर होती है। फिलहाल दारगांव में अवैध भंडारण पर हुई कार्रवाई के बाद अतिक्रमण के लंबित मामलों को लेकर भी प्रशासन पर जवाबदेही और कार्रवाई का दबाव बढ़ता नजर आ रहा है।

> ग्रामीणों और पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा शिकायत पर कार्यवाही की गई। आगे और भी जाँच जारी है।
>
> **- सोनाल डेविड**, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा

न्यूज गैलरी

पुरानी रंजिश पर महिला से मारपीट, तीन पर केस

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम पतेरापाली में पुरानी बातों को लेकर एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक-05 डोंगरीपारा पतेरापाली निवासी आशा सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 मई को गांव के किरण पटेल, बिल्लू पटेल और पूजा सिदार ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ विवाद किया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296 और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस एक अगस्त से प्रतिदिन चलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। यात्रियों की सुविधा, बेहतर रेल कनेक्टिविटी एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 18249/18250 तथा 18251/18252 हसदेव एक्सप्रेस की सेवाओं का विलय कर इसे प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में 18249/18250 रायपुरङ्कोरबाङ्करायपुर हसदेव एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन तथा 18251/18252 रायपुर कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन संचालित की जा रही है। इन दोनों ट्रेनों की सेवाओं का विलय करते हुये 01 अगस्त से ट्रेन संख्या 18249/18250 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन संचालित होगी। इस निर्णय का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यात्रियों को अब दो अलग-अलग ट्रेन नंबरों और अलग-अलग संचालन दिनों की जानकारी याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। एक ही ट्रेन संख्या 18249/18250 हसदेव एक्सप्रेस प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी, जिससे यात्रा योजना बनाना अधिक सरल और सुविधाजनक होगा ।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल का पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर की अंग्रेजी माध्यम की स्कूल मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आठवीं के बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान 98.17त्न सोनाली माईती, द्वितीय स्थान 97.83त्न शुभम साहू और तृतीय स्थान 97त्न मोहम्मद कैफको मिला। वही कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान 99त्न दो विद्यार्थियों जीविका साहू और विद्या देवांगन को मिला। द्वितीय स्थान 98.5त्न मनीष कुमार साहू और तृतीय स्थान 97त्न अस्तित्व मिश्रा ने प्राप्त किया। शाला प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हने एवं स्टाफने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

अमरजीत कौर ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का प्राचार्य पद ग्रहण किया

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भाटापारा में नए प्राचार्य का पदभार अमरजीत कौर राजपूत ने ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षण संस्थान रायपुर के पदाधिकारी के रूप में राम भरोसे सोनी एवं मोहन राव पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष भट्टर व्यवस्थापक सहव्यवस्थापक टुपेंद्र शर्मा श्रीमती दुर्गेश नंदनी गुप्ता (उपाध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति),कार्यक्रम अध्यक्ष वल्लभ लाहोटी (अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति) , दीपक राय मेम्बर , टेकराम वर्मा प्रभारी प्राचार्य एवं श्रीकांत मंडल प्रधानाचार्य सहित आचार्य गण और कक्षा 12वीं के भैया-बहन उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण के इस कार्यक्रम में टेक राम वर्मा ने प्राचार्य के रूप में अमरजीत कौर राजपूत को कार्यभार सौपा । कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार विभाग प्रमुख राम कुमार राठौर ने दी ।

किसानों को अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद-बीज खरीदने की अपील, 666 बैग धान बीज के विक्रय पर लगी रोक

खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्ती

■ बीज विक्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण में अनियमितताएं उजागर

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रशासन के द्वारा खाद एवं बीज के अवैध परिवहन, कालाबाजारी, मुनाफाखोरी रोकने तथा शासन द्वारा कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री बीएस उईके के निर्देशानुसार एवं कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन रॉय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक श्री अनिल कुमार कौशिक एवं बीज निरीक्षक द्वारा आज देवभोग एवं मैनपुर ब्लॉक के 04 बीज विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मेसर्स विकास ट्रेडर्स सीनापाली, मेसर्स शारदा बीज उत्पाद सीनापाली विकासखण्ड-देवभोग एवं मेसर्स लच्छ धान बीज एवं मक्का भंडार ढोर्रा एवं मिश्रा ट्रेडर्स धनौरा, विकासखण्ड-मैनपुर द्वारा बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 एवं बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के निर्धारित मापदण्डों का उल्लंघन पाया गया।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स विकास ट्रेडर्स सीनापाली द्वारा अघोषित परिसर मे बीज भंडारण, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीज विकय, विक्रय संबंधी दस्तावेजों का संधारण नहीं करना तथा उच्च कार्यालय को मासिक प्रतिवेदन प्रेषित नहीं करना पाया गया। इसी प्रकार मेसर्स शारदा बीज उत्पाद सीनापाली एवं मेसर्स लच्छु धान बीज एवं मक्का भंडार ढोर्रा एवं मेसर्स मिश्रा ट्रेडर्स धनौरा द्वारा बीज अधिनियम के समस्त खण्डों यथा अघोषित परिसर में बीज भंडारण, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीज विक्रय, विक्रय संबंधी दस्तावेजों का संधारण नहीं करना, उच्च कार्यालय को मासिक प्रतिवेदन प्रेषित नहीं करना तथा बिना लाइसेंस के बीज विकय करना आदि पाया गया। जिसके फलस्वरूप 03 प्रतिष्ठानों में उपलब्ध धान बीज जप्त कर सील बंद की कार्यवाही किया गया तथा संबंधित प्रतिष्ठानों में उपलब्ध 666 बैग धान बीज के विक्रय पर 10 दिवस हेतु प्रतिबंध लगाया गया।

जिले के समस्त किसान भाईयों से अपील किया जा रहा है कि संतुलित उर्वरक एवं बीज की मात्रा का निर्धारित दर पर अधिकृत विक्रेता से ही क्रय करें एवं सामग्री का पक्का बिल आवश्यक रूप से लेवें। अनाधिकृत रूप से व्यवसाय अथवा अधिक कीमत पर विक्रय करने की जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियों को सूचित करने का आग्रह किया गया। अनाधिकृत रूप से व्यवसाय अथवा अधिक कीमत पर विक्रय करने की जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियों को सूचित करने का आग्रह किया गया। कोई भी अफवाहों तथा भ्रामक खबरों पर ध्यान ना दे तथा किसी भी समस्या कि स्थिति में संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति अथवा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (9977106777, 7987538588, 9131198044) से सीधे सम्पर्क करें। शासन द्वारा खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था की सत्त निगरानी की जा रही है तथा किसानों को समय पर आवश्यकतानुरूप उच्च गुणवत्ता युक्त उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सूने मकान में चोरी करने वाले दो शातिर बिलासपुर से गिरफ्तार

लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी बरामद

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा शहर पुलिस को चोरी के एक बड़े मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुभाष वार्ड भाटापारा स्थित एक सूने मकान में हुई लाखों की चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने बिलासपुर से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर और नगदी रकम जब्त की गई है।

शहर थाना परिसर में उपरोक्त चोरी का खुलासा करते हुए एसडीओपी तारेश साहु ने बताया कि प्रार्थी ढाल सिंह ठाकुर, निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा अपनी पत्नी का इलाज कराने रायपुर गए हुए थे। इस दौरान उनका मकान सूना था। प्रार्थी के सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ा और अलमारी में रखे नगदी रकम तथा सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 09:00 बजे नौकरानी के घर में काम करने के लिए घर आने के बाद हुई। नौकरानी ने देखा कि घर के दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था तथा अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन और उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पता चला कि पीड़ित के मोहल्ले (सुभाष वार्ड) में ही किराए के मकान में रहने वाले दो संदिग्ध युवक घटना के बाद से गायब हैं। ?पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पीछा किया गया, जिसके बाद दोनों शातिर आरोपियों अरुण साल्वे मण्डी चौक टिकरापारा बिलासपुर और संजय खरे निवासी टिकरापारा बिलासपुर को बिलासपुर से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।

भाटापारा के युवाओं को मिली बड़ी सौगात

भाटापारा में बनेगा हाइटेक 250 सीटर नालंदा परिसर

भाटापारा/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भाटापारा सहित प्रदेश के 5 नगरीय निकायों में 250 सीटर नालंदा परिसर (लाइब्रेरी व अध्ययन केंद्र) निर्माण कार्य के लिए कुल ?2207.38 लाख (बाईस करोड़ सात लाख अड़तीस हजार रुपये मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। ?इस आदेश के तहत नगर पालिका को नालंदा परिसर के निर्माण के लिए विशेष रूप से ?441.49 लाख (चार करोड़ एकतालीस लाख उनाचस हजार रुपये) की राशि अनुशंसित कर स्वीकृत की गई है।

इस स्वीकृति से अब भाटापारा के छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई के लिए सर्वसुविधायुक्त, आधुनिक और शांत वातावरण वाला एक बड़ा केंद्र (नालंदा परिसर) अपने ही शहर में मिल सकेगा।

?इस ऐतिहासिक सौगात पर हर्ष व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने राज्य सरकार का आभार और शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि शहर में एक सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक लाइब्रेरी (नालंदा परिसर) की मांग लंबे समय से की जा रही थी। हमारे बच्चे उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं (क्कस्ष्ट, ष्टत्रक्कस्ष्ट, बैंकिंग, रेलवे आदि) की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख करते थे, जिससे उन पर और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ता था।

राज्य शासन द्वारा भाटापारा के लिए ?441.49 लाख की इस भारी-भरकम राशि की स्वीकृति मिलने से अब हमारे शहर के भीतर ही 250 सीटों की क्षमता वाला भव्य 'नालंदा परिसर' बनकर तैयार होगा। यहाँ युवाओं को न केवल देश-दुनिया की बेहतरीन किताबें और ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी, बल्कि पढ़ाई का एक शानदार माहौल भी मिलेगा। मैं इस संवेदनशील और विकासपरक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ,नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ,सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का भाटापारा की पूरी जनता और युवा शक्ति की ओर से सहृदय धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूँ। मैं भाटापारावासियों को विश्वास दिलाता हूँ कि यह परिसर हमारे नगर की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गर्व का प्रतीक बनेगा।

हाईकोर्ट की सख्ती और शासन के आदेशों के बावजूद ब्लॉक में नहीं थमा 'हेल्पर सिस्टम'

■ पटवारियों के साथ गैर-सरकारी लोगों की सक्रियता पर उठ रहे सवाल, राजस्व कार्यों में अनाधिकृत दखल की शिकायतें

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी और राज्य शासन द्वारा सभी कलेक्टरों एवं संभागायुक्तों को जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद छुईखदान ब्लॉक में कथित तौर पर हेल्पर सिस्टम आज भी जारी है। आरोप है कि ब्लॉक के कई पटवारी अपने साथ निजी व्यक्तियों को सहयोगी या हेल्पर के रूप में रखे हुए हैं और राजस्व विभाग से जुड़े अनेक कार्य इन्हीं लोगों के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा-खसरा, ऋण पुस्तिका सहित अन्य राजस्व कार्यों के लिए जब वे पटवारी कार्यालय पहुंचते हैं तो अक्सर उनका सामना पहले इन निजी व्यक्तियों से होता है। कई मामलों में आवेदन लेना, जानकारी देना, फाइलों की स्थिति बताना और लोगों से संपर्क बनाए रखना भी कथित रूप से इन्हीं लोगों द्वारा किया जाता है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने भी तत्काल कदम उठाए और स्पष्ट निर्देश जारी किए कि किसी भी शासकीय कार्यालय में अनाधिकृत अथवा गैर-सरकारी व्यक्ति द्वारा शासकीय कार्य नहीं कराया जाएगा।

हाईकोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान

वर्ष 2017 में एक समाचार प्रकाशित होने के बाद, जिसमें राजस्व प्रशासन के कार्यों में गैर-सरकारी व्यक्तियों की भूमिका का उल्लेख था, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने W.P.(PIL) No.17/2017 के तहत स्वतः संज्ञान लिया था। समाचार में आरोप था कि राजस्व कार्यालयों में बाहरी लोगों की दखल बढ़ रही है और सरकारी कार्यों में उनका उपयोग किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने इसे गंभीर विषय मानते हुए राज्य शासन से जवाब तलब किया था।

पेज 3 का शेष...

करोड़ों की लागत-शून्य राहतः 24...

की चुप्पी से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पानी की किल्लत का असर परमालकसा, ककरेल, टेड़ेसरा, अचानकपुर, महुआभाटा, तोरणकटा, इंदावानी, सोमनी, फुलझर और कोपेडीह सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के इस दौर में पेयजल संकट ने उनकी दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है और कई स्थानों पर लोगों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

अटैचमेंट खत्म का सरकारी...

तथा अन्य संस्थाओं में पदस्थ हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि विधानसभा के प्रश्न क्रमांक-54 के जवाब में लोक शिक्षण संचालनालय को भेजी गई जानकारी में इन शिक्षकों का उल्लेख ही नहीं किया गया। विभाग ने केवल 44 शिक्षकों के संलग्नीकरण की जानकारी भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली, जबकि नवकिरण अकादमी और जिला ग्रंथालय में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी छिपा ली गई।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इन : शिक्षकों को तत्काल उनके मूल विद्यालयों में भेजा जाए तो सैकड़ों विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। लेकिन वर्षों से चली आ रही यह व्यवस्था बताती है कि विभागीय आदेश और जमीनी हकीकत दो अलग-अलग दुनिया हैं।

विधानसभा के सवाल से बढ़ी बेचैनी

विधानसभा सचिवालय द्वारा विस्तृत जानकारी मांगे जाने के बाद शिक्षा विभाग में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि प्रश्नकाल में सरकार को इस मामले पर जवाब देना पड़ सकता है। ऐसे में विभाग अब उन सभी शिक्षकों का ब्यौरा जुटाने में लगा है जो आदेशों के बावजूद मूल पदस्थापना स्थल से अलग स्थानों पर कार्य कर रहे हैं।

क्या सिर्फ कागजों में खत्म हुआ अटैचमेंट?

महासमुंद का यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि अटैचमेंट समाप्त करने के सरकारी दावे और जमीनी सच्चाई में भारी अंतर है। यदि शिक्षक वर्षों तक विद्यालयों से बाहर रहकर अन्य संस्थाओं में कार्यरत हैं, तो फिर संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेशों का वास्तविक महत्व क्या रह जाता है? अभिभावकों और शिक्षक संगठनों का भी कहना है कि सरकार एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षकों की कमी दूर करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों का गैर-शैक्षणिक संस्थाओं में उपयोग किया जाना पूरी व्यवस्था की मंशा पर सवाल खड़ा करता है।

नेतन्याहू को फोन कर...

भी नाराज है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।

टीएमसी को तोड़ सकते...

की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं है। इधर, सोमवार को टीएमसी से निकाले गए 2 विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के एमएलए हॉस्टल में टीएमसी के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए।

नदियों के प्रदूषण पर ...

शुरू की है। इस मामले में राज्य शासन और पर्यावरण प्रदूषण मंडल से जवाब मांगा था।

फैक्ट्रियों की तरफ से क्या कहा गया ?

पर्यावरण मंडल ने कोर्ट को बताया कि नियमों का लगातार उल्लंघन करने पर कंपनियों को पहले बंद करने का आदेश दिया गया था। 54.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। हाल ही में हुई जांच में ऑनलाइन प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम बंद मिला और हवा में प्रदूषण की मात्रा तय मानकों से अधिक पाई गई।

अब कोर्ट कमिश्नर करेंगे जांच

हाईकोर्ट ने शपथ पत्र में दी गई जानकारी की हकीकत जानने के लिए एडवोकेट वैभव शुक्ला और अपूर्व त्रिपाठी को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। दोनों पर्यावरण मंडल के अफसरों के साथ मिलकर तीन डिस्टिलरी यूनिट्स का संयुक्त निरीक्षण करेंगे। डिस्टिलरी प्रबंधनों को निर्देश दिया गया है कि वे जांच में पूरा सहयोग करें। कोर्ट कमिश्नर को 30 दिनों के भीतर अपनी सीलबंद संयुक्त रिपोर्ट सौंपनी होगी।

नवप्रदेश ने उठाया था जीवनदायिनी नदियों का मुद्दा

बता दें कि नवप्रदेश ने नदियों के संरक्षण को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हमने नदी के पानी में घुलता जहर और जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। नदियों में गंदगी बहाई जा रही है। शिवनाथ, खारून और महानदी जैसे नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाला जा रहा है। बता दें कि हाईकोर्ट लगातार नदियों के संरक्षण को लेकर सख्त निर्देश जारी कर रहा है। शासन से लगातार शपथ पत्र भी मांगा जा रहा है।

सीबीएसई के चेयरमैन और...

संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया।

अगस्त से कम बजट पर...

हो रही दिक्कतों से अब जल्द ही निजात मिलने वाली है। रूट चार्ट में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि छात्र समय पर स्कूल-कॉलेज और मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच सकें।

रूट चार्ट में इन्हें दी गई प्राथमिकता

- निगम प्रशासन के अनुसार, ये ई-बसें पूर्व की तरह चांपा या कटघोरा तक लंबी दूरी के लिए नहीं चलेंगी। इन्हें लोकल और उपनगरीय रूटों पर केंद्रित किया गया है।
- शैक्षणिक संस्थानः पीएम स्कूल, पीजी कॉलेज, कमला नेहरू कॉलेज और मिनीमाता कॉलेज को रूट से जोड़ा गया है ताकि कक्षाएं शुरू होने से पहले छात्र सुरक्षित पहुंच सकें।
- उपनगरीय क्षेत्रः बांकीमोगरा, दीपका, बालको और हरदीबाजार जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए नियमित बसें चलेंगी।
- चिकित्सा व रेलवे स्टेशनः रेलवे स्टेशन और मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने के लिए प्रमुख चौकों के प्रतीक्षालय से नियमित बस सेवाएं मिलेंगी, जिसका समय सूचना पटल (टाइम टेबल) पर दर्ज होगा।

कम बजट में सतरेंगा की सैर

- शहरवासी और बाहर से आने वाले लोग बेहद कम खर्च में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतरेंगा तक पहुंच सकें, इसके लिए भी रूट में विशेष प्रविधान किया गया है।
- फुल चार्ज में 200 किमी का सफर, 1.54 करोड़ से बन रहा सब-स्टेशन
- बैटरी क्षमताः ई-बसों को शून्य से फुल चार्ज करने पर ये 200 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती हैं। इन 40 बसों में 20 मिनी बसें भी शामिल हैं, जो तंग रास्तों पर भी आसानी से चल सकेंगी।
- बसों को चार्ज करने के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड में 1.54 करोड़ की लागत से चार्जिंग सब-स्टेशन का निर्माण विद्युत वितरण विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है, जो अब पूर्णता की ओर है।

बालोद जिले के लाटाबोड़ में खुलासा मामला, असली मालिक ने रजिस्ट्री रुकवाने की लगाई गुहार, पुलिस कर रही मामले की जांच

फर्जी ऋण पुस्तिका के सहारे जमीन खरीदी-बिक्री का खेल, थाने तक पहुंची शिकायत

बालोद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम लाटाबोड़ में कृषि भूमि की कथित फर्जी बिक्री का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जमीन के मूल मालिक डर्मेंद्र कुमार गंजीर ने आरोप लगाया है कि उनकी जानकारी और सहमति के बिना कुछ लोग उनकी कृषि भूमि को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने थाना प्रभारी, तहसीलदार, उप पंजीयक, पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर प्रस्तावित रजिस्ट्री पर रोक लगाने तथा पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है।

फोन कॉल से हुआ मामले का खुलासा

डर्मेंद्र कुमार गंजीर ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 मई 2026 की सुबह ग्राम लाटाबोड़ में उनके भाई के माध्यम से मिनेश विश्वकर्मा निवासी टेकापार ने उनका मोबाइल नंबर लेकर संपर्क करने का प्रयास किया। बाद में बातचीत होने पर मिनेश विश्वकर्मा ने पूछा कि क्या वे अपनी जमीन बेच रहे हैं। इस पर डर्मेंद्र ने स्पष्ट रूप से बताया कि उन्होंने अपनी भूमि बेचने का कोई निर्णय नहीं लिया है और न ही किसी व्यक्ति से इस संबंध में कोई बातचीत की है।

जब उन्होंने जानकारी का स्रोत पूछा तो देवारभाट निवासी एक वर्मा परिवार का नाम सामने आया। इसके बाद डर्मेंद्र ने स्वयं संपर्क कर जानकारी ली।

कमला वर्मा ने बताया- हमारे पास आया था खुद को डर्मेंद्र बताने वाला व्यक्ति: बातचीत के दौरान कमला वर्मा ने बताया कि बालोद निवासी एक सोनी नामक व्यक्ति के साथ एक व्यक्ति उनके पास आया था, जिसने स्वयं को डर्मेंद्र कुमार गंजीर बताया। उसने ऋष्ण पुस्तिका दिखाई और जमीन बेचने की बात की। दोनों पक्षों के बीच जमीन खरीदने को लेकर बातचीत हुई और एक इकरारनामा भी तैयार किया गया। कमला वर्मा के अनुसार कुछ राशि एडवांस के रूप में भी दी जा चुकी है। हालांकि उन्होंने अभी तक किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और न ही रजिस्ट्रीहुई है।

ऋण पुस्तिका में फोटो नहीं देखकर हुआ शक

कमला वर्मा ने बताया कि वे डर्मेंद्र कुमार गंजीर को पहले से नहीं जानती थीं। बाद में जब उन्होंने ऋष्ण पुस्तिका में फोटो नहीं देखा तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने संबंधित व्यक्ति से पहचान के लिए फोटोयुक्त दस्तावेज लाने को कहा, जिस पर उसने रजिस्ट्री के दिन फोटो लाने की बात कही।

दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग की बेशकीमती जमीन पर सौदे की चर्चा

शिकायतकर्ता डर्मेंद्र कुमार गंजीर ने बताया कि विवादित भूमि दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिसकी बाजार कीमत काफी अधिक है। उनके अनुसार लगभग 3 एकड़ भूमि में से करीब आधी जमीन का कथित तौर पर फर्जी सौदा किए जाने की जानकारी सामने आई है। श्री गंजीर का दावा है कि जमीन की वर्तमान कीमत को देखते हुए यह सौदा लगभग 1 करोड़ रुपये के आसपास का हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मामले की जानकारी नहीं मिलती तो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बड़ी धोखाधड़ी हो सकती थी। यही कारण है कि उन्होंने तत्काल पुलिस, राजस्व विभाग, उप पंजीयक कार्यालय, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर प्रस्तावित रजिस्ट्री पर रोक लगाने तथा पूरे मामले की गहन जांच कराने की मांग की है।

करोड़ों की जमीन पर फर्जीवाड़े की आशंका से मचा हड़कंप

दुर्ग-बालोद रोड से लगी जमीन का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल है। यदि जांच में फर्जी ऋण पुस्तिका, फर्जी पहचान या कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन बेचने का प्रयास प्रमाणित होता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की जमीन का मामला नहीं बल्कि भूमि संबंधी दस्तावेजों की सुरक्षा और सत्यापन व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा। फिलहाल पूरे मामले की शिकायत संबंधित विभागों को सौंप दी गई है और अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच पर टिकी हुई है कि इस कथित करोड़ों रुपये के भूमि सौदे के पीछे आखिर कौन लोग शामिल हैं और फर्जी दस्तावेज कहां से तैयार किए गए।

प्रशासन से रजिस्ट्री रोकने और जांच की मांग

डर्मेंद्र कुमार गंजीर ने पुलिस एवं राजस्व प्रशासन से मांग की है कि उनकी भूमि की किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल मामला जांच के दायरे में है। शिकायत सामने आने के बाद अब सभी की नजर पुलिस और राजस्व विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कथित फर्जी दस्तावेज किसने तैयार किए और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

> आवेदक डर्मेंद्र गंजीर ने लिखित शिकायती आवेदन दिया है। अभी जांच चल रही है । सभी पक्ष से बयान लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। अभी कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है।
>
> **-शिशुपाल सिन्हा**
> **थाना प्रभारी, बालोद**

क्रूरता करने वालों का निलंबन औपचारिक कार्रवाई, इतने बड़े अपराध की सजा सिर्फ बर्खास्तगी: जितेंद्र

सोमनी थाने में किशोरी से दुर्व्यवहार-मारपीट मामले में कांग्रेस नेताओं ने घेरा एसपी दफ्तर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमनी थाने में बीमार किशोरी से क्रूरता किए जाने के मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेस ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। मुदलियार ने कहा कि हमने सोमवार तक दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी लेकिन उन्हें निलंबित कर सिर्फ औपचारिक कार्रवाई कर प्रशासन पल्ला झाड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की रात एक अन्य महिला अफसर भी सिविल ड्रेस में थाने पहुंची थी और किशोरी के साथ दुर्व्यवहार किया था। पुलिस उसे भी छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो। उन पर पाक्सो, किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए।

मुदलियार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए गर्भ जांच की किट खरीदी करने वाले अधिकारी और आपूर्तिकर्ता के खिलाफ भी एफआईआर की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि किट की आपूर्ति भाजपा नेता के भाई द्वारा की गई थी। सत्ता का प्रश्रय पाकर निजी लाभ के लिए अब भाजपा नेता एवं स्वास्थ्य विभाग लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने से नहीं झिझक रहे हैं।

मुदलियार ने कहा कि, स्थानीय विधायक डा रमन सिंह बेमेतरा में सीएम का स्वागत न होने पर अधिकारियों पर तो नाराज हो सकते हैं लेकिन अपने निर्वाचन जिले में सिस्टम के असंवेदनशील, अमानवीय करतूत पर वे दोषियों को प्रश्रय देते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना पर भी सत्ता पक्ष के सांसद, विधायक, महापौर ने जिम्मेदार प्रशासन से सवाल तक पूछना उचित नहीं समझा।

मंगलवार की दोपहर 12 बजे कांग्रेस सतनाम भवन से गृहमंत्री और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासन में मातृशक्ति की अस्मिता पर आघात पहुंचाने को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। चर्चा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सामने आने पर नेताओं से उनसे चर्चा से इंकार करते हुए पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग की। गहमागहमी के बीच अध्यक्ष मुदलियार ने गेट पर ही धरना दे दिया जिसके बाद एसपी चर्चा के लिए पहुंची।

एसपी अंकिता शर्मा से चर्चा करते हुए मुदलियार ने कहा कि असंवेदनशील पुलिस अधिकारी और कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई नाकाफी और औपचारिक है। हमारी मांग है कि इस गंभीर प्रकरण में उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। इसके अलावा किट की खरीदी करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आपूर्तिकर्ता के खिलाफ भी जांच कर एफआईआर की मांग की गई है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

मुदलियार ने कहा कि कार्रवाई न किए जाने पर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं जिला कार्यालय में प्रदर्शन होगा और भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरु किए जाएंगे।

ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि करेगा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय करेगा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान* खरोरा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को दिशा देने वाली पत्रकारिता को समर्पित पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि तिल्दा द्वारा क्षेत्र के निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने भाजपा ने बनाई कार्ययोजना

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यसमिति सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में 12 साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण के व विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के सफल आयोजन तथा संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने संगठन के क्रियान्वयन, कार्य विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों को समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, महिलाओं एवं लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया की मंडल, शक्तिकेंद्र और बुथ स्तर में यह सभी कार्यक्रम आयोजित व क्रियान्वयन किए जाएंगे।

सामुदायिक किचन सेट में संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र

गुरुर/नवप्रदेश। गुरुर विकास खंड के सर्वपल्ली गुरु घासीदास बाबा जी का समाज सतनामी समाज ग्राम टेंगना बरपारा में आंगनबाड़ी क्रमांक 1 पूरी तरीका से जर्जर हो जाने के कारण आंगनबाड़ी मानव मानव एक समान का सिद्धांत देने वाला गुरु घासीदास बाबा जी का समाज सतनामी समाज के सामुदायिक भवन किचन सेट में संचालित हो रहा है जिससे कि सामुदायिक भवन किचन सेट के ऊपर टीन सेट है जिससे बच्चों की पढ़ाई में बहुत दिक्कतें आती है जैसे की

मौसम में पानी लगातार बारिश होने के कारण टीन सेट के अंदर पानी आने से किचन सेट में पानी भर जाता है जिससे बच्चों की स्वास्थ्य भी खराब हो जाता हैं उसे बच्चों की पढ़ाई नुकसान होती है जिससे बच्चों की मम्मी पापा उनके स्वास्थ्य को लेकर वैकुल रहते हैं वैसे स्थिति में बच्चों को आंगनवाड़ी भेजने में हिचकिचाहट महसूस करते हैं अगर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी क्रमांक एक का निर्माण नहीं हुआ। बारिश के मौसम में पानी टीन सेट के अंदर से बच्चों के बेगों में किताबों में जाने के कारण बहुत नुकसान हो जाता है और साथ ही साथ बच्चों की पढ़ाई भी नुकसान होती है और बच्चों में एक अलग ही माहौल बन जाता है बारिश के

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
Tel. No. 07727-223138
E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com
& cmobalodabazar@ymail.com
GENS/41088/2026-0/0 CMO NPP BBB/371
बलौदाबाजार, दिनांक 02/06/2026

- भवन/भूमि दावा आपत्ति -

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय सीमाक्षेत्र के वार्ड क्र. 05 स्थित भवन/भूमि खसरा न. 1163/18 रकबा 0.0090 हे. जो कि नगर पालिका परिषद के मांग पंजी में मानकी पिता पुनीत राम सा. बलौदाबाजार के नाम से दर्ज हैं। जिसको श्री कृष्ण कुमार वर्मा पिता श्री लखन लाल वर्मा, केवरा पिता आशाराम द्वारा बिक्रीनामा अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया हैं।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगरपालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत् संबंध में अध्यक्ष/मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है, प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
बलौदाबाजार

अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शंकरपुर स्थित सामाजिक भवन में पुण्य श्लोक लोकमाता आदरणीय माता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती समारोह का आयोजन 31 मार्च को समस्त स्वजातीय बंधुओं द्वारा श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता अहिल्याबाई होलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप

प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने माता अहिल्याबाई होलकर के आदर्श जीवन, उनके उत्कृष्ट प्रशासन, समाज सेवा, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण तथा जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, सेवा और विकास की जो मिसाल स्थापित की, वह आज भी समाज के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर शंकरपुर क्षेत्र की पार्षद श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा शंकरपुर क्षेत्र में पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। पार्षद श्रीमती श्रीवास्तव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में लेट बाथ (स्नानघर) एवं बोरिंग स्थापना के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की तथा आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना की भी सहमति प्रदान की। उनके इस सकारात्मक सहयोग का उपस्थित नागरिकों एवं समाजजनों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

राधा-कृष्ण चरित्र कथा से गूंजेगा श्री नारायण धाम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कारों की जननी संस्कारधानी राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव में प्रतिदिन भक्ति, श्रद्धा और संस्कारों की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है।

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र तुमगांव
विकासखण्ड-महासमुन्द (छ.ग.)
मेन रोड तुमगांव, महासमुन्द दुरभाष नं. 9238098191,
ईमेल आईडी: bmo_msmd@rediffmail.com

क्रमांक / स्थापना / 2026/1011 **महासमुन्द, दिनांक 25/05/2026**

// निविदा सूचना//

कर्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव वि.ख. - जिला महासमुन्द हेतु वर्ष 2025-26 के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगाँव मे 03 एवं अधिनस्थ 09 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में कुल 09 सफाई कर्मचारी हेतु ईच्छुक निविदाकार कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 1000 /- अक्षरी (एक हजार रूपये मात्र नगद) भुगतान कर कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।

उक्त संबंध में आवेदन एवं अन्य किसी भी प्रकार के जानकारी के लिए कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव में संपर्क किया जा सकता है।

निविदा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 13.06.2026 सायं 5.00 बजे
निविदा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 15.06.2026 दोपहर 3.00 बजे
निविदा पत्र खोलने की तिथि एवं समय - 15.06.2026 सायं 4.00 बजे

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव
विकासखण्ड - महासमुन्द
जी-262701115/2

वित्त मंत्री चौधरी को देवांगन ने दी जन्मदिवस पर बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। 2 जून को छत्तीसगढ़ शासन के युवा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा भाजपा नेता और श्री चौधरी के करीबी किशोर देवांगन अपने समर्थकों के साथ रायगढ़ स्थित श्री चौधरी के अधिकृत कार्यालय पहुंचे और श्री चौधरी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। श्री चौधरी ने किशोर और उनके साथ नवापारा से

200 किलोमीटर दूर रायगढ़ आए उनके युवा समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अपने हाथों से मिठाई खिलाई और जनहित में किशोर की तरह पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहने की नसीहत दी।

किशोर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि श्री चौधरी उनके मार्गदर्शक और बड़े भाई हैं। लगभग 15 साल से उनके साथ जुड़ाव रहा है, लेकिन आज भी वे उन्हें छोटे भाई के रूप में बराबर मान देते हैं। प्रदेश के हजारों युवाओं की तरह मैने भी उनसे यह सीखा है कि अपने लक्ष्य को जुनून बनाओ और उस लक्ष्य को हासिल करो। श्री चौधरी के प्रशासनिक और राजनीतिक कुशलता के बारें में प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है। उनकी सोच आईने की तरह साफहै कि किसी भी तरह छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया जाए। अपनी सोच को मूर्त रूप देने के लिए वे दिन-रात एक किए रहते हैं।

विष्णु देव साय सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ एक भरोसेमंद राज्य बना है तो उसमें श्री चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य भी बन जाएगा। फर्श से अर्श तक पहुंचे श्री चौधरी आज भी मिट्टी से जुड़े हुए व्यक्तित्व हैं, जिसके चलते प्रदेश के युवा ही नहीं बल्कि हर वर्ग के लोग उनके कायल हैं। बताना जरूरी है कि किशोर, हर साल श्री चौधरी के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देने रायगढ़ स्थित उनके गृह ग्राम जाते रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 01 एवं 02/व.ले.लि./2026-27 **दिनांक. 29.05.2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **19.06.2026** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है -

01. कार्य का नाम - खारंग जलाशय के दांयी तट नहर के परसोड़ी माईनर, परसोडी सबमाईनर, बिरकोना माईनर, सेमरा माईनर, सेमरी माईनर एवं जलसो सब माईनर की सी.सी. लाईनिंग एवं पक्के कार्यों का पुर्ननिर्माण कार्य।
निविदा सिस्टम क्र. 191816, अनुमानित लागत - **रू. 243.19 लाख, (जी.एस.टी. छोड़कर)**
(एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

02. कार्य का नाम - कोपरा जलाशय के शीर्ष कार्य का उन्नयन एवं जीर्णोद्वार, मिट्टी कार्य आर.डी. 0 मी. से 1680 मी., हेड स्लूस, स्पील-वे, जल निकासी कार्य, चौकीदार क्वाटर मरम्मत एवं उन्नयन।
निविदा सिस्टम क्र. 191818, अनुमानित लागत - रू. 252.27 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) (एस.ओ.आर.01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **05.06.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)
जी- 262701099/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक. 1200/NIT-4/2026-27/व.ले.लि. **नवा रायपुर, दिनांक 29/05/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम /No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
4 T0013	Electrification work to sub Health Center at Kosamsra block Kasdol Dist Baloda Bazar प्रथम आमंत्रण	3.05
4 T0014	Electrification work to sub Health Center at Harinbhatta block Palari Dist Baloda Bazar प्रथम आमंत्रण	3.05
4 T0015	Electrification work to Sub Health Center at Semharadih block Baloda Bazar Dist Baloda Bazar प्रथम आमंत्रण	3.05

नोट - निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 11/06/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक है ।
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्ते - 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.
जी- 262701108/3

न्यूज गैलरी

रामाराम जलाशय योजना के जीर्णोद्धार के लिए 1.16 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा के अंतर्गत रामाराम जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 16 लाख 6 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल सुकमा क्षेत्र में कृषि विकास को गति देने और स्थानीय किसानों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के प्रस्तावित कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर क्षेत्र के स्थानीय किसानों को 69 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलने लगेगी। जल संसाधन विभाग द्वारा इस योजना के कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्वक संपन्न कराने के लिए मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग (जगदलपुर) को आवश्यक दिशा-निर्देश और प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। योजना के पूर्ण होने के बाद, रूपांकित सिंचाई क्षमता में आ रही कमी पूरी होगी और पूरे क्षेत्र को पर्याप्त सिंचाई का लाभ मिलेगा।

स्टील प्लांट में बायलर फटने से लगी आग, दूर तक दिखा धुआं

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग स्थित मिवान (मोनेट) स्टील प्लांट में मंगलवार तड़के बड़ा औद्योगिक हादसा हो गया। प्लांट में बायलर फटने के बाद भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि धुएं और आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई दीं। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे के आसपास प्लांट परिसर में जोरदार धमाके के साथ बायलर फटा, जिसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग ने प्लांट के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। स्थानीय लोगों ने धुएं का विशाल गुबार आसमान में उठते देखा, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी शुरू की। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद हादसे के कारणों की जांच की जाएगी।

रायपुर प्रेस क्लब ने वरिष्ठ पत्रकारों के निवास पहुंचकर किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित ÷पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव के अंतर्गत प्रदान किए गए जीवन पर्यंत पत्रकारिता सेवा सम्मान से सम्मानित उन वरिष्ठ पत्रकारों को जो समारोह में उपस्थित नहीं हो सके थे, रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर सम्मानित किया। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े , कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य संदीप पुराणिक ने वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध, प्रदेश की प्रथम महिला पत्रकार श्रीमती आशा शुक्ला तथा वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इक़बाल के निवास पहुंचकर उन्हें सम्मान स्वरूप छत्तीसगढ़ का राजकीय गमछा, सम्मान पत्रक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि इन वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्पक्ष, जनोन्मुखी और मूल्याधारित पत्रकारिता की मिसाल कायम की है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रायपुर प्रेस क्लब उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करता है।

रायपुर में 4.91 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना डीडी नगर और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.910 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति आरोग्यधाम अस्पताल के पीछे स्थित खाली मैदान में अवैध रूप से गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना डीडी नगर और एएनटीएफकी संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चन्द्रमणि सूर्यवंशी (29 वर्ष) निवासी ग्राम रिकोकला, थाना कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.910 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 लाख 45 हजार 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना डीडी नगर में अपराध क्रमांक 348/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। रायपुर पुलिस ने कहा है कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अब सड़कों से सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं बच्चे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ने के लिए 01 जून से 30 जून तक राज्यव्यापी विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है। ÷बाल सक्षम नीति-2022÷ के तहत सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम एवं अपशिष्ट संग्रहण में संलग्न बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू और पुनर्वास किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार बच्चों को सुरक्षित आश्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टरों के नेतृत्व में गठित विशेष रेस्क्यू टीमों द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभियान चलाकर बच्चों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

पिलखा डैम की लहरों पर महिलाओं ने लिखी सफलता की नई इबारत

पिलखा जलाशय बना महिला सशक्तिकरण की मिसाल, बोटिंग गतिविधि से अब तक अर्जित की 74 हजार रुपए की आय

'महिला उद्यमिता का उत्कृष्ट उदाहरण'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ (या अन्य स्थानीय राज्यों) के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं ने जलाशयों/तालाबों के प्रबंधन और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों का सफल संचालन कर महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल पेश की है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं जल स्रोतों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। सूरजपुर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र पहाड़गांव स्थित पिलखा डैम से निर्मित सुंदर जलाशय आज न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल भी बन चुका है। यहाँ मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बोटिंग गतिविधि की शुरुआत कर आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह एवं सचिव श्रीमती यशोदा दास के नेतृत्व में इस 10 सदस्यीय समूह ने स्थानीय पर्यटन से जुड़कर स्वरोजगार का एक शानदार अवसर तैयार किया है। जलाशय का लुत्फ उठाने आने वाले पर्यटकों के लिए यहाँ बोटिंग सुविधा शुरू की गई है, जिसकी टिकट दर 50 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित है। महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह की यह गौरवशाली उपलब्धि स्पष्ट करती है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही अवसर, उचित सहयोग और एक मंच मिले, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता का नया अध्याय लिख सकती हैं। पिलखा जलाशय में संचालित यह बोटिंग गतिविधि आज ग्रामीण महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण है, जो स्थानीय पर्यटन को भी एक नई पहचान दे रही है।

'चुनौतियों को बनाया सफलता का रास्ता'

शुरुआती दौर में इन ग्रामीण महिलाओं के सामने संसाधनों की कमी, तकनीकी ज्ञान का अभाव और संचालन संबंधी कई बड़ी चुनौतियां थीं। इसके बावजूद, समूह की एकजुटता, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने इन बाधाओं को अवसरों में बदल दिया। महिलाओं ने किसी बाहरी मदद पर निर्भर रहने के बजाय, बोटिंग का संचालन, पर्यटकों की सुरक्षा और पूरे परिसर का प्रबंधन की जिम्मेदारी स्वयं संभालते हुए अपने इस कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

'आर्थिक मजबूती और बढ़ता आत्मविश्वास'

सराहनीय पहल के माध्यम से समूह अब तक 74 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर चुका है। इससे न केवल समूह से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज ये महिलाएं न केवल अपने परिवार के भरण-पोषण में हाथ बंटा रही हैं।

रायपुर पुलिस का विशेष अभियान, एक सप्ताह में 154 लोगों को भेजा गया जेल

रायपुर/नवप्रदेश। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के मध्य जोन में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्री उमेश गुप्ता के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में फरार वारंटियों, आदतन अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान 61 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से 93 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इस प्रकार कुल 154 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

थाना-वार कार्रवाई

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई इस प्रकार है–थाना कोतवाली-19, थाना गोलबाजार -18, थाना मौदहापारा -10, थाना गंज -36, थाना सिविल लाइन -25, थाना तेलीबांधा - 34, थाना देवेंद्र नगर -12.

अपराधियों पर रहेगी लगातार नजरः डीसीपी श्री उमेश गुप्ता ने कहा कि अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा कमिश्नरेट रायपुर की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कमिश्नरेट क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रभावी उपयोग करते हुए अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पाण्डुलिपि संरक्षण में योगदान के लिए मिश्रा दंपती का हुआ सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत संचालित ज्ञान भारतम अभियान के तहत देशभर में प्राचीन एवं महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियों के डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रायपुर जिले में भी हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी ऐसी पाण्डुलिपियाँ, जो साधारण कागज, ताम्रपत्र अथवा भोजपत्र पर लिखी गई हों तथा जिनका सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक अथवा अन्य क्षेत्रों में

महत्वपूर्ण योगदान रहा हो, उनका सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

रायपुर जिले के सभी विकासखंडों में पाण्डुलिपियों की जानकारी प्राप्त होने पर सर्वेक्षण दल संबंधित स्थान पर जाकर ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से उन्हें उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के नाम से कस्टोडियन के रूप में पंजीकृत कर रहा है। इसी दौरान छत्तीसगढ़ के महान सपूत पंडित सुन्दरलाल शर्मा द्वारा रचित रामचरितमानस गान के छत्तीसगढ़ी अनुवाद की महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि प्राप्त हुई। इस कृति में उन्होंने बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड का छत्तीसगढ़ी अनुवाद किया है।

बलौदाबाजार के 39 नवीन सहकारी समितियों को मिला पीओएस मशीन

■ **ग्रामीण सेवा सहकारी समितियों के पुनर्गठन योजना**

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वपूर्ण किसान हितकारी ग्रामीण सेवा सहकारी समितियों के पुनर्गठन योजना अंतर्गत जिले में 39 नवीन ग्रामीण सेवा सहकारी समिति का गठन किया गया है। सभी नवीन 39 सहकारी समितियो को खाद के सुगमतापूर्ण वितरण हेतु पीओएस मशीन प्रदाय किया गया है।

पीओएस मशीन उपलब्ध होते ही सभी नवीन समितियों में किसानों को सुगम खाद-बीज़ का वितरण किया जा रहा है। नवीन गठित 39 सहकारी समितियों के 89 पंचायतों में 112 ग्रामो के 43639 किसानो को इससे लाभ हुआ है। किसानों को खेती किसानी के लिये सुगमता पूर्वक त्वरित एवं अपने गृह ग्राम के निकट ही खाद बीज एवं नगद ऋण प्राप्त हो रहा है जिससे किसानो में खुशी व्याप्त है। 39 नवीन समितियों में अभी तक 112 ग्रामों के 43639 किसानों को खाद प्रदाय हेतु 1876 टन का खाद का भंडारण एवं 353 टन खाद का वितरण के साथ कुल 48 करोड 99 लाख का ऋण वितरण किसानो को किया जा चुका है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार खरीफसीजन में जिले के किसानों को आवश्यकता अनुसार सहकारी समितियों से खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कृषि केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

मुंबई से फरार आरोपी को रायपुर जीआरपी ने एक्सप्रेस में दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। छेड़छाड़ के मामले में मुंबई पुलिस को लंबे समय से तलाश रहे एक आरोपी को रायपुर जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मुंबई से हावड़ा जा रही गीतांजलि एक्सप्रेस से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी डोनी सरकार के खिलाफमुंबई के कांदिवली पुलिस थाने में छेड़छाड़ की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज है। मामले में आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश मुंबई पुलिस लगातार कर रही थी। सूचना के आधार पर जीआरपी रायपुर ने गीतांजलि एक्सप्रेस में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद मुंबई पुलिस की टीम रायपुर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लिया। अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड हासिल किया जाएगा, जिसके बाद उसे फ्लाइट के जरिए मुंबई ले जाया जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई मुंबई पुलिस द्वारा की जाएगी।

छत्तीसगढ़ होमस्टे नीतिः व्यवसाय संचालन की दी गई जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति 2025-30 के अंतर्गत नए हितग्राहियों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पर्यटन सूचना केंद्र जगदलपुर द्वारा जिला पंचायत बस्तर के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में इच्छुक हितग्राहियों ने भाग लिया। 'छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति 2025-30 के तहत आयोजित बैठक में हितग्राहियों को दी गई व्यवसाय संचालन, ऋण सुविधा एवं पर्यटन

संभावनाओं की जानकारी' इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए हितग्राहियों को होमस्टे व्यवसाय की बारीकियों से परिचित कराना, उन्हें पर्यटन आधारित स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति 2025-30 के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूक करना था। इस सराहनीय पहल से बस्तर में सामुदायिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि और रोजगार के नए अवसरों का सृजन होने की प्रबल उम्मीद है। बैठक के दौरान उपस्थित हितग्राहियों से उनके प्रस्तावित होमस्टे के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। अधिकारियों ने विशेष रूप से यह जाना कि हितग्राही किस स्थान पर होमस्टे स्थापित करना चाहते हैं और उस क्षेत्र के आसपास कौन-कौन से पर्यटन स्थल या आकर्षण मौजूद हैं।

खेती-किसानीः जिले की 114 सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा खाद

समितियों और निजी विक्रेताओं के पास खाद का पर्याप्त भंडार

■ **सहकारी समितियों सहित निजी दुकानों से हो रहा खाद का उठाव**

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर बिलासपुर जिले में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा प्रतिदिन खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है। जिले की 114 सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में वर्तमान में खाद का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और मांग के अनुरूप निरंतर वितरण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ 2026 के लिए जिले को 68,950 टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक 46,780 टन से अधिक उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का लगभग 60.28 प्रतिशत है। वहीं किसानों को अब तक 19,912 टन से अधिक उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। जिले में वर्तमान में कुल 41,560 टन उर्वरक का भंडार उपलब्ध है। इनमें यूरिया 22,996 टन, डीएपी 5,621 टन, एनपीके 6,808 टन, एसएसपी 4,981 टन तथा एमओपी 1,155 टन शामिल है। कृषि विभाग द्वारा लगातार उर्वरक कंपनियों से अतिरिक्त रैक प्राप्त कर भंडारण बढ़ाया जा रहा है ताकि खरीफसीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

नैनो उर्वरकों के उपयोग से बेहतर उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य को मिल रहा बढ़ावा : छेदीलाल

रायपुर/नवप्रदेश। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी (तरल उर्वरक) कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी नवाचार हैं। ये पारम्परिक उर्वरकों (दानेदार यूरिया और डीएपी) की तुलना में बहुत कम मात्रा में उपयोग किए जाते हैं और पौधे के सीधे संपर्क में आकर तेजी से पोषक तत्व प्रदान करते हैं। नैनो तकनीक के कारण इनका आकार अत्यंत छोटा (20-50 नैनोमीटर) होता है। ये पौधों की

कोशिकाओं के अंदर सीधे प्रवेश करके आवश्यक पोषक तत्व (नाइट्रोजन और फास्फोरस) प्रदान करते हैं, जिससे फसल का विकास अच्छा होता है और पैदावार बढ़ती है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में आगामी खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से खाद एवं उन्नत बीजों का पर्याप्त भंडारण किया गया है, जिससे कृषकों को समय पर आवश्यक कृषि सामग्रियां मिल रही हैं।

दिल्ली का कूलिंग सिस्टम खत्म!

दिन तो दिन रात को भी गर्मी ने किया बेहाल

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की बेहद चिंताजनक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली अब गर्मियों के दौरान रात के समय खुद को ठंडा करने की अपनी प्राकृतिक क्षमता को तेजी से खो रही है. 25 मई 2026 को दिल्ली ने पिछले 14 वर्षों में अपनी सबसे गर्म रात दर्ज की, जिसने शहरी जलवायु परिवर्तन के एक नए और भयावह संकट को उजागर कर दिया है। हर साल जब दिल्ली भीषण गर्मी की चपेट में आती है, तो दिन के समय झुलसाने वाली धूप के बाद लोग रात में थोड़ी राहत की उम्मीद करते हैं, लेकिन अब दिल्ली की रातें भी लोगों को कोई राहत नहीं दे रही हैं। यह स्थिति न केवल सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि शहर के बुनियादी ढांचे, पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर संकट खड़ा कर रही है. रिपोर्ट बताती है कि दिन और रात के तापमान के बीच का यह कम होता अंतर दिल्ली को ऐसे अर्बन हीट आइलैंड में बदल रहा है, जहां से गर्मी बाहर नहीं निकल पा रही है।

इस्तीफे की अटकलों के बीच अमित शाह से मिले अन्नामलाई

नई दिल्ली/ए.। दक्षिण भारत की सियासत एक बार फिर सुर्खियों में है। तमिलनाडु में चुनाव बीतने के बाद टीवीके प्रमुख विजय के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ है। इसी बीच तमिलनाडु भाजपा के नेता के अन्नामलाई ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उनके इस्तीफे को लेकर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चाएं चल रही हैं। इससे पहले अन्नामलाई ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की है। इन अटकलों के बीच अचानक हुई इस बैठक ने सबका ध्यान खींचा है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से आई खबरों के मुताबिक तमिलनाडु में कथित मनभेद के कयासों के बीच दिल्ली आए पूर्व IPS अधिकारी अन्नामलाई ने आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी भावनाओं से अवगत कराया। इससे पहले सोमवार को आई खबरों के मुताबिक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की वर्दी छोड़ भाजपा का दामन थामकर चर्चा में आए तमिलनाडु में पार्टी का चेहरा अन्नामलाई अगले सप्ताह नए सियासी सफर की शुरुआत करेंगे। मंगलवार को अन्नामलाई जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलने चेन्नई से दिल्ली पहुंचेंगे तो इस्तीफा उनकी जेब में होगा। इस्तीफे की अटकलें इसलिए लग रही हैं क्योंकि तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की तीन भाषा नीति का सार्वजनिक विरोध कर अपनी राह अलग करने के संकेत दिए थे। सोमवार को अन्नामलाई के पार्टी के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर उनकी नई पार्टी मक्कल शक्ति अय्यकम (जनशक्ति आंदोलन) के झंडे और डिजाइन साझा भी कर दिए हैं। अन्नामलाई के करीबी सूत्र ने उनकी नई सियासी पारी की पुष्टि करते हुए कहा कि सबकुछ तय हो चुका है।

अन्नाद्रमुक महासचिव ईके पलानीस्वामी और अन्नामलाई एक ही क्षेत्र कोंबुनाडु और समान गाउंडर समुदाय से आते हैं।

शुभेंदु सरकार के खिलाफ ममता बैनर्जी का धरना भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 15 साल के बाद सत्ता से बेदखल हुई है। 15 साल बाद तृणमूल को उखाड़ फेंकने वाली भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है। तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का एलान किया। टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि उनके दल पर तृणमूल के ऐसे राजनीतिक हथकंडों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

भाजपा ने मतगणना में धांधली की: ममता

भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की।पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। विरोध और धरना जारी रहेगा, चाहे कितनी भी रोक लगाने की कोशिश की जाए। कठिन समय में टीएमसी कार्यकर्ताओं का साथ नहीं छोड़ूंगी। कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है और कई जगह हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में शामिल होने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है। मेरी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है। बिना पुनर्वास के फेरीवालों को हटाना हमारी सरकार की नीति नहीं थी।

कल्याण बनर्जी ने भी लगाए कई आरोप?

कोलकाता में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि आने वाले दिनों में और बड़े विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कोलकाता पुलिस आयुक्त और पुलिस अधिकारियों से कहा कि उनका वेतन जनता के टैक्स के पैसे से दिया जाता है और उन्हें संविधान तथा कानून के मुताबिक अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। कल्याण बनर्जी ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी शांतिनिकेतन से पैसा लाकर पुलिस का वेतन नहीं देते हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को याद दिलाया कि समय हमेशा बदलता रहता है, इसलिए सभी को अपनी ड्यूटी निष्पक्ष तरीके से करनी चाहिए। टीएमसी नेता के इस बयान के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में सियासी बयानबाजी और तेज हो गई है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि 29 मई को ही प्रशासन को 2 जून के धरना प्रदर्शन की जानकारी दे दी गई थी, लेकिन कोलकाता पुलिस ने आखिरी समय तक कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देर रात अनुमति मिलने के कारण प्रदर्शन स्थल पर साउंड सिस्टम और स्पीकर नहीं लगाए जा सके। टीएमसी ने इसे प्रशासन की जानबूझकर की गई देरी बताया है।

कल्याण बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ लगातार हिंसा और कार्रवाई की जा रही है। पार्टी की ओर से कहा गया कि अब तक 25 से 30 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है, जबकि 5,000 से 8,000 समर्थकों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। टीएमसी का दावा है कि करीब 3,000 घरों को भी तोड़ दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जहां भी पार्टी के कार्यक्रम होने वाले होते हैं, वहां पहले से पुलिस तैनात कर दी जाती है ताकि लोग कार्यक्रम में शामिल न हो सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस लोगों के घरों के बाहर खड़ी रहती है और अगर महिलाएं या परिवार के सदस्य बाहर निकलते हैं तो उन्हें हिरासत में लिया जाता है या गिरफ्तार कर लिया जाता है।

खोड़ा में 3 अवैध मदरसे चिह्नित पुलिस व प्रशासन की टीम पहुंची

गाजियाबाद। सूर्या हत्याकांड मामले के बाद प्रशासन की कार्रवाई तेज होती जा रही है। मंगलवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ और पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ फोर्स के साथ खोड़ा पहुंचे। डीएम ने बताया कि क्षेत्र में तीन अवैध मदरसे चिह्नित किए गए हैं। इन्हें नोटिस भी भेज दिया गया है। मंगलवार को इन्हें सील करने की कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले गाजियाबाद के खोड़ा में सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन ने खोड़ा समेत पूरे देहात क्षेत्र में तीन दिवसीय सत्यापन अभियान शुरू किया है। इस दौरान देहात क्षेत्र के 17,174 अपराधियों की कुंडली खंगाली जाएगी। इसमें खोड़ा के 600 अपराधी व 14 हिस्ट्रीशीटर विशेष तौर पर पुलिस के रडार पर हैं। सोमवार को अभियान में पुलिस के साथ राजस्व विभाग की टीम, डॉग स्क्वायड भी शामिल रही। इस दौरान घरों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। साथ ही नक्शे के आधार पर ड्रोन की मदद से क्षेत्र में स्थित मकानों का भौतिक सर्वे भी किया जा रहा है। खोड़ा में एडिशनल सीपी राज करण नैय्यर और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में अभियान चला। एडिशनल सीपी ने बताया कि खोड़ा क्षेत्र में तीन एसीपी और पांच थाना प्रभारियों को सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक एसीपी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जिन अपराधियों का चिह्नीकरण किया गया है, वह हत्या, चोरी, लूट, छिनैती, मादक पदार्थों की तस्करी और आर्म्स एक्ट के मामलों में संलिप्त हैं। खोड़ा के बाद इंदिरापुरम, साहिबाबाद, कौशांबी, शालीमार गार्डन, लिंकरोड और टीलामोड़ में भी अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन के निर्देश पर खोड़ा नगर पालिका की ओर से क्षेत्र में व्यापक सर्वे कराया जा रहा है। इस दौरान सूर्या हत्याकांड के अन्य आरोपियों से जुड़ी संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।

त्विषा केस: 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए समर्थ और गिरिबाला

भोपाल। सीबीआई सूत्रों के अनुसार रिमांड अवधि के दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से कई चरणों में विस्तृत पूछताछ की गई। जांच एजेंसी ने उनसे घटना के विभिन्न पहलुओं को लेकर सवाल किए और उनके बयानों को रिकॉर्ड किया। हालांकि दोनों आरोपियों ने अपने ऊपर लगाए गए मारपीट, प्रताड़ना और साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया है। उनका दावा है कि त्विषा शर्मा के साथ उनके संबंध सामान्य थे और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। सीबीआई अब आरोपियों के बयानों का उपलब्ध तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ मिलान कर रही है, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

जांच के दौरान सोमवार को पूरे घटनाक्रम का रीक्रिएशन भी कराया गया। जांच एजेंसी का उद्देश्य घटना के समय मौजूद परिस्थितियों को समझना और आरोपियों द्वारा किए जा रहे दावों की सत्यता का परीक्षण करना था। इसके साथ ही घटनास्थल से जब्त किए गए साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच भी जारी है। जांच एजेंसियां रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं, जिससे मामले की कई अहम कड़ियां जुड़ सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई अब इस मामले में संबंधित पुलिस अधिकारी से पूछताछ की तैयारी कर रही है।

जांच एजेंसी जल्द ही उन्हें नोटिस जारी कर सकती है। इसके अलावा मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों को भी पूछताछ के लिए तलब किए जाने की संभावना जताई जा रही है। सीबीआई यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि साक्ष्य संरक्षण में हुई कथित चूक लापरवाही थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। त्विषा शर्मा के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अंकुर पांडे ने कहा कि मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है।

साक्ष्य संरक्षण में कथित लापरवाही ने खड़े किए सवाल

मामले की जांच के दौरान एक गंभीर प्रक्रियागत चूक भी सामने आई है। जांच में पता चला है कि जिस लिगेचर बेल्ट के सहारे त्विषा शर्मा फंदे पर लटकी मिली थीं, उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तत्काल सुरक्षित नहीं किया गया था। आरोप है कि घटनास्थल से बरामद यह महत्वपूर्ण साक्ष्य जांच अधिकारी द्वारा तत्काल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजने के बजाय करीब दो दिन तक अपनी निजी कार में रखा गया। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम के दौरान भी इस बेल्ट को एम्स अस्पताल में जमा नहीं कराया गया था। साक्ष्य संरक्षण में हुई इस कथित लापरवाही ने जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और अब यह जांच का एक अहम पहलू बन गया है।

पूरी एक पीढ़ी के साथ विश्वासघात: थरूर

तिरुवनंतपुरम (केरल)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, खासकर नीट-यूजी पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने बार-बार होने वाली इन गड़बड़ियों को पूरी एक पीढ़ी के साथ विश्वासघात बताया। थरूर ने कहा, आप ऐसी व्यवस्था चला रहे हैं, जिसमें परीक्षाओं की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जहां छात्र तैयारी में बहुत मेहनत की है, अचानक यह देखते हैं कि पेपर लीक हो गया, भ्रष्टाचार है, बेईमानी है और पूरी प्रक्रिया दूषित हो गई है। कभी-कभी परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं और उन्हें फिर से शुरुआत करनी पड़ती है। उन्होंने भारत की परीक्षा प्रणाली की विश्व स्तर की प्रणालियों से भी तुलना की और उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता कहा, दुनिया में कई प्रतियोगी परीक्षाएं निष्पक्ष तरीके से कराई जाती हैं, चाहे वह एसएटी हो, कैम्ब्रिज परीक्षाएं हों या आईएससी आदि। उन्होंने पूछा, ऐसा क्यों है कि केवल हमारी सरकारी व्यवस्था में ही बार-बार गड़बड़ी हो रही हैं? सरकार ऐसी स्थिति में क्यों है कि वह राष्ट्रीय परीक्षा जैसी सरल प्रक्रिया की निष्पक्षता और ईमानदारी की गारंटी नहीं दे पा रही है।

मदर डेयरी ने लॉन्च किया भारत का पहला मिट्टी में घुलनशील दूध पाउच

नई दिल्ली/ए.। यह भारत का पहला ऐसा दूध पाउच है जो मिट्टी में प्लास्टिक का कोई निशान नहीं छोड़ेगा। कंपनी 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस से दिल्ली-एनसीआर में इसका उपयोग करेगी। यह शुरुआत में गाय के दूध के लिए होगा। मदर डेयरी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

कंपनी प्रतिदिन लगभग 55 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। नए पाउच में एक अनूठी पैकेजिंग तकनीक का उपयोग किया गया है।

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीरनगर फेज-III कालोनी, रायपुर में निर्मित K.B.T योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. MIG-306 श्री विजय मैदानकर पिता स्व. श्री गुलाबराव मैदानकर को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 05/04/2007 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु दिनांक 19/09/2023 को हो जाने के कारण 1. श्रीमति संध्या मैदानकर पति स्व. श्री विजय मैदानकर 2. उत्सव कुमार मैदानकर 3. उज्जवल कुमार मैदानकर पिता स्व. श्री विजय मैदानकर द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड 1. श्रीमति संध्या मैदानकर पति स्व. श्री विजय मैदानकर 2. उत्सव कुमार मैदानकर 3. उज्जवल कुमार मैदानकर पिता स्व. श्री विजय मैदानकर के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदाअधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 31619 दिनांक 01.06.2026
वार्ड का नाम- 19 - डां. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR802N00548 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHRADHA DEVANGAN पिता / पति श्री/ श्रीमती AJAY KUMAR DEVANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SUSHILA SAHU पिता /पति श्री/श्रीमती SHRI CHANDRASHEKHAR SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: **http://eproc.cgstate.gov.in**
(1st Call)

NIT NO: 12/RMC/ZONE 08/2026 **RAIPUR DATED- 01.06.2026**

Online bids are invited for the following works up to **23.06.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	192070	पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-02 अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	25.00
2	192071	वीर सावरकर नगर वार्ड अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय हीरापुर में बाउंड्रीवॉल निर्माण तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	35.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **01.06.2026 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at **Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो. नि. वि. वि/यां संभाग रायपुर छ ग

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2714/NIT-5/2026-2027/ व ले लि दिनांक 01/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम /NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
5 T0015	Providing and fixing electrification work to proposed high school building Amasioni, block Dharsiwa, Raipur, Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण	6.15
5 T0016	Providing and fixing electrification work to proposed high school building, Dondekala, block Dharsiwa, Raipur Chhattisgath प्रथम आमंत्रण	6.15
5 T0017	Electrification work to proposed Innovation Hub at Science Center, Raipur, Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण	9.68
5 T0018	Electrification work to proposed Smart Class room and Staircase in Govt B P College at Aarang, Raipur, Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण	5.21
5 T0019	Providing Electrification work to Utility Center Building in B.C.S Govt. PG College, Dist.-Dhamtari (CG) प्रथम आमंत्रण	1.14
5 T0020	Electrification work of waiting area/ Octagonal Dome at Rest House campus, Kurud, block Kurud, Distt Dhamtari, Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण	1.14
5 T0021	Electrification work to building structure for fish seed farm at Parkhanda, Block Kurud, Distt Dhamtari Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण	1.10

नोटः- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 12/06/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्ते- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
जी- 262701140/3 **लो. नि. वि. वि/यां संभाग रायपुर छ ग**

धान उठाव में बड़ा खेल: खरीदी खत्म, फिर भी 43,883 मीट्रिक टन धान केंद्रों में अटका

जगदलपुर/नव प्रदेश। धान खरीदी समाप्त हुए कई दिन गुजरने के बाद भी बस्तर संभाग के उपार्जन केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान का उठाव नहीं होने से नया विवाद गहराने लगा है। एक ओर शासन स्तर पर धान शॉर्टेज की भरपाई को लेकर उपार्जन केंद्र प्रभारियों और लेम्प्स प्रबंधकों पर दबाव की चर्चा है, वहीं दूसरी ओर उठाव में हुई देरी और कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी बढ़ रही है। सवाल उठ रहा है कि जब उठाव की जिम्मेदारी तय एजेंसियों की थी, तब देरी का आर्थिक बोझ खरीदी प्रभारियों पर क्यों डाला जा रहा है।

भेजी जाएगी रिपोर्ट, उठाव के बाद साफ होगी स्थिति

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा के अनुसार जब तक सभी केंद्रों से धान का पूर्ण उठाव नहीं हो जाता,तब तक वास्तविक शॉर्टेज का सही आंकलन संभव नहीं है। प्रारंभिक जानकारी में कहीं 3, कहीं 4 और कुछ केंद्रों में 5 प्रतिशत तक शॉर्टेज की बात सामने आ रही है। यदि अंतिम जांच में ज्यादा कमी पाई जाती है तो खरीदी प्रभारियों को निजी स्तर पर आर्थिक भरपाई करनी पड़ सकती है। इस कारण उपार्जन केंद्रों में चिंता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

मार्कफेड की जवाबदेही तय करने की मांग

आदिमजाति सहकारी समिति संघ के संभाग अध्यक्ष उत्तम सेठिया ने मार्कफेड की जवाबदेही तय करने की मांग की है, जबकि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने उठाव पूर्ण होने के बाद शासन को विस्तृत रिपोर्ट भेजने की बात कही है।बस्तर संभाग में 358 उपार्जन केंद्रों से अब तक 4 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव नहीं हुआ है,जिससे खुले में पड़े इस धान के खराब होने का खतरा बना हुआ है। राज्य सरकार द्वारा धान उठाव में तेजी लाने और मिलर्स को निर्देशित करने की प्रक्रिया जारी है।

02 जून 2026 की उपलब्ध आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार बस्तर संभाग के 382 उपार्जन केंद्रों में कुल 13,74,383.52 मीट्रिक टन धान उपार्जित हुआ,जिसमें से 10,60,100.62 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया। वहीं 2,70,399.58 मीट्रिक टन धान संग्रहण केंद्रों को प्रदाय किया गया। इसके बावजूद अब भी 43,883.33 मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में शेष बताया गया है। रिपोर्ट में कुल उठाव 96.81 प्रतिशत दर्शाया गया है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर धान शेष रहने के बीच शॉर्टेज भरपाई का मुद्दा प्रभारियों को परेशान कर रहा है।

जिला स्तर के आंकड़ों में सबसे अधिक धान शेष कोंडागांव में 15,996.01 मीट्रिक टन,बस्तर जिले में 8,118.10 मीट्रिक टन,कांकेर में 9,051.99 मीट्रिक टन,बीजापुर में 6,116.22 मीट्रिक टन और नारायणपुर में 4,072.05 मीट्रिक टन दर्ज है। ऐसे में सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि जब हजारों मीट्रिक टन धान अब भी केंद्रों में मौजूद है,तब वास्तविक शॉर्टेज का अंतिम निर्धारण किस आधार पर किया जा रहा है।

संघ का सवाल- उठाव में देरी की सजा प्रबंधकों को क्यों?

सहकारी तंत्र से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि धान उठाव की जिम्मेदारी मार्कफेड की है,लेकिन संभाग के अनेक केंद्रों में अब भी हजारों मीट्रिक टन धान पड़ा है। ऐसी स्थिति में लेम्प्स प्रबंधकों और खरीदी प्रभारियों से शॉर्टेज की भरपाई करवाने की तैयारी अनुचित मानी जा रही है। उनका तर्क है कि जब उठाव समय पर नहीं हुआ और देरी प्रशासनिक स्तर पर हुई,तब जवाबदेही केवल केंद्र प्रभारियों पर तय करना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

न्यूज गैलरी

कूलर में पानी भरते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। भीषण गर्मी से राहत देने वाला कूलर भिलाई में एक परिवार के लिए मौत का कारण बन गया। छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-1 स्थित त्रिदशेश्वर मंदिर के पास रहने वाले 49 वर्षीय संतोष कुमार यादव की कूलर में करंट आने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संतोष घर में कूलर चालू कर उसमें पानी भर रहे थे, तभी अचानक करंट की चपेट में आकर कूलर से चिपक गए। परिजनों ने तुरंत बिजली का स्विच बंद कर उन्हें अलग किया और शास्त्री अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संतोष मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे और घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे पत्नी और तीन बेटे हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

गौठान परिसर में कांग्रेस नेता ने किया सुसाइड, जेल से छुटकर आया था

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में पूर्व कांग्रेस नेता नवाज अली ने आत्मघाती कदम उठा लिया है। संजय नगर स्थित गौठान परिसर में मंगलवार सुबह फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। घटना की खबर इलाके में फैलते ही हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में कांग्रेस नेता जेल से बहार आया था। जानकारी के मुताबिक, कुछ महीने पहले कोदागांव में एक भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें आरोप था कि नवाज अली की कार से पंचायत सचिव से ठोकर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया. तत्काल उसे स्थानियों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व कांग्रेस नेता नवाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए जेल दाखिल किया था. हाल ही में नवाज अली जेल से बहार आया था, जिसके बाद आत्मघाती कदम उठाया। फिलहाल सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवकों ने हार्वेस्टर चालक से की लूटपाट, नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोपका बायपास में हार्वेस्टर चालक से मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूटने वाले कम उम्र के लड़कों के गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। कोनी पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने घूमने-फिरने और अपने शौक पूरे करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सीएसपी गगन कुमार (आईपीएस) के अनुसार, कबीरधाम जिले के ग्राम कामनबोड़ निवासी हरमेन्द्र साहू धान कटाई के काम से हार्वेस्टर मशीन लेकर बिलासपुर आए थे। 27 मई की रात ग्राम रमतला के पास उनकी मशीन खराब हो गई थी। मशीन सुधारने के बाद वे भोजन लेने मोटरसाइकिल से ढाबे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान 28 मई की देर रात मोपका बायपास मोड़ के पास चार युवकों ने उनकी बाइक रोकने की कोशिश की। जब चालक नहीं रुका तो आरोपियों ने बाइक को लात मारकर गिरा दिया और हाथ, मुक्कों व बेल्ट से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर चालक की जेब में रखे 10 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया।

सुकमा में प्रार्थना सभा के दौरान हुआ जमकर बवाल, दो पक्षों में झड़प

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के साडरापाल गांव में प्रार्थना सभा के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गया। इस झड़प में कई लोगों के घायल होने की खबर है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और हालात पर पैनी नजर रखे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार, तोंगपाल थाना क्षेत्र के साडरापाल गांव में एक प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिसमें कई ग्रामीण घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तोंगपाल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायल ग्रामीणों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

रायगढ़/नवप्रदेश। महिला संबंधी अपराधों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान संवेदना के तहत धरमजयगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को एक 29 वर्षीय महिला ने थाना धरमजयगढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम तरेकेला निवासी बनेश्वर राठिया (25 वर्ष) ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद भय और मानसिक तनाव के कारण वह तत्काल शिकायत नहीं कर सकी। बाद में अपने पति को पूरी घटना की जानकारी देने के बाद उसने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक 156/2026 के तहत धारा 64(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने थाना छाल क्षेत्र के ग्राम तरेकेला में दबिश देकर आरोपी बनेश्वर राठिया को हिरासत में लिया।

अवैध कब्जों ने बदली गांवों की तस्वीर, तनाव के साये में जी रहे ग्रामीण, सरकारी जमीन पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण

अवैध कब्जों की जद में बेमेतरा के गांव, सिकुड़ते चारागाह, बंद होते रास्ते और बढ़ता सामाजिक तनाव

■ पशुपालन पर संकट, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक भूमि बचाने की उठने लगी मांग

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण अब गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। चारागाह, तालाब किनारे की भूमि, निस्तारी जमीन और सार्वजनिक रास्तों पर लगातार हो रहे कब्जों ने गांवों की पारंपरिक व्यवस्था को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में यह समस्या सामाजिक तनाव और आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन सकती है।

ग्रामीणों के अनुसार गांवों की सामुदायिक भूमि पर वर्षों से धीरे-धीरे अतिक्रमण होता रहा, लेकिन शुरुआती दौर में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण अब स्थिति जटिल होती जा रही है। कई गांवों में खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते संकरे हो गए हैं या विवादों में घिर गए हैं, जबकि सार्वजनिक उपयोग की जमीनें निजी दावों के घेरे में आ चुकी हैं। जो स्थान कभी पूरे गांव की जरूरतों को पूरा करते थे, वे अब विवाद और तनाव के केंद्र बनते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ समय पर कार्रवाई नहीं होने से कब्जाधारियों का मनोबल बढ़ता गया। कई मामलों में अस्थायी कब्जे धीरे-धीरे स्थायी निर्माण में बदल गए, जिससे बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप और अधिक कठिन हो गया। ग्रामीणों का मानना है कि जब छोटी-छोटी शिकायतों को शुरुआती स्तर पर नहीं सुलझाया जाता, तो वही आगे चलकर बड़े विवादों का रूप ले लेती हैं।

चारागाहों पर सबसे बड़ा संकट

अतिक्रमण का सबसे अधिक असर गांवों की चारागाह भूमि पर दिखाई दे रहा है। पशुपालकों का कहना है कि कभी पशुओं के लिए पर्याप्त चराई क्षेत्र उपलब्ध था, लेकिन अब कई स्थानों पर चारागाह या तो बेहद सीमित रह गए हैं या पूरी तरह कब्जों की चपेट में आ चुके हैं। इसका सीधा असर पशुपालन पर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पशुओं के लिए चारे और चराई की व्यवस्था करना पहले की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो गया है। कई परिवारों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो पशुपालन आर्थिक रूप से लाभकारी व्यवसाय नहीं रह जाएगा। इससे न केवल ग्रामीणों की आय प्रभावित होगी, बल्कि दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

तालाब, निस्तारी भूमि और रास्ते भी प्रभावित

ग्रामीण बताते हैं कि समस्या केवल चारागाह तक सीमित नहीं है। कई गांवों में तालाबों के आसपास की भूमि, निस्तारी क्षेत्र और सार्वजनिक रास्ते भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। इसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई बार वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। भूमि सीमांकन और उपयोग को लेकर विवाद भी बढ़ रहे हैं। कभी खेत तक पहुंचने के रास्ते को लेकर मतभेद सामने आते हैं तो कभी सामुदायिक भूमि के उपयोग को लेकर विवाद खड़े हो जाते हैं। इससे गांवों में तनाव का माहौल बना रहता है और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही है।

कार्रवाई में देरी से बढ़ रही नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों के बावजूद कई मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया लंबी और धीमी रहती है। वर्षों तक विवाद लंबित रहने से लोगों का भरोसा व्यवस्था पर कमजोर पड़ने लगा है। कुछ मामलों में तो कब्जों को बाद में वैध कराने की कोशिशें भी सामने आती हैं, जिससे आम नागरिकों में निराशा बढ़ती है।

सार्वजनिक रास्तों के सीमांकन की जरूरत, विवाद भी सुलझेंगे

ग्रामीणों ने प्रशासन, राजस्व विभाग और पंचायतों से संयुक्त अभियान चलाकर चारागाह, तालाब, निस्तारी भूमि और सार्वजनिक रास्तों का सीमांकन कराने तथा उन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल जमीन बचाने का मामला नहीं, बल्कि गांवों की पहचान, सामाजिक संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का प्रश्न है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए तो गांवों की सामुदायिक संपत्तियां फिर से अपने मूल स्वरूप में लौट सकेंगी और बढ़ते विवादों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

अतिक्रमण एक ऐसा रोग बन चुका है, जो धीरे-धीरे घाव की तरह बढ़ रहा है। समय के साथ अतिक्रमण करने वालों को न सिर्फ खुला बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि उनका हौसला भी लगातार बढ़ता जा रहा है। कब्जा हटाने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई जरूरी है।

- संतबाई अगरदास डेहरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष, बेमेतरा

अतिक्रमण गांवों के सामने एक बड़ी चुनौती है। अतिक्रमणकारियों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है। शासकीय भूमि, चारागाह, निस्तारी भूमि तथा सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर बढ़ते कब्जों के कारण गांवों में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। कई मामलों में ग्रामीण आपसी टकराव की स्थिति में पहुंच जाते हैं।

- काशी बांधे, सरपंच, ग्राम पंचायत बाराडेरा

अतिक्रमणकारियों ने केवल सरकारी भूमि पर ही नहीं, बल्कि निस्तारी भूमि और खेतों तक जाने वाले रास्तों पर भी कब्जा जमा लिया है, जिससे रास्ते बंद हो रहे हैं। स्थिति इतनी उलझी हुई है कि अब लोगों को खेती के लिए जाने में भी दिक्कत हो रही है।

- संतोषी पुरेना, सरपंच, ग्राम पंचायत अतरगढ़ी, तहसील बेरला

जाति प्रमाण-पत्र मामलों की सुनवाई में तेजी 11 प्रकरणों में आदेश जारी करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरटीआई) के सभाकक्ष में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जाति प्रमाण-पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से जुड़े कुल 19 प्रकरणों की समीक्षा और सुनवाई की गई।

बैठक में सुनवाई के लिए रखे गए 7 प्रकरणों में से 4 मामलों की सुनवाई पूर्ण होने पर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं 2 प्रकरणों में संबंधित पक्षों को पुनः अवसर प्रदान किया गया, जबकि एक मामले में विजिलेंस टीम को दोबारा सोशल स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत 12 प्रकरणों में से 7 मामलों में आदेश जारी करने का निर्णय लिया गया। इनमें 2 प्रकरणों का निपटारा गुण-दोष के आधार पर तथा 5 मामलों में सकारात्मक विजिलेंस रिपोर्ट के आधार पर किया गया। शेष 4 मामलों में सुनवाई के लिए अवसर देने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनजाति आयोग से प्राप्त 55 बैगा समुदाय से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी चर्चा हुई। समिति ने गौरेला-पैण्ड्रा-मरवाही और मस्तूरी क्षेत्र के अधिकारियों तथा विजिलेंस सेल की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित जिलों में अभिलेखों, वंशावली और सामाजिक प्रस्थिति की गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। समिति ने दो प्रकरणों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्षकारों को सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया। अधिकारियों ने इसे पारदर्शी, सुलभ और न्यायसंगत प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

पेंड्रा सराफा व्यापारी की हत्या मामले में मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

■ गोली मारने वाले बिहार-झारखंड के 3 शूटर फरार, कट्टा-कारतूस और लूटे गए जेवरात बरामद

पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में सर्राफा व्यापारी प्रदीप सोनी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मास्टरमाइंड सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि घटना को अंजाम देने वाले बिहार-झारखंड के 3 शूटर अभी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, इस वारदात का मास्टरमाइंड बिलासपुर जिले के बिटकुला गांव का रहने वाला खुशीराम साहू है। उसने बाजार में सोना-चांदी व्यापारियों की रेकी कर पूरी साजिश रची थी। इस काम में उसके भतीजे राजाराम साहू ने भी मदद की।

खुशीराम ने बिहार और झारखंड में अपने परिचित राहुल के जरिए शूटर बुलाए थे। राहुल अपने साथी संजय और राजू के साथ बिहार से आया और सभी ने मिलकर लूट और हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

घटना के बाद आरोपी देवरीखुर्द स्थित गया प्रसाद रजक के घर पहुंचे, जहां लूटे गए सोने-चांदी के आभूषणों का बंटवारा किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर खुशीराम साहू, राजाराम साहू और गया प्रसाद रजक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, लूटे गए आभूषण और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं, फरार शूटर राहुल, संजय और राजू की तलाश जारी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को दूसरे राज्यों में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार (26 मई) शाम करीब 7 बजे 3 आरोपी एक पल्सर पर सवार होकर आए थे। बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी प्रदीप सोनी को बेहद करीब से गोली मारी थी। दाहिने तरफ सीने में गोली लगी थी। सूचना मिलते ही कोटमी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

हसदेव में जंगल कटाई के विरोध में कांग्रेस, आदिवासी सलाहकार समिति करेगी मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई को लेकर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा केते एक्सटेंशन ओपनकास्ट कोल ब्लॉक परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद कांग्रेस ने इस मुद्दे पर बड़े आंदोलन के संकेत दिए हैं। पार्टी की आदिवासी सलाहकार समिति जल्द ही इस विषय पर बैठक कर आगे की रणनीति तय करेगी।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, आदिवासी सलाहकार समिति की बैठक में वरिष्ठ आदिवासी नेताओं और जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी की जाएगी। समिति की अनुशंसाओं के आधार पर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की एक विस्तृत बैठक आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा और विरोध कार्यक्रमों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पार्टी इस मुद्दे को जनहित, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय मान रही है।

जानकारी के अनुसार, हसदेव अरण्य क्षेत्र में प्रस्तावित केते एक्सटेंशन कोल परियोजना के लिए लगभग 1742 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित होगा। विभिन्न पर्यावरण समूहों और स्थानीय संगठनों ने भी इस निर्णय का विरोध शुरू कर दिया है। कुछ संस्थाएं न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं। कांग्रेस का कहना है कि वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर हसदेव क्षेत्र में नई खदानों को अनुमति नहीं देने और जंगलों की कटाई रोकने की मांग केंद्र सरकार से की थी। पार्टी अब सवाल उठा रही है कि विधानसभा के सर्वसम्मत प्रस्ताव को किस आधार पर नजरअंदाज किया गया।

सिंहदेव ने उठाए सवाल

पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि हसदेव का मुद्दा केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि जल, जंगल और जमीन से जुड़े व्यापक सवालों का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को लेकर गंभीर चिंताएं हैं और इस विषय पर व्यापक जनजागरण की आवश्यकता है।

कांग्रेस ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग ने राज्य सरकार से स्पष्ट रुख बताने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि हसदेव अरण्य क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां खनन गतिविधियों को लेकर स्थानीय आदिवासी समुदाय लंबे समय से विरोध दर्ज करा रहे हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पर्यावरण और स्थानीय हितों की अनदेखी की जा रही है। वहीं, इस मुद्दे पर राज्य सरकार और संबंधित पक्षों की ओर से भी अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में कांग्रेस की प्रस्तावित बैठकों और संभावित आंदोलन की रणनीति पर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की नजरें टिकी रहेंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com